RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 171
फरीदाबाद, बुधवार, 28 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



विटमिन-डी की कमी से हो सकती है भूलने की बीमारी
पेज - 12

गृह मंत्रालय ने लोकसभा और राज्यसभा से 6 महीने और मांगे

# सीएए लागू करने के लिए सरकार को चाहिए वक्त

एजेंसी। नई दिल्ली

2019 में संसद से पास होकर कानून बन चुके सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) को लागू करने में अभी करीब छह महीने का वक्त और लगेगा। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के सवाल के जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को संसद में कहा कि गृह मंत्रालय को कानून को लागू करने के नियम बनाने के लिए 9 जनवरी 2022 तक का समय चाहिए। राज्यसभा और लोकसभा इसके लिए और समय दें। पिछले साल देश में सीएए कानून बना तो देशभर में इसका विरोध हुआ। दिल्ली का शाहीन बाग इलाका इस कानून के विरोध से जुड़े आंदोलन का केंद्र बिंदु था। कानून में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई धर्म के प्रवासियों के लिए नागरिकता कानून के नियम आसान बनाए गए। इससे पहले नागरिकता के लिए 11 साल भारत में रहना जरूरी था, इस समय को घटाकर 1 से 6 साल कर दिया गया।

11 दिसंबर 2019 को राज्यसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 (सीएए) के पक्ष में 125 और खिलाफ में 99 वोट पड़े थे। अगले दिन 12 दिसंबर 2019 को इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई। देशभर में भारी विरोध के बीच बिल दोनों सदनों से पास होने के बाद कानून की शक्ल ले चुका था। इसे गृहमंत्री अमित शाह ने 9 दिसंबर को लोकसभा में पेश किया था। 2016 में नागरिकता संशोधन विधेयक 2016 (सीएए) पेश किया गया था। इसमें 1955 के कानून में कुछ बदलाव किया जाना था। ये बदलाव थे, भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए गैर मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देना। 12 अगस्त 2016 को इसे संयुक्त संसदीय कमेटी के पास भेजा गया। कमेटी ने 7 जनवरी 2019 को रिपोर्ट सौंपी थी।

**गृह राज्य मंत्री राय ने कहा, नियम बनाने के लिए नौ जनवरी तक का समय दें**



नित्यानंद राय, गृह राज्य मंत्री

### लोस में आने से पहले ही विवाद में था यह बिल

संसदीय प्रक्रिया का एक नियम है कि अगर कोई विधेयक लोकसभा में पास हो जाता है और राज्यसभा में पास नहीं होता है और इसी बीच अगर लोकसभा कार्यकाल खत्म हो जाता है, तो विधेयक प्रभाव में नहीं रहता है। इसे फिर से दोनों सदनों में पास कराना जरूरी होता है। इस वजह से इस कानून को 2019 में फिर से लोकसभा और राज्यसभा में पास कराना पड़ा। लोकसभा में आने से पहले ही ये बिल विवाद में था, लेकिन जब ये कानून बन गया तो उसके बाद इसका विरोध और तेज हो गया। दिल्ली के कई इलाकों में प्रदर्शन हुए। 23 फरवरी 2020 की रात जाफराबाद मेट्रो स्टेशन पर भीड़ के इकट्ठा होने के बाद भड़की हिंसा, दंगों में तब्दील हो गई। दिल्ली के करीब 15 इलाकों में दंगे भड़के। कई लोगों की हत्या हुई, कई लोगों को चाकू-तलवार जैसे धारदार हथियारों से हमला कर मार दिया गया। इन दंगों में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। सैकड़ों घायल हुए थी।

# कुंद्रा ने पांच महीने में एप से कमाए 1.17 करोड़: पुलिस

एजेंसी। मुंबई



**मुंबई** पुलिस ने मंगलवार को राज कुंद्रा की हिरासत की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करते हुए कोर्ट में कहा, कुंद्रा ने अश्लील फिल्मों के निर्माण और उनके ऑनलाइन वितरण से पिछले साल अगस्त और दिसंबर के बीच कम से कम 1.17 करोड़ रुपये अर्जित किए।

मजिस्ट्रेट की अदालत ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति 45 वर्षीय कुंद्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बीच बंबई हाईकोर्ट ने उन्हें तत्काल कोई राहत देने से इनकार कर दिया। पुलिस की रिमांड याचिका में कहा गया, मामले में एक अन्य आरोपी रायन थोर्प ने पूछताछ में खुलासा किया है कि हॉटशॉट्स (ऑनलाइन एप जिसके जरिए कथित अश्लील सामग्री उपलब्ध कराई जाती थी) के जरिए अगस्त 2020 और दिसंबर 2020 के बीच 1,17,64,886 रुपये (1,58,057 अमेरिकी डॉलर) अर्जित किए गए। पुलिस ने कहा, यह पैसा एप्पल स्टोर पर उपलब्ध एप के जरिए कमाया गया और पुलिस ने गूगल से भी जानकारी मांगी है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,578 | ▼ | 273 |
| निफ्टी | 15,746 | ▼ | 78 |
| सोना | 46,505 | ▼ | 123 /10 gm |
| चांदी | 65,710 | ▼ | 206/ kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 30.02°C
न्यूनतम 26.01°C

## क्विक न्यूज

### भूस्खलन की चपेट में आई कार, छत तोड़कर निकाला



**नूरपुर (कांगड़ा)।** पठानकोट-मंडी एनएच पर न्याजपुर के पास एक कार अचानक भूस्खलन की चपेट में आ गई। घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। भारी-भरकम चट्टानों के बीच फंसे चालक को काफी मशक्कत के बाद कार की छत को तोड़ कर निकाला गया। चालक की एक टांग फ्रैक्चर होने की पुष्टि हुई है। उसे टांडा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।

### धोलावीरा यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** गुजरात में हड़प्पा काल के शहर धोलावीरा को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के संगठन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तेलंगाना के वारंगल में पालमपेट स्थित रामप्पा मंदिर के बाद इस महीने विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया भारत का यह दूसरा स्थल है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने ट्वीट किया, धोलावीरा : भारत में, हड़प्पाकालीन शहर को विश्व धरोहर सूची में अभी-अभी शामिल किया गया। बधाई हो।

### ऑनलाइन ऋण देने वाले एप ज्यादा ब्याज नहीं ले सकते

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मोबाइल एप के जरिए अल्पावधि के पर्सनल लोन देने वाले ऑनलाइन ऋण प्रदाता मंचों को अत्यधिक ब्याज और प्रोसेसिंग शुल्क लेने की इजाजत नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से इस मामले को देखने को कहा है। होईकोर्ट ने कहा कि इस मामले को विशेषज्ञ निकाय द्वारा देखे जाने की जरूरत है। अदालत ने उम्मीद जताई की इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख 27 जनवरी तक केंद्र और आरबीआई किसी समाधान के साथ आएंगे।

### ममता ने बंगाल की आबादी के हिसाब से वैक्सीन मांगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलीं। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम ममता ने कहा कि मैंने कोरोना के मुद्दे पर उनसे बात की। मैंने प्रधानमंत्री मोदी से कहा, बंगाल को दी जाने वाली वैक्सीन की संख्या बढ़ाई जाए। हमें आबादी के हिसाब से वैक्सीन मिले। बंगाल को आबादी के हिसाब से दूसरे राज्यों के मुकाबले बहुत कम वैक्सीन मिली हैं।

बच्चों के कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर राहत की खबर

# अगले माह शुरू हो सकता है बच्चों का वैक्सीनेशन


## एक्सपर्ट ने कहा, कोरोना की तीसरी लहर की चेतावनी के बीच यह अहम

एजेंसी। नई दिल्ली

**बच्चों** के कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर अच्छी खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि बच्चों का टीकाकरण अगस्त में शुरू किया जा सकता है। मांडविया ने यह बात मंगलवार को संसद में हुई भाजपा की पार्लियामेंट्री बैठक में कही है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। एक्सपर्ट का कहना है कि कोरोना की चेन तोड़ने के लिए बच्चों को वैक्सीनेट करना एक बड़ा कदम होगा। साथ ही कहा कि कोरोना की तीसरी लहर की चेतावनी के बीच स्कूल खोलने के लिए भी यह अहम होगा।

इससे पहले एम्स के चीफ डॉ. रणदीप गुलेरिया ने बच्चों की वैक्सीन को सितंबर तक मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई थी। उन्होंने कहा था कि भारत बायोटेक की कोवैक्सिन और जायडस कैडिला की वैक्सीन के बच्चों पर ट्रायल चल रहे हैं। इनमें से कोवैक्सिन की ट्रायल के नतीजे सितंबर तक आने की उम्मीद है। गुलेरिया ने कहा था कि जायडस कैडिला ने ट्रायल पूरे कर लिए हैं और इमरजेंसी ऑथराइजेशन का इंतजार है। वहीं बच्चों के लिए फाइजर की वैक्सीन को अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने पहले ही अप्रूव कर दिया है। ऐसे में उम्मीद है कि सितंबर से हम बच्चों को वैक्सीन लगाना शुरू कर देंगे। भारत जैसे घनी आबादी वाले देश में बच्चों का वैक्सीनेशन जल्द से जल्द होना जरूरी है। इसे बेहतर तरीके से समझने के लिए हमारे सामने महाराष्ट्र का उदाहरण है। मुंबई में कोरोना की पहली लहर के मुकाबले दूसरी लहर में बच्चों में संक्रमण बढ़ा है। अब तीसरी लहर में भी देशभर में बच्चों के ज्यादा संक्रमित होने की आशंका जताई जा रही है। देश में अब तक वैक्सीन की 42 करोड़ डोज लगाई गई हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इस साल के अंत तक सभी युवाओं को वैक्सीन लगा दी जाए। हालांकि, तीसरी लहर के बीच अभी यह तय नहीं है कि बच्चों के लिए कौन सी वैक्सीन चुनी जाएगी।





### बंगाल में अनाथ हुए सभी बच्चों को मिले योजना का लाभ : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को निर्देश दिया है कि राज्य में कोविड-19 के कारण अनाथ हुए सभी बच्चों को पीएम केयर्स फंड से घोषित योजना जैसी कल्याण योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिर्फ महामारी में अनाथ हुए बच्चों को ही इन योजनाओं का लाभ न मिले, बल्कि इनमें उन सभी बच्चों को लाभ दें, जो कोविड-19 के दौरान अनाथ हुए हैं। बंगाल सरकार द्वारा पेश आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 के दौरान सिर्फ 27 बच्चे ही अनाथ हुए हैं, कोर्ट ने इसे अविश्वसनीय बताया। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया कि वे ऐसे बच्चों के बारे में जल्द आवश्यक जानकारी जुटाएं और संबंधित वेब पोर्टल पर जल्द से जल्द डाटा को अपलोड करें।

# कुरुक्षेत्र में कट मारकर ओवरटेक करते रोडवेज की बस पलटी

**अंबाला-हिसार रोड पर हुए हादसे में 20 लोग घायल**

**बारिश हो रही थी और ड्राइवर बस बहुत तेज दौड़ा रहा था**

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जिले** में मंगलवार सुबह हरियाणा रोडवेज की एक बस पलट गई। हादसे में करीब 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं, हालांकि उन्हें मामूली चोटें आई हैं। ग्रामीणों और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान चलाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों को पिहोवा के सरस्वती मिशन अस्पताल, सामान्य अस्पताल, इस्माइलाबाद के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया।

हादसा अंबाला-हिसार रोड पर मलिकपुरा के पास हुआ। बस भिवानी से चंडीगढ़ जा रही थी कि ओवरटेक करते समय इस्माइलाबाद मलिकपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। घायल प्राथमिक इलाज कराकर अपने गंतव्य पर चले गए। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी थी। जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। अब इस्माइलाबाद पुलिस हादसे की जांच करने में जुटी है। सवारियों का कहना है कि एक तो बारिश हो रही थी, ऊपर से बस स्पीड पर थी। कंडक्टर कह रहा है कि ओवरटेक करते हुए बस पलट गई। पिहोवा से बस में चढ़े राजेश ने बताया कि सामने एक तरफ टैंपू था और उससे आगे ट्रैक्टर जा रहा था। चालक ने ओवरटेक करते हुए एकदम कट मारा और बस असंतुलित होकर सड़क से नीचे उतर गई। गहराई ज्यादा होने के कारण बस पलट गई।



### जींद में ट्रक से टकराई बाइक, चार की मौत

**जींद।** कस्बा सफीदों में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। इनमें 3 यूपी के मुजफ्फरनगर और शामली के रहने वाले थे, वहीं एक स्थानीय निवासी था। हादसा सुबह करीब पौने 9 बजे उस वक्त हुआ, जब एक हैचरी पर काम करने वाले ये चारों युवक काम पर जा रहे थे। रास्ते में कस्बे के गवर्नमेंट कॉलेज के पास इनकी बाइक की एक ट्रक से टक्कर हो गई। एक तो ओवरराइडिंग और ऊपर से इनमें से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिसके चलते चारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान जेब से मिले कागजात से खेड़ा खेमावती गांव के 37 साल के अशोक के अलावा मुज्जफरनगर (यूपी) के गांव खरड़ निवासी शुभम (18), निरमाना निवासी सुमित (18) और शामली जिले के गांव मतलावली के 21 साल के मनीष के रूप में हुई है। चारों जिले के गांव मल्लार निवासी ठेकेदार सुनील पांचाल के जरिए रणजीत सिंह की हैचरी पर वेल्डिंग और लोहे का दूसरा काम करते थे।

सदर थाना पुलिस पिहोवा के एसआई सतीश कुमार ने बताया कि भिवानी डिपो की बस चंडीगढ़ जा रही थी। कुरुक्षेत्र के मलिकपुरा एरिया में बस पलट गई। लोकल लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। केस दर्ज कर लिया गया है और बयान भी दर्ज हो गए हैं। हरियाणा सरकार ने 500 से ज्यादा बसों को किलोमीटर स्कीम के तहत हायर किया था। इनमें सरकार द्वारा कंडक्टर मुहैया करवाया गया है। इसके अलावा अन्य सभी प्रबंध बस मालिक ने खुद करने होते हैं। नाम न छापने की शर्त पर रोडवेज विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बस मालिक इन बसों में 10-12 हजार रुपये में चालकों को रखते हैं। जब से सरकार के साथ ये अनुबंध हुआ है, तब से अब तक प्रदेश की बसों के करीब 11 हादसे हुए हैं। इनमें केवल दो ही सरकारी बसों के हैं, बाकि 9 किमी स्कीम के बसों के हादसे हैं।

### आईएमएफ ने 2020-21 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाया

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत का जीडीपी ग्रोथ 3 फीसद घटाकर 9.5 फीसद कर दिया है, जो पहले 12.5 फीसद था। आईएमएफ ने मंगलवार को वर्ल्ड इकोनॉमी आउटलुक की ताजा रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा कि मार्च से मई के दौरान कोरोना की दूसरी लहर के चलते भारत की ग्रोथ पर असर पड़ेगा। आईएमएफ का जीडीपी पर यह अनुमान रिजर्व बैंक के अनुमान के बराबर ही है, जो 9.5 फीसद है।

## कर्नाटक ताजपोशी: बोम्मई राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे, आज लेंगे पद की शपथ

एजेंसी। नई दिल्ली

**कर्नाटक** में बीएस येदियुरप्पा के इस्तीफे के बाद खाली हुई सीट पर अब बरबराज बोम्मई बैठेंगे। शाम सात बजे विधायक दल की बैठक में बोम्मई के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जानकारी के मुताबिक, बोम्मई बुधवार दोपहर को 3 बजकर 20 मिनट पर पद की शपथ लेंगे।



28 जनवरी 1960 को जन्मे बसवराज सोमप्पा बोम्मई कर्नाटक के गृह, कानून, संसदीय मामलों के मंत्री हैं। उनके पिता एस आर बोम्मई भी राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट बसवराज ने जनता दल के साथ राजनीति की शुरुआत की थी। वे धारवाड़ से दो बार 1998 और 2004 में कर्नाटक विधान परिषद के लिए चुने गए। इसके बाद वे जनता दल छोड़कर 2008 में भाजपा में शामिल हो गए। इसी साल हावेरी जिले के शिगगांव से विधायक चुने गए। इंजीनियर और खेती से जुड़े होने के नाते बसवराज को कर्नाटक के सिंचाई मामलों का जानकार माना जाता है। राज्य में कई सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू करने की वजह से उनकी तारीफ होती है। उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र में भारत की पहली 100 फीसद पाइप सिंचाई परियोजना लागू करने का श्रेय भी दिया जाता है।

### पंजाब-हरियाणा में अगले 48 घंटे में भारी बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को कहा कि अगले 48 से 72 घंटों के दौरान पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के क्षेत्रीय केंद्र ने दोनों राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है।

मौसम विभाग ने एमपी के श्योपुर कलां, मुरैना, भिंड, दतिया, गुना, ग्वालियर, शिवपुरी और अशोकनगर जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। इसके अलावा, अपने मौसम बुलेटिन में, आईएमडी ने अगले 24 घंटों के लिए राज्य के 10 जिलों के लिए मध्यम से भारी बारिश के साथ-साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### 2018 और 2019 में देश में 43.34 करोड़ मूल्य की जाली मुद्रा जब्त हुई

**नई दिल्ली।** देश में 2018 और 2019 में कुल 43.34 करोड़ रुपये मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा जब्त की गई है। लोकसभा में हिबी इडेन के प्रश्न के लिखित उत्तर में गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि वर्ष 2018 में 2.57 लाख जाली भारतीय नोट जब्त किए गए, जबकि 2019 में 2.87 लाख जाली भारतीय नोट जब्त किए गए। सरकार द्वारा निचले सदन में रखे गए आंकड़े के अनुसार, वर्ष 2018 में 17.95 करोड़ रुपये की जाली भारतीय मुद्रा जब्त की गई और वर्ष 2019 में 25.39 करोड़ रुपये मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा जब्त की गई। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में राय ने बताया, एनआईए ने पिछले दो वर्षों के दौरान जाली मुद्रा से संबंधित 22 मामले दर्ज किए।

अखिलेश को मिला शरद पवार का साथ

## यूपी चुनाव 2022 : सपा के साथ गठबंधन करेगी एनसीपी

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर एनसीपी चुनावी मैदान में कूदेगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महासचिव केके शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने मंगलवार को यह बात कही। लखनऊ प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए केके शर्मा ने कहा कि यूपी का हाल बुरा है। इसे सुधारना होगा। यहां समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर हम चुनाव लड़ेंगे।

इस बाबत सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भी बात हो गई है और अब केवल सीटों का चयन होना है। उन्होंने कहा कि पार्टी सुप्रीमो शरद पवार ने साफ कहा है कि यूपी में एनसीपी को युवाओं, किसानों और महिलाओं की आवाज उठानी होगी क्योंकि वहां भाजपा सरकार लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर रही है, जो भी आवाज उठा रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उसकी आवाज को दबाया जा रहा है। यूपी में धर्म परिवर्तन कानून पर उन्होंने कहा कि जबरन धर्म परिवर्तन करना गलत है, लेकिन यदि इच्छा से कोई धर्म परिवर्तन कर रहा है तो इसमें किसी को क्या आपत्ति है।

# केंद्र सरकार के खिलाफ तीसरे मोर्चे का करेंगे गठन: चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला ने एक बार फिर से देश की राजनीति में तीसरे मोर्चे की संभावनाओं को बढ़ावा देते हुए कहा है कि केंद्र सरकार के खिलाफ तीसरे मोर्चे का गठन बेहद जरूरी है। मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में चौटाला ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से देश का हर वर्ग परेशान है। किसान, कर्मचारी, व्यापारी, उद्योगपति, महिलाएं केंद्र की नीतियों से तंग हैं। इसलिए आज सबसे बड़ी आवश्यकता मौजूदा शासन का पतन कैसे किया जाए। इसके लिए उनका प्रयास ये होगा कि वो एक मजबूत तीसरा मोर्चा बनाएंगे।



इनेलो सुप्रीमो ने कहा कि वह राष्ट्रीय स्तर पर सभी विपक्षी पार्टियों के नेताओं से संपर्क स्थापित करेंगे और इस भ्रष्ट केंद्र सरकार के खिलाफ एक मजबूत तीसरे मोर्चे का गठन करेंगे। 25 सितंबर को देवी लाल का जन्म-दिवस है और वो उस जन्म-दिवस से पहले हर प्रदेश में जाएंगे और सभी राजनैतिक विपक्षी पार्टियों के लोगों से संपर्क स्थापित करेंगे। भाजपा के कुशासन का अंत करने के लिए तीसरे मोर्चे के गठन की घोषणा भी 25 सितंबर को की जाएगी। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वो भाजपा-गठबंधन सरकार को अत्यंत भ्रष्ट मानते हैं। इस सरकार ने समूचे प्रदेश के हर वर्ग और हर जात के लोगों को बेरोजगार कर दिया है। आज प्रदेश की अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि 2005 में जब उनकी सरकार गई थी ,तो दो हजार करोड़ रुपये खजाने में छोड़कर गए थे, आज प्रदेश पर भाजपा-गठबंधन सरकार ने लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लाद दिया है। आज हालत यह है कि कर्मचारियों को तनख्वाह देने के लिए भी हर महीने कर्ज लेना पड़ता है।

**सभी विपक्षी पार्टियों से संपर्क स्थापित करेंगे**

**25 सितंबर को होगा तीसरे मोर्चे के गठन का ऐलान**

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बुधवार, 28 जुलाई, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 30.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- एनएच-एक कोविड-19 सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन: सुबह 10 बजे
- सभी दुकानें खुलेंगी: सुबह 9 बजे
- रेस्टोरेंट और बार तथा माल्स खुलने का समय: सुबह 10 बजे
- बीके अस्पताल में ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**एलआईसी** निवेश प्लस सिंगल प्रीमियम, नॉन पार्टिसिपेटिंग, यूनिट-लिंक्ड और व्यक्तिगत जीवन बीमा है, जो पॉलिसी की अवधि के दौरान बीमा के साथ निवेश का भी विकल्प देता है। आप इस योजना को ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं। पॉलिसी लेने वाले को बेसिक सम एश्योर्ड चुनने की भी सुविधा है। सम एश्योर्ड के विकल्प सिंगल प्रीमियम के 1.25 गुना या सिंगल प्रीमियम के 10 गुना हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### सैनिक अपना बॉयोडाटा 5 अगस्त तक कराएं जमा

**फरीदाबाद।** जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग द्वारा भूतपूर्व सैनिकों व उनकी विधवाओं को सुविधाओं के लिए पूरा ब्यौरा ई-पोर्टल पर अपलोड करना है। इसलिए सभी अपना बॉयोडाटा ऑलाईन करवाने के लिए 5 अगस्त से पहले-पहले संबंधित कार्यालय में जमा करवाएं। जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण कार्यालय फरीदाबाद से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला फरीदाबाद के भूतपूर्व सैनिक और उनकी विधवाओं का जो वर्ष 2019 से पहले सेवानिवृत हुए है, उनका बॉयोडाटा हरियाणा सरकार द्वारा ऑनलाईन किया जाना है। इसलिए सभी भूतपूर्व सैनिकों व उनकी विधवाओं से अनुरोध है कि निर्धारित प्रफार्मा भरकर आगामी 5 अगस्त से पहले जिला सैनिक कार्यालय में जमा करवाएं अन्यथा प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के लाभ से वंचित रहने पर स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**क्विक न्यूज**

### स्वतंत्रता दिवस की बैठक आज

**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल की अध्यक्षता में 28 जुलाई बुधवार को दोपहर बाद 3 बजे आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्ष और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाने के लिए बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त यशपाल जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौपेंगे।

# अरावली : कांत व खोरी ध्वस्त, अवैध निर्माण पर कार्रवाई कब?

## जिस तेजी से खोरी में तोड़फोड़, उसी गति से अरावली में हो रहे अवैध निर्माण

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**अरावली** पर्वत को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से लगातार सख्त रुख अपनाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के सामने अमीरी और गरीबी कोई मायने नहीं रखती। इसी वजह से सुप्रीम के आदेश पर पहले हाईप्रोफाइल लोगों के बसाए गए कांत एन्कलेव में तोड़फोड़ की गई थी। अब भूमाफिया द्वारा गरीब और मजदूर तबके के लिए बसाई गई खोरी बस्ती में तोड़फोड़ की जा रही है। अब 23 तारीख को खोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर अरावली के जंगलों से खोरी के साथ साथ अन्य सभी अवैध निर्माण हटाने के स्पष्ट आदेश दिये हैं, लेकिन अब देखना यह है कि नगर निगम और जिला प्रशासन अरावली पर बने फार्म हाउस, शिक्षण एवं व्यवसायिक संस्थान और अन्य अवैध निर्माणों को हटाने के लिए क्या रणनीति बनाता है। गतवर्ष एनजीटी ने भी प्रशासन को अरावली पर बने सभी अवैध निर्माणों को हटाने के आदेश दिये थे। एनजीटी ने छह महीने का समय देते हुए 31 जनवरी 2021 तक रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिये थे, लेकिन वन विभाग ने अंतिम तारीख से दो दिन पहले मात्र दो अवैध फार्म हाउसों की चारदीवारी तोड़ कर अपना कर्तव्य पूरा कर दिया था। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन जितनी तेजी से खोरी में मकानों को तोड़ रहा है। उतनी ही तेजी से अरावली के अन्य हिस्सों में अवैध निर्माण हो रहे हैं।





### लगातार जारी है अवैध निर्माण

**अरावली** की पहाड़ियों पर स्थित जंगल की जमीन पर बसी खोरी बस्ती के हजारों मकानों को तोड़ने का अभियान पिछले कई दिनों से जारी है। अब तक हजारों की संख्या में मकानों को ध्वस्त किया जा चुका है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ अरावली पर चारों तरफ लगातार तेजी के साथ अवैध निर्माण किये जा रहे हैं। आस्था के नाम पर लगातार पर्यावरण के साथ खिलवाड़ किया जा रहा। अरावली पर जगह-जगह धार्मिक स्थल, आश्रम और पशुशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। साथ भारी संख्या में फार्म हाउस, मैरिज गार्डन, शिक्षण संस्थान और व्यवसायिक एवं रिहायशी इमारतों का निर्माण गैरमुमकिन पहाड़ और जंगल की जमीन पर हुआ है। नगर निगम ने करीब दो साल पहले अरावली पर अवैध रूप से बने करीब 140 से ज्यादा फार्म हाउसों की पहचान की थी। जो अब कई गुणा बढ़ गए हैं। एनजीटी का आदेश आने पर अरावली पर बने अवैध निर्माणों को वन विभाग द्वारा नोटिस जारी किये थे, लेकिन कार्रवाई इससे आगे आज तक नहीं बढ़ पाई। जिससे अवैध निर्माण कर्ताओं के हौसले बुलंद हैं।

### पर्यावरण प्रेमियों ने चलाया अभियान



**अरावली** पर्वत पर हो रही अवैध गतिविधियों पर नजर रखने वाले अरावली बचाओ आंदोलन ग्रुप और अन्य पर्यावरण प्रेमियों द्वारा लगातार अरावली के दुर्गम स्थानों की यात्रा की जा रही थी। जिससे अरावली में हो रहे अवैध खनन, निर्माण और पेड़ों की कटाई का खुलासा किया गया था। अवैध गतिविधियों के तथ्य एकत्रित करने के बाद अरावली बचाओ ग्रुप द्वारा 16 जून 2021 को हरियाणा सरकार, फरीदाबाद, गुरुग्राम और नूंह जिला प्रशासन, राजनेताओं और आला अधिकारियों को ईमेल भेज कर इन अवैध गतिविधियों को बंद करवाने और सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के आदेशों का सम्मान करने के लिए अरावली पर बने सभी अवैध निर्माणों को हटाने की मांग की थी। ग्रुप का कहना था कि हरियाणा में वन क्षेत्र 3.6 प्रतिशत है। बढ़ते प्रदूषण और बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को देखते हुए वन क्षेत्र 20 प्रतिशत करने की आवश्यकता है। अरावली में गश्त करने वाले कर्मचारी, चौकी और गाड़ियों की संख्या बढ़ाने व वन विभाग द्वारा खरीदे गए ड्रोन कैमरों से अरावली की निगरानी करने की मांग की है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि खोरी के बाद अब जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को अन्य अवैध निर्माणों को हटाने की रणनीति बना लेनी चाहिए।

### हेल्पलाइन नंबर हो जारी



**अरावली** बचाओं आंदोलन ग्रुप की सदस्य नीलम आहलूवालिया का कहना है कि अरावली पर हो रही अवैध गतिविधियों के कारण पर्यावरण संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है। अरावली पर्वत श्रृंखला जिन जिलों में मौजूद हैं, वहां जिला प्रशासन को एक हेल्पलाइन नंबर जारी करना चाहिए। ताकि अवैध निर्माण, अतिक्रमण और खनन जैसी गतिविधियां होने पर आम नागरिक सूचना आसानी से दे सकें।

### नहीं होती कार्रवाई

**अरावली** पर जंगल की जमीनों पर लगातार कब्जे कर अवैध निर्माण किये जा रहे हैं। यहां तक कि कुछ समय पहले भूमाफिया ने अरावली पर बने वर्षो पुराने अनंगपुर बांध के आसपास की जमीनों पर भी कब्जे कर निर्माण कर लिये गए थे। वहीं दूसरी तरफ सूरजकुंड रोड पर आए दिन अवैध निर्माणों की संख्या बढ़ती जा रही है। पहले तो नगर निगम अथवा वन विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई की ही नहीं जाती। कभी कभार दिखावे के लिए थोड़ी बहुत कार्रवाई कर दी जाती है। तोड़फोड़ दस्ते के जाते ही फिर अवैध निर्माण शुरू हो जाता है। अनंगपुर बांध पर निगम ने जिन अवैध निर्माणों को तोड़ा था, वह अब फिर से बनकर तैयार हो चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ वन विभाग और नगर निगम द्वारा अरावली पर अवैध कब्जे करने और निर्माण करने वालों के खिलाफ अनेक मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। वहीं अरावली पर अवैध खनन कर पत्थर चोरी करने के भी सैकड़ों मामले दर्ज हो चुके हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर मामलों में कभी भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी वजह से अरावली पर्वत का चीरहरण किया जा रहा है।

# बल्लभगढ़ में कानून व्यवस्था का निकल चुका जनाजा: मनोज अग्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** विधानसभा क्षेत्र में बेतहाशा बढ़ती आपराधिक वारदातों पर अपना रोष व्यक्त करते हुए बल्लभगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और हरियाणा कांग्रेस के स्टेट सोशल मीडिया इंचार्ज मनोज अग्रवाल ने कहा की बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है।

अपराधी एवं असामाजिक तत्व सरेआम बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं लेकिन भाजपा-जजपा की यह सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। हालात इस कदर भयावह हो चले हैं कि बल्लभगढ़ के मुख्य बाजार में खुलेआम लूट की कोशिश की जाती है और फिर बदमाश फायर करने के बाद बड़े ही आराम से फरार भी हो जाते हैं। शासन और प्रशासन के इस ढुलमुल रवैये के मद्देनजर सवाल यह उठता है कि क्या बल्लभगढ़ बाजार में आने वाले खरीदारों और दुकानदारों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ी जा चुकी है? बेखौफ घूमने वाले इन अपराधियों को आखिर किसका शह प्राप्त है? लचर कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? दिनदहाड़े होती लूटमार की वारदातों के कारण आम जनता के साथ ही व्यापारी वर्ग भी डर के साए में जीने को मजबूर है।



सरकार यह भलीभांति जानती है की बल्लभगढ़ का बाजार फरीदाबाद के मुख्य बाजारों में शुमार है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग बल्लभगढ़ बाजार में खरीदारी के लिए आते हैं, जिनमें बच्चों और महिलाओं की संख्या भी काफी अधिक होती है। इन सब के बीच सरकार की तरफ से बल्लभगढ़ बाजार में नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम का न होना बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण और चिंतनीय है।

बल्लभगढ़ में बीते चार दिनों में लुटपाट और गोली चलने की चार बड़ी घटनाओं ने भाजपा-जजपा सरकार की कार्यप्रणाली और प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर गहरे सवालिया निशान खड़े किए हैं। कानून व्यवस्था की लचर हालत का आलम यह है की गोली चलने के बावजूद दुकानदारों और व्यापारियों की शिकायत तक दर्ज करने में पुलिस आनाकानी करती है। बल्लभगढ़ का यह दुर्भाग्य ही है की सरेआम होती घटनाओं के बाद प्राथमिकी दर्ज करवाने के लिए कैबिनेट मंत्री को हस्तक्षेप करना पड़ता है, जिसके बाद भी पुलिस मामला दर्ज करने के नाम पर मामूली धाराएं लगाकर सिर्फ खानापूर्ति करने पर लगी रहती है। क्या पुलिस- प्रशासन की ऐसी कार्यप्रणाली से अपराधियों के हौसले बुलंद नहीं होंगे? कानून के रक्षकों पर आखिर किसका दबाव रहता है? आज अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वह पुलिस को धता बताकर वारदात को अंजाम देकर खुले आम घूम रहे हैं।

# शत प्रतिशत रहा आदर्श संस्कृति विद्यालय का परीक्षा परिणाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजकीय** आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 के बारहवीं कक्षा के सभी छात्रों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। सभी छात्र 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे। जबकि विज्ञान संकाय में कुल 81 घोषित परिणाम में से 60 विद्यार्थियों के प्राप्तांक 90 प्रतिशत से भी अधिक रहे।

सीबीएसई बोर्ड से आए विद्यार्थियों में से नौ विद्यार्थियों का परिणाम किन्हीं अज्ञात कारणों से विलंबित दर्शाया है। जबकि वाणिज्य संकाय में 37 विद्यार्थियों में से 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक व



सभी ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 90 विद्यार्थी विज्ञान संकाय में जबकि 37 विद्यार्थी कॉमर्स संकाय में अध्यनरत थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत ने सभी विद्यार्थियों के साथ अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए खुशी मनाई व विद्यार्थियों का मीठा मुंह करा कर अभिनंदन किया। इस विद्यालय के स्टार विद्यार्थी चंदन प्रजापति जो कि दो वर्ष पूर्व दसवीं में जिले में प्रथम व हरियाणा में 11 वें स्थान पर रहे थे, ने अभी भी विज्ञान संकाय से 98 प्रतिशत अंक लेकर अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन को दोहराया है।

# अवसर ऐप पर रोज बच्चों की उपस्थिति दर्ज करें : बलबीर कौर

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़

**खंड** शिक्षा अधिकारी बलबीर कौर ने सभी एबीआरसी व बीआरपी के साथ उनके कार्यालय में बैठक आयोजित की। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बैठक में एबीआरसी और बीआरपी को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जिन अध्यापकों की टीचर डायरी कंप्लीट नही है। उसे दैनिक रूप से कंप्लीट करे और अपने प्रिंसीपल से हस्ताक्षर अवश्य करवाएं। इसमें लैशन प्लान भी दर्शाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स/टीचर्स के तापमान का लिखित में रिकॉर्ड रखा जाए जोकि विद्यालय में नहीं मिल रहा है। हर विद्यालय का ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप होना चाहिए उसमें सभी स्टाफ सदस्य एवं एबीआरसी भी जुड़ा होना चाहिए। प्रत्येक कक्षा में सेक्शन वाइज व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए एवं उस पर नियमित रूप से ऑनलाइन कार्य



करवाते रहना है। खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कौर ने कहा कि अवसर ऐप पर हर रोज बच्चों की अटेंडेंस जरूर लगाएं और गूगल मीट के माध्यम से शंका क्लास जरूर ले। विद्यालय में समय पर पहुंचने का दृढ़ता से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि अवसर एप पर बच्चों से हररोज सर्वे जरूर कराएं और इसे गंभीरता से लें। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हमेशा यूनिफॉर्म में ही आए इस बात का खास तौर पर ध्यान रखें।

# हेपेटाइटिस से बचने को समय पर इलाज जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हेपेटाइटिस** से संक्रमण के कारण लिवर में सूजन आ जाती है। जिस वजह से लिवर का काम प्रभावित होता है। लिवर शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह भोजन पचाने के साथ-साथ खून में से टॉक्सिन्स को भी साफ करने में अहम भूमिका निभाता है। इसलिए लोगों को ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।

मेट्रो अस्पताल फरीदाबाद के सीनियर गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. विशाल खुराना ने बताया कि हेपेटाइटिस के प्रति लोगों को जागरूक करने लिए हर वर्ष 28 जुलाई को (विश्व हेपेटाइटिस दिवस) मनाया जाता है। डॉ. खुराना ने बताया कि मेट्रो अस्पताल फरीदाबाद में हर महीने



100 से 125 मरीज हेपेटाइटिस के देखे जाते हैं।

मेट्रो अस्पताल के लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अंकुर गर्ग ने बताया कि हेपेटाइटिस बीमारी से लिवर संक्रमित हो जाता है और लिवर में सूजन की समस्या हो जाती है। कुछ लोगों का लिवर काम करना एकदम बंद कर देता है और गंभीर स्थिति में मौत भी हो जाती है। हेपेटाइटिस भी विषाणु जनित रोग है यानी यह बीमारी भी वायरस के कारण होती है। डॉ. अंकुर गर्ग ने बताया हेपेटाइटिस को ए, बी, सी, डी और ई श्रेणी में रखा जाता है। हेपेटाइटिस बी और सी का संक्रमण शरीर में कई साल तक शांत रहता है। इस वजह से क्रॉनिक हेपेटाइटिस होने का खतरा रहता है। इस स्थिति में मरीज को लिवर फेल होने और कभी-कभी लिवर के कैंसर की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। भारत के तीन से पांच प्रतिशत लोग हेपेटाइटिस बी के संक्रमण से जूझ रहे हैं। अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया जाए तो ये जानलेवा भी साबित हो सकती है।

**हेपेटाइटिस के लक्षण**

- हमेशा थकान महसूस होना
- भूख न लगना और पेट दर्द
- सिर दर्द और चक्कर आना
- यूरिन का पीला होना आदि
- कई दिनों तक तेज बुखार रहना

**इससे बचाव के उपाय**

- ऐल्कोहल, तंबाकू, ड्रग्स के सेवन से बचे।
- समय रहते टीकाकरण करा और तनाव कम ले
- मसालेदार और अधिक तेल वाले खानों का कम सेवन करें।
- तैलीय, मसालेदार, मांसाहारी और भारी खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें।
- हरी पत्तेदार सब्जियां, विटामिन-सी युक्त फल, शाकाहारी आहार, ब्राउन राइस, पपीता, नारियल पानी, सूखे खजूर, किशमिश, बादाम और इलायची का भरपूर सेवन करना चाहिए।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



**नज़रिया**

**दिनेश रघुवंशी, कवि**

ऐ मेरे हमनवां, ऐ यार मेरे, ऐ मेरे हमदम
तिरँगा रो रहा है देखकर नफ़रती मौसम
भला इससे बुरा कुछ और क्या होगा, यही सच है
यहाँ आपस में दुश्मन देश जैसे लड़ रहे हैं हम

# कोविड महामारी में अहम भूमिका निभा रहा टीएचएसटीआई

## स्पुतनिक की सफलता के बाद तीन अन्य वैक्सीनों पर चल रहा है शौध

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोविड-19** महामारी के दौरान टीएचएसटीआई संस्थान (ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौधोगिक संस्थान) लोगों का जीवन बचाने के लिए अहम भूमिका अदा की है। संस्थान द्वारा द्वारा न केबल आरटीपीसीआर सैम्पलों की जांच की जा रही थी बल्कि जांच के लिए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के प्रयोगशाला के स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया गया था।

स्पुतनिक वैक्सीन का सफल ट्रायल के बाद अब इस संस्थान में तीन अन्य वैक्सीनों पर भी शौध किया जा रहा है। अगले तीन चार महीने के भीतर इनका एनिमल ट्रायल शुरू कर दिया



जाएगा। यह जानकारी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद गर्ग ने प्रैसवार्ता के दौरान दी।

प्रेस वार्ता का एजेंडा मीडिया को एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर में मौजूद उच्च स्तरीय सुविधाओं जैसे इम्यूनोलॉजी कोर लैब, बायोसेफ्टी लेवल-3 सुविधा (बीएसएल-3), स्मॉल एनिमल फैसिलिटी (एसएएफ), फेरेट फैसिलिटी, बायो रिपोजिटरी और कार्यालय में कनेक्टिविटी के बारे में जानकारी देना था। इन सुविधाओं का उद्घाटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने टीएचएसटीआई के 12वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान 15 जुलाई 2021 को किया था।

प्रो. प्रमोद गर्ग ने इन सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जिससे एनसीआर में शोधकर्ताओं के लिए बुनियादी और अनुवाद संबंधी अनुसंधान के लिए मूल संरचनागत सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने तपेदिक, इन्फ्लुएंजा, गर्भावस्था समूह, गैर-एल्कोहल फैटी लीवर रोग, आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में टीएचएसटीआई की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और विशेष रूप से कोविड -19 में स्पुतनिक जैसे टीके के विकास में टीएचएसटीआई द्वारा निभाई गई उल्लेखनीय भूमिका और कोविड-19 के 5000 से अधिक नमूनों की बायोलॉजिकल ई की बायोरिपोजिटरी बनाने और एंटीबॉडी किट विकास में किए गए महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया।

प्रो. संजनी भटनागर ने कहा कि टीएचएसटीआई मौजूदा ज्ञान के आधार पर बीमारियों, विकारों के नवाचारी समाधान खोजने पर काम करता है। पिछले बारह वर्षों में टीएचएसटीआई ने जो प्रगति की है, उस पर बोलते हुए, प्रो गर्ग ने कहा कि टीएचएसटीआई ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि टीएचएसटीआई की एनएबीएल मान्यता प्राप्त बायोएसे लैब को सीईपीआई नेटवर्क लैब के एक हिस्से के रूप में मान्यता दी गई है, जो भारत में अपनी तरह की एक ही लैब है। उन्होंने टीएचएसटीआई में अन्य सुविधाओं के बारे में भी संक्षेप में बताया जिनके जरिए अनुसंधान ज्ञान आधार में योगदान दिया जा रहा है।

# सीएम ने पत्रकार के इलाज को भेजी आर्थिक सहायता

## पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे हैं पत्रकार अमरनाथ बागी, मुख्यमंत्री राहत कोष से की गई मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लंबे** समय से बीमार चल रहे शहर के सबसे वरिष्ठ और वयोवृद्ध पत्रकार अमरनाथ बागी की मदद के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल आगे आए हैं। उन्होंने उसके इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता भेजी है। मुख्यमंत्री द्वारा इलाज के लिए समय पर मदद करने के लिए पत्रकार अमरनाथ बागी ने भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया है।

गौरतलब है कि हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संपादक और पिछले



लगभग 70 वर्षों से शहर में पत्रकारिता कर रहे 94 वर्षीय अमरनाथ बागी पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे हैं। चिकित्सकों ने इलाज के लिए उन्हें तुरंत सर्जरी की आवश्यकता बताई है। पूरी उम्र पत्रकारिता व समाज के लिए लगाने वाले अमरनाथ बागी यह पैसे खर्च कर ईलाज करवाने में सक्षम नहीं थे और उन्होंने इसके लिए मदद की मांग की थी। यह सूचना जब मुख्यमंत्री को मिली तो वह तुरंत वयोवृद्ध पत्रकार अमरनाथ बागी की मदद के लिए आगे आए। उन्होंने तुरंत दो लाख रुपये की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से देने के आदेश दिए। सोमवार को यह राशि पत्रकार अमरनाथ बागी के खाते में पहुंच गई।

# तुगलकी फरमान : सिर्फ बीके में वैक्सीनेशन को कोरोना जांच जरूरी

### कुछ जांच करवाने के बाद, तो कुछ वैक्सीन की लाइन में थककर लौट रहे घर

**कविता** । फरीदाबाद

**कोरोना** से बचाव की वैक्सीन लगवाने से पहले कोरोना जांच बीके अस्पताल में कराई जा रही है। जबकि सरकार की तरफ से ऐसे किसी तरह के कोई निर्देश नहीं है। जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बिना जांच के बीके अस्पताल में वैक्सीन न लगाने के निर्देश दिए हैं। जबकि अन्य केंद्रों पर यह नियम लागू नहीं है।



बीके में वैक्सीन से पहले कोरोना जांच को लगी लाइन।



जांच के बाद वैक्सीन लगवाने को लगी लम्बी लाइन।

हालांकि सभी मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है, लेकिन लम्बी लाइनें लोगों को थका और परेशान कर रही है। पहले उन्हें कोरोना जांच को लम्बी लाइन में लगे रहना पड़ता है। इसके बाद वे वैक्सीनेशन सेंटर के बाहर घंटों लाइन में लग रहे हैं। ऐसा ही जिले में देखने को मिल रहा है। मंगलवार को जिले में कुछ ही सेंटरों पर वैक्सीन लगाई गई, लेकिन केन्द्रों पर बरसात के बावजूद लोग लाइनों में खड़े रहे।

#### लोगों की है ये परेशानी

**जिले** में विभिन्न सेंटरों पर वैक्सीन लगाई जा रही है, लेकिन कम संख्या में वैक्सीन होने के कारण कुछ ही वैक्सीन सेंटरों पर डोज पहुंचाई जाती है। ऐसे में लाइन में लगने के बाद भी लोगों का नम्बर आने तक वैक्सीन समाप्त हो जाती है। वहीं दूसरी तरफ बीके अस्पताल में भरपूर वैक्सीन लगाई जा रही है, लेकिन यहां कोरोना जांच के बाद वैक्सीन लगाई जाती है। ऐसे में घंटों लोग कोरोना जांच और वैक्सीनेशन के लिए लम्बी लाइनों में लगे नजर आते हैं।

#### ये है मजबूरी

**जिले** में वैक्सीन की आपूर्ति कम होने से स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन कम किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ निजी कंपनी संचालकों द्वारा वैक्सीन लगवाने के लिए कर्मचारियों पर सख्ती की जा रही है।

वैक्सीनेशन सेंटरों की लाइनों में खड़े लोगों ने खुलासा किया कि वैक्सीन न लगवाने पर उनकी तनख्वाह रोक दी है। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि बिना वैक्सीन के उन्हें कंपनी में एंट्री नहीं दी जा रही है, लेकिन बीके अस्पताल में उन्हें पहले कोरोना जांच के लिए और बाद में वैक्सीन के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि निजी अस्पताल में उनसे पैसे मांगे जा रहे हैं।

# हाई वोल्टेज बिजली के तारों के नीचे आज भी पढ़ रहे बच्चे

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**हरियाणा** अभिभावक एकता मंच ने कहा है कि सरकारी स्कूलों के ऊपर से गुजर रही बिजली के हाई वोल्टेज तारों को हटवाने के आदेश शिक्षा निदेशक पंचकूला द्वारा देने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद ने इस पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की है।

मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा कि शिक्षा निदेशक पंचकूला ने सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ फरीदाबाद के जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश दिया था, कि सरकारी स्कूलों के ऊपर से या स्कूल प्रांगण से जो बिजली के हाई वोल्टेज तार जा रहे हैं। उनको अपने स्तर पर स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करके 30 जून तक हटवाया जाए और इसकी जानकारी शिक्षा निदेशालय को दी जाए। हरियाणा अभिभावक एकता मंच का आरोप है कि इंदिरा नगर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल के ऊपर से और गोच्छी के स्कूल प्रांगण से गुजर रही बिजली की हाई वोल्टेज तारों को अभी भी नहीं हटवाया गया है। इन



तारों के नीचे बने इंदिरा नगर स्कूल के कमरों में देश के भविष्य बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। मंच का कहना है कि शिक्षा विभाग की लापरवाही से मौत के साए में विद्यार्थी पढ़ने को मजबूर हैं।

ऑल इंडिया पैरेंट्स एसोसिएशन आईपा के जिला अध्यक्ष बीएस विरदी एडवोकेट ने कहा है कि इस बारे में कई बार जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा गया है कि इंदिरा नगर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नीचे गहरा गंदा नाला है जिसके ऊपर कमरे बने हुए हैं और कमरों की छत के ऊपर हाई वोल्टेज बिजली के तार गुजर रहे हैं। विद्यार्थियों के जीवन को नीचे भी खतरा है और ऊपर भी। अतः इस स्कूल को किसी अन्य सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया जाए और इस स्कूल के सामने खाली पढ़ी काफी लंबी सरकारी ग्रीनबेल्ट पर सरकारी स्कूल की नई बिल्डिंग बनवाने का प्रयास किया जाए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

कैलाश शर्मा ने कहा है कि ऑल इंडिया पेरेंट एसोसिएशन आईपा द्वारा पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में सरकारी स्कूलों की जर्जर हालत को लेकर दायर की गई एक याचिका में इंदिरा नगर स्कूल के ऊपर गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली के तार, छोटे साइज के बने कमरों, खेल का मैदान ना होने आदि का भी जिक्र किया गया था। जिस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव



शिक्षा डॉ. महावीर सिंह ने हाई कोर्ट को शपथ पत्र देकर बताया था कि जिला शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद को कहा गया है कि जब तक इस स्कूल को चलाने के लिए कोई जगह तलाश कर उस पर स्कूल बिल्डिंग न बन जाए तब तक इस स्कूल को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाए, लेकिन आज तक इस स्कूल को न तो दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है और न ही इसके लिए कोई जगह तलाश की गई है।

# लूट के दौरान नशेड़ियों ने की थी रेहड़ी चालक की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**इंसान** नशे की गलियों से गुजरता हुआ चलते-चलते कब अपराध के दलदल में धंस जाता है उसे इस बात का एहसास तब होता है जब उसकी वजह से किसी को अपनी जान से हाथ धोना पड़े और उसकी सजा भुगतने के लिए उसे सारी उम्र अपने आपको कोसना पड़े। ऐसा ही एक मामला फरीदाबाद में सामने आया है जिसमें क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने एक रेहड़ी चालक की हत्या के जुर्म में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में भोला उर्फ भोलू उर्फ फौजी और आकाश उर्फ बोडिया का नाम शामिल है जो फरीदाबाद के अनखीर गांव के रहने वाले हैं।

पुलिस को दी अपनी शिकायत में मृतक की मां ने बताया कि वह फरीदाबाद के सेक्टर 21 में रहते हैं और उनका बेटा दीपक रेहडी फेरी का काम करता है। 20-21 जुलाई की रात करीब नौ बजे उन्हें सूचना मिली कि दो लोगों ने उनके बेटे दीपक से पैसे छीनने की कोशिश की जिसमें उसे सिर में चोट लगी है और उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस समय दीपक को अस्पताल में भर्ती कराया वह बेहोशी की हालत में था। बाद में इलाज के दौरान दीपक की मृत्यु हो गई।



मृतक दीपक की मां की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या तथा स्नैचिंग की धाराओं के तहत थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने गुप्त सूत्रों के तकनीकी की सहायता से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग डंडा और दीपक से छीने गए 700 रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी आपस में दोस्त हैं और नशा करने के आदी हैं और इसी नशे की आपूर्ति के चलते उन्होंने छीनाझपटी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने बताया कि लॉकडाउन की वजह से कोई भी उन्हें काम पर नहीं रखता था और नशे करने के लिए उन्हें पैसों की जरूरत पड़ती थी जिसके लिए उन्होंने रेहड़ीचालक दीपक से पैसे छीनने की कोशिश की थी जिसमें उन्होंने दीपक के सिर में डंडा मार दिया था और उसकी मृत्यु हो गई। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

# समस्याओं के समाधान के लिए लांच किया ग्राम दर्शन पोर्टल

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**उपायुक्त** यशपाल ने बताया कि हरियाणा में ग्रामीणों के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल में विकास कार्यों संबंधी कोई भी प्रस्ताव सीधे सरकार को दिया जा सकता है। साथ ही लोग गांव के विकास कार्य संबंधित शिकायत भी इसमें दे सकते हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के गांवों में रह रहे लोगों को अगर विकास कार्यों से जुड़ी कोई शिकायत है या फिर कोई सुझाव देना है तो कहीं जाने की जरूरत नहीं। लैपटाप या मोबाइल उठाइए और ग्राम दर्शन पोर्टल खोलिए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 23 जुलाई को ग्रामीणों के विकास कार्यों संबंधी सुझाव और शिकायतों के लिए आनलाइन पोर्टल ग्राम दर्शन https://gramdarshan.haryana.gov.in/ लांच किया है। सीएम विंडो से लिंक होंगी शिकायतें: ग्रामीणों द्वारा ग्राम दर्शन पोर्टल पर की जाने वाली शिकायतों को सीएम विंडो के साथ लिंक किया जाएगा, ताकि शिकायतों का दोहराव न हो। ग्राम दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव (जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो) के संबंध में ही शिकायत या सुझाव दे सकेगा। ग्रामीणों द्वारा दिया गया सुझाव और मांग सीधे सरपंच,पंचायत समिति सदस्य,जिला परिषद सदस्य,विधायक और सांसद को दिखाई देंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे। एसएमएस से मिलेगी स्टेटस की जानकारी: पोर्टल पर सुझाव या शिकायत दर्ज करते ही एक आइडी जेनरेट होगी जो आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी।

# विकास में पंजाबी समाज का योगदान नहीं भुलाया जा सकता : अरोड़ा

### सखी सरवर पंजाबी बिरादरी ने किया युवा भाजपा नेता गोल्डी अरोड़ा का जोरदार स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**भाजयु** मोर्चा के जिला महासचिव एवं समाजसेवी गोल्डी अरोड़ा ने कहा है कि आजादी से लेकर देश के सर्वांगीण विकास में पंजाबी समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। पंजाबी समाज ने न केवल भारत बल्कि फरीदाबाद को भी एक नई पहचान दिलाने का काम किया है और सदैव सरकार व प्रशासन के साथ कड़ी बनकर विकास को प्राथमिकता दी है।



अरोड़ा ओल्ड फरीदाबाद की पंजाबी धर्मशाला में सखी सरवर पंजाबी बिरादरी द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी अमर चौधरी व पारस राय का भी आयोजकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। गोल्डी अरोड़ा ने कहा कि पंजाबी बिरादरी के लोगों की खासियत है कि वह जो भी करते हैं दिल से करते हैं, चाहे व्यापार हो या आपसी प्यार अथवा सामाजिक कार्य या कोई अन्य काम।

उन्होंने कहा कि समाजसेवा करना उनका शुरू से ही सपना रहा है और भाजपा जैसी विशाल पार्टी से जुड़कर सामाजिक कार्यो में वह अग्रणी भूमिका निभा रहे है। उन्होंने ग्रेटर फरीदाबाद में पौधारोपण अभियान चलाया है और वहां की मुख्य सड़कों के आसपास व फुटपाथ पर पेड़ लगा रहे हैं और उनकी पूरे देखभाल भी की जा रही है।

### वामन अवतार की कथा का प्रसंग सुनाया

**फरीदाबाद।** अशोका एन्क्लेव देव स्थल मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वामन अवतार की कथा का प्रसंग सुनाया गया। भूपेंद्र यादव व अन्य लोगों के सहयोग से आयोजित कथा के बीच कथा व्यास वैष्णवी राज गुरुमां ने भजन भी सुनाए, जिन पर श्रद्धालु फूल बरसाकर खूब नाचे।

कथा व्यास ने कहा कि वामन अवतार की कथा भक्त प्रहलाद के पोत्र असुर राज बली से संबंधी है। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार और अनाचार बढ़ता है तब तक भगवान श्री हरि पृथ्वी पर अवतार लेते हैं और अपने भक्तों का दुख दूर करते हैं। भगवान श्री हरि इस सृष्टि के पालनकर्ता है। जिस प्रकार हमारे माता-पिता हमारे पालनकर्ता हैं, हमारे कष्टों को दूर करते हैं। हमें क्या चाहिए क्या नहीं चाहिए इसका ध्यान रखते हैं।

# खोरी में निर्धारित समय में हटाए जाएंगे सभी अतिक्रमण : डा. गरिमा मित्तल

### मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे तक बरसात होने की वजह से 11 बजे शुरू की कई कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



**नगर** निगम आयुक्त डा. गरिमा मित्तल ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार खोरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान को तेज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरफ से कार्य पूरा करने के बाद अब पुरानी खोरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की टीमें पूर्ण तालमेल के साथ कार्य कर रही हैं और निर्धारित समय में अतिक्रमण हटाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

निगमायुक्त ने कहा कि शहर में पेयजल की समस्या को देखते हुए मंगलवार को खोरी क्षेत्र में कार्रवाई में लगे अधिकारियों की जिम्मेदारी में भी कुछ बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के एक्सईएन ओपी कर्गम व मनोज कुमार के स्थान पर अब स्मार्टसिटी के एक्सईएन अरविंद व अमन को खोरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे तक बरसात होने की वजह से सुबह 11:00 बजे अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया जा सका। उन्होंने बताया कि दिल्ली क्षेत्र की तरफ से अतिक्रमण हटाने का कार्य पूरा करने के बाद अब पुरानी खोरी की तरफ अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा पुर्नवास के लिए आवेदन करने का कार्य भी राधा स्वामी सत्संग ब्यास में किय जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि खोरी क्षेत्र से 11 लोगों ने अस्थाई शेल्टर होम में आने के लिए इच्छा जाहिर की थी और इन सभी को राधा स्वामी सत्संग भवन में आश्रय दिया गया है। उन्होंने कहा कि शेल्टर होम में किसी भी तरह की मदद के लिए सचिव जिला रेडक्रास सोसायटी विकास कुमार के मोबाईल फोन नंबर 9812469292 पर संपर्क किया जा सकता है।

### तेरापंथ युवक परिषद ने किया मंत्र दीक्षा का आयोजन

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद फरीदाबाद ने मंत्र दीक्षा कार्यक्रम का ऑनलाइन जूम के माध्यम से नमस्कार महामंत्र के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सभा अध्यक्ष रोशन लाल बोरड़ ने मंत्र दीक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को आशीर्वाद दिया कि यह सही समय होता है बच्चों में सुसंस्कारों का बीजारोपण होता है और धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है।

तेयुप फरीदाबाद के अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि इस बार पूरे भारत के साथ साथ यूके, यूएसए, सिंगापुर, नेपाल में ऑनलाइन के माध्यम से मंत्र दीक्षा का कार्यक्रम हुआ। उपासिका सुशीला दुग्गड़ और मंजू लुनिया ने 5 वर्ष से 9 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे लगभग 20 बच्चों को मंत्र दीक्षा प्रदान की। उन्होंने बताया कि मंत्र दीक्षा बचपन से ही धर्म के प्रति श्रद्धा, समर्पण व त्याग की भावना का विस्तार करती है। तेयुप अध्यक्ष राजेश जैन ने मंत्र दीक्षा कार्यक्रम से जुड़े सभी का आभार ज्ञापन किया।

# कोरोना : जिले में 14 एक्टिव केस

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



**जिला** में मंगलवार को कोरोना का कोई मामला सामने नही आया। इसमें एक और अच्छी खबर यह भी है कि जिला में दो लोग कोरोना को हराकर ठीक हो गए। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

जिला में अब तक 915745 लोगों को अब तक सर्वेलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्वेलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 915652 हो गई है। जिले में फिलहाल 14 एक्टिव केस है। जिसमें 2 अस्पताल में है और 12 होम आईसोलेशन पर रह गए है।

#### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 993963 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99766 |
| अब तक नेगेटिव | : 893673 |
| रिपोर्ट आनी बाकि | : 524 |
| 24 घंटे में सैम्पल | : 2532 |
| आक्सीजन पर है | : 2 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99036 |

### जिले में 5980 ने लगवाया टीका

**फरीदाबाद।** जिले में 5980 लोगों ने मंगलवार को कोरोना से बचाव का टीकाकरण करवाया। जिसमें 18 प्लस आयुवर्ग में 4110 लोगों ने प्रथम और दूसरी डोज लगवाई। 45 प्लस आयुवर्ग में 1870 लोगों ने कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाई। वैक्सीनेशन केन्द्र कम होने के कारण टीकाकरण केन्द्रों पर भीड़ लगी नजर आई। हालांकि बीके अस्पताल में द्वितीय डोज लगवाने आए व्यक्तियों के लिए अलग से व्यवस्था थी, लेकिन यहां वैक्सीन के लिए लम्बी लाईने देखने को मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### ठेकेदार कर रहे कर्मचारियों का शोषण : शास्त्री



**फरीदाबाद।** प्रदेश की पालिकाओं, नगर परिषदो एवं नगर निगमों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी तथा सीवर, सफाई कर्मचारियों व फायर विभाग में लगे ठेका प्रथा कर्मचारियों का ठेकेदार कर रहे हैं जमकर शोषण। विभिन्न पालिकाओं, परिषदों और नगर निगमों में ठेकों का नवीनीकरण होने के बाद पुराने कर्मचारियों की छंटनी, डीसी रेट से कम वेतन देना तथा ईएसआई, ईपीएफ का पैसा काट कर कर्मचारियों के खातों में जमा ना करके सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त नारे को धता बता रहे हैं ठेकेदार। यह बात नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य स्तरीय जन जागरण अभियान के तहत नगर निगम फरीदाबाद, बल्लभगढ़ जोन सेक्टर-25 जल घर, आदर्श कॉलोनी स्थित शहीद गुलाब सिंह सैनी कम्युनिटी सेंटर, तिगांव रोड स्थित बूस्टिंग स्टेशन तथा बल्लभगढ़ कार्यालय में कर्मचारियों की आयोजित की गई आम जन सभाओं को संबोधित करते हुए संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कही जन जागरण अभियान मैं संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के अलावा नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के केंद्र कमेटी के नेता सुभाष फेटमार, संघ के जिला प्रधान गुरचरण खांडिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर भी शामिल थे।

### निक्षय दिवस पर किया जागरूक



**फरीदाबाद।** निक्षय दिवस हर महने की मनाया जाता है। सिविल अस्पताल में क्षयरोग विभाग की तरफ से इस दिवस को मनाया गया। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने मरीजों को समझाया की क्षयरोग कैसे फैलता है। क्या उसके लक्षण होते हैं और उनका इलाज कितने महीने और कौन-कौन सा चलता है। डॉ. शीला भगत ने उन्हें समझाया की दवाई बीच में न छोड़ें, नहीं तो एमडीआर और एक्सडीआर होने का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. शीला भगत ने मरीजों के साथ-साथ सभी स्टाफ से भी शपथ दिलवाई की क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। सभी इस प्रोग्राम में बढ़-चढकर भाग ले और समाज में जागरुकता फैलाने के लिए हर संभव प्रयास करे। इसमें सुभाष गहलौत, राजकुमार, विरेन्द्र, अशोक, विरेन्द्र, यर्थात, विकाश, उमेश, रविन्द्र, कुलदीप, कविता, प्रीति, हेमंत, अनीता, साधना, मनीषा, सुनीता आदि मौजूद रहे।

### कैडेटस ने मनाया कारगिल विजय दिवस



**फरीदाबाद।** संघर्ष ट्रस्ट इंडिया के खेल निदेशक और जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड ने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर की एनसीसी कन्या कैडेटस के द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। एनसीसी विंग की एसोसिएट एनसीसी आफिसर लेफ्टिनेंट मोनिका देशवाल ने बताया कि उनके और सीटीओ सरोज तेवतिया द्वारा सभी कैडेटस को गांव मोहना ले जाया गया। मोहना गांव में स्थित कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीरेंद्र सिंह की प्रतिमा की साफ सफाई की और स्मारक स्थल पर फूल चढ़ाकर शहीद को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एनसीसी यूनिट के कमांडिंग आफिसर कर्नल राम अवतार यादव ने सभी कन्या कैडेटस व एएनओ और सीटीओ द्वारा किए गए इस उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। कमांडिंग आफिसर ने भविष्य में भी इसी तरह की एनसीसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए सभी को प्रेरित किया।

### शराब न देने पर ठेके पर की तोड़फोड़ और लूटपाट



**फरीदाबाद।** बीती रात अनंगपुर चौक सूरजकुण्ड रोड पर बने शराब के ठेके पर कुछ युवकों ने शराब न देने पर ठेके पर खूब तोड़फोड़ की। गाड़िया तोड़ी, इतना ही नहीं यह युवकों ठेके में रखे लगभग 65-70 हजार रुपये भी निकालकर ले गए। ठेके पर बतौर सेल्समैन की नौकरी करने वाले सर्वेश ने थाना सूरजकुण्ड प्रभारी को दी अपनी शिकायत में बताया कि 26 जुलाई की रात्रि में व मेरे 3 अन्य साथियों रवि, मनोज पवन ने 11 बजे ठेके को बन्द कर दिया। ठेके बन्द होने के बाद 4-5 युवक ठेके पर आए और शटर को खटखटाने लगे। ये लोग शराब की बोतल की मांग कर रहे थे। सर्वेश ने शटर के बीच में बने होल से कहा कि सरकार के आदेशनुसार ठेका खोलने की अनुमति 11 बजे तक है। इसलिए शराब नहीं मिलेगी। इतना सुनते ही वो गुस्से में आ गए और गाली गलौज करने लगे। इसके बाद लड़कों ने पत्थर उठाकर शटर पर मारने शुरू कर दिए, बाहर लगे सीसीटी कैमरे तोड़ने शुरू कर दिए तथा बिजली की मीटर व ठेके के ऊपर लगे लाईट वाले होडिगंस भी तोड़ दिए। जिस पर उसने मालिक अनुज को फोन कर बताया कि कुछ लड़कों ने ठेके पर हमला कर दिया है और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इतने में सभी युवक ठेके के पिछले गेट को तोड़कर अंदर घुस आए। मारपीट शुरू कर दी और वहां रखी बोतलों को तोड़ना शुरू कर दिया व ठेके के गल्ले में रखे लगभग 65-70 हजार रुपये निकाल लिए। ठेके का मालिक अनुज मौके पर अपनी गाड़ी नंबर एचआर-51 सीए 1227 स्कॉपियों में आया, तो उन्होंने उसकी गाड़ी पर भी पत्थरों की बौछार कर दी। मालिक डर की वजह से गाड़ी छोड़कर भाग गया। युवकों ने जाते जाते कर्मचारी की बाइक जिसका नंबर एच.आर-51 बी आर 4534 को भी तोड़ दी। सीसीटीवी फुटेज में युवकों की पहचान की जा सकती है। पुलिस ने जांच की।

### सुपर 100: वंचित छात्रों के लिए शिक्षा विभाग ने फिर खोली साइट

**फरीदाबाद।** पंजीकरण से वंचित विद्यार्थियों को राहत देते हुए शिक्षा विभाग ने सुपर 100 पर ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए दो दिनों के लिए साइट खोल दी। प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी सोमवार 26 से 28 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। शिक्षा विभाग ने इस बारे में सभी शिक्षा अधिकारियों को सूचित किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने ऐसे बच्चों को जिन्होंने हालही में दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है और 11वीं कक्षा में विज्ञान संकाय पढ रहे है। ऐसे विद्यार्थी के 2021 से 23 सत्र के लिए पात्र होंगे। इस तरह के विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण 28 जुलाई रात 12 बजे तक चलेगा। उसके बाद शिक्षा विभाग साइट को बंद कर देगा। उसके बाद ही विद्यार्थी प्रतियोगिता परीक्षा में बैठ सकेंगे। विभाग ने भेजे निर्देशों में कहा कि शिक्षक पात्र विद्यार्थियों से सम्पर्क करें और उनको इस बारे में पूरी जानकारी दे। शिक्षक टीम बनाकर इस तरह के कार्यक्रम को मुकाम तक पहुंचाए। यहां यह बताते चले कि जिन विद्यार्थियों ने पांच जुलाई से लेकर 10 जुलाई के बीच में खुली साइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा चुके हैं। उन्हें दोबारा पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है।

# हम हार्ट टू हार्ट कनेक्ट में विश्वास रखते हैं : मनोहर लाल

## हरियाणा अब केवल निवेशकों की संतुष्टि ही नहीं, बल्कि ग्राहकों की प्रसन्नता पर कर रहा है फोकस

## सीएम ने गुरुग्राम में किया ह्युंडई मोटर्स के कारपोरेट कार्यालय का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने बुधवार को कहा कि हरियाणा केवल बिजनेस टू बिजनेस या गवर्नमेंट टू बिजनेस अथवा गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट संबंध तक सीमित नहीं है। यह प्रदेश आतिथ्य की भूमि व गीता की जन्मस्थली है, इसलिए हम हार्ट टू हार्ट कनेक्ट यानी दिल से दिल के जुड़ाव में विश्वास रखते हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां सेक्टर-29 में ह्युंडई मोटर्स इंडिया के कारपोरेट मुख्यालय के उद्घाटन उपरांत कही।

मुख्यमंत्री ने ह्युंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएस किम के साथ रिबन काटकर कंपनी के नए कारपोरेट मुख्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कंपनी द्वारा नूंह जिला के मुख्यालय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और अलआफिया नागरिक अस्पताल में लगाए गए दो आक्सीजन प्लांट का भी लोकार्पण किया। नूंह के उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह को इस आशय का प्रमाण पत्र भी दिया। मुख्यमंत्री ने कंपनी के कॉरपोरेट मुख्यालय परिसर में पौधा भी लगाया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि औद्योगिक स्वीकृतियां प्रदान करने के लिए हमारे सिंगल विंडो सिस्टम को भारत में श्रेष्ठ प्रणालियों में से एक माना गया है। उन्होंने कहा कि हमने निवेशकों और उद्यमियों की सहायता के लिए फोरन कॉपरेशन डिपार्टमेंट अर्थात विदेश सहकारिता विभाग के नाम से नया विभाग स्थापित किया है।

मनोहर लाल ने कहा कि औद्योगिक निवेश के मामले में हरियाणा अब केवल निवेशकों की संतुष्टि पर ही फोकस नहीं कर रहा है बल्कि ग्राहक प्रसन्नचित रहें, इस पर ध्यान दे रहा है। ह्युंडई मोटर्स का मुख्यालय गुरुग्राम में स्थापित होना हरियाणा की इज ऑफ डूइंग बिजनेस और इज ऑफ लिविंग का जीता जागता उदाहरण है।



गुरुग्राम के सेक्टर-29 में मंगलवार को ह्युंडई के कारपोरेट कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### कर्म की भूमि है हरियाणा

**इसके** साथ मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हरियाणा को कर्म की भूमि के नाम से जाना जाता है और यह प्रदेश संभावनाओं, उद्यम, अनुसंधान और नवीनीकरण की भूमि है। आज हरियाणा की गणना भारत के सबसे ज्यादा विकसित और औद्योगिक प्रदेशों में होती है। रेड टेपिजम को रेड कारपेट अर्थात लाल फीताशाही से लाल कालीन में परिवर्तित किया है।

### कोरियाई भाषा में भी बोले सीएम मनोहर लाल

**गुरुग्राम।** ह्यूंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड के नए कारपोरेट मुख्यालय के मंगलवार को गुरुग्राम में किए गए उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपना संबोधन कोरियाई भाषा में शुरू किया। जिसका अर्थ भी उन्होंने अंग्रेजी में बताया कि-आईएम मनोहर लाल, चीफ मिनीस्टर हरियाणा और समापन भी कोरियाई भाषा में किया जिसका अर्थ था-आई वेलकम यू टू लैंड ऑफ हरियाणा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से पहले कंपनी के एमडी और सीईओ एसएस किम ने भी अपना संबोधन नमस्कार से शुरू किया था और धन्यवाद से समाप्त किया। कार्यक्रम का समापन भारत के राष्ट्रीय गान-जन-गण-मन की धुन के साथ हुआ। समापन पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंडाल में रखी ह्यूंडई कंपनी के लांच किए जाने वाले नए मॉडल की इलैक्ट्रिक और हाइड्रोजन चालित गाड़ियों में बैठकर उनके बारे मे जानकारी लेने में रूचि दिखाई। कंपनी ने कार्यक्रम में डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से भारत में अपनी 25 साल की यात्रा का प्रदर्शन किया।

### भारत में उत्कृष्टता के 25 वर्ष

**ह्युंडई** मोटर इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएस किम ने कहा कि भारत में उत्कृष्टता के 25 वर्षों की अपनी उपलब्धि के साथ उनकी कंपनी ने गुरुग्राम में अत्याधुनिक नए कारपोरेट मुख्यालय की शुरुआत की है। यह नया कार्यालय भारतीयों के साथ ह्युंडई की एकजुटता का प्रतीक है।

# हिसार एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम रखने पर सीएम का जताया आभार

## अग्रवाल समाज की तरफ से मुख्यमंत्री का किया गया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हिसार** के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम से करने पर बुधवार को अग्रवाल समाज ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया। गुड़गांव विधायक सुधीर सिंगला ने इसे अग्रवाल समाज को सरकार का बड़ा तोहफा बताया। उन्होंने कहा कि अब हिसार का एयरपोर्ट महाराजा अग्रसेन के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही पूर्व में महाराजा अग्रसेन की जीवनी को पाठ्यक्रम में भी शामिल किया है।

बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गुरुग्राम पहुंचे थे। वे यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में भी ठहरे। इस दौरान उनका धन्यवाद और स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के अग्रणी लोग भी पहुंचे। इस दौरान अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, सुधीर सिंगला व पलवल के विधायक दीपक मंगला ने अग्रवाल समाज की ओर से मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। काफी समय से हिसार एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर करने की मांग की जा रही थी, जिसकी घोषणा सरकार द्वारा सोमवार को की गई।



गुरुग्राम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताते अग्रवाल समाज के लोग।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, सुधीर सिंगला और दीपक मंगला ने कहा कि मानवता के प्रवर्तक, गरीबों के मसीहा एवं धर्म के संस्थापक महाराजा अग्रसेन को सरकार की ओर से जो सम्मान दिया गया है, वह ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से यह सम्मान देना उनकी दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। घोषणा के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत करने गोपाल शरण गर्ग, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली के अध्यक्ष नत्थूराम जैन, महामंत्री संजय सिंगला, हरियाणा के महामंत्री मोहित बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ गोयल, प्रदेश प्रवक्ता, प्रचार मंत्री विपिन गोयल, पार्षद सुभाष सिंगला, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष अमित गोयल, गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सुंदर दास अग्रवाल, जिला युवा अध्यक्ष राजीव मित्तल, जिला युवा महामंत्री अमित गुप्ता, महिला जिला अध्यक्षा समता सिंगला, जिला महिला महामंत्री आशा गोयल, सचिन मित्तल, वन्दना सिंगला आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कई मामलों में आठ आरोपी गिरफ्तार एक फरार

**पलवल।** पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन लोगों को आपस में झगड़ा करते, तीन लोगों को लॉकडाउन के नियमों का उल्लघंन करते, दो लोगों को बगैर परमिट वाली शराब सहित गिरफ्तार किया है। एक जगह आरोपी पुलिस की भनक लगते ही शराब को मौके पर ही छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने 9 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर लिए हैं। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार कैंप थाना पुलिस ने भाटिया कालोनी निवासी श्याम व अक्षय को कालोनी से ही काबू कर उनके कब्जे से 42 बोतल देशी शराब को बरामद किया है। गदपुरी थाना पुलिस ने धतीर गांव से 50 पव्वा देशी व चार अद्धा अंग्रेजी शराब को बरामद किया। जबकि गांव निवासी आरोपी करण सिंह पुलिस की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया। मुंडकटी थाना पुलिस ने मीतरोल गांव निवासी इतवारी, राहुल व तेजी को मुंडकटी चौक पर आपस में झगड़ा करते व सरकारी नियमों का उल्लघंन करते काबू किया।

# संस्कृति स्कूल के आठ और कमरे होंगे ध्वस्त

## अधर में लटका है तीन मंजिला भवन निर्माण का कार्य

**सोहना।** शहर के राजकीय संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल के जर्जर हालत में खड़े आठ कमरों को जल्द ही धराशायी किया जाएगा। जिसकी मंजूरी लोक निर्माण विभाग के जिला कार्यालय से मिल गई है। शहर की चुंगी नंबर दो पर स्थित राजकीय संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल के जर्जर हालत में खड़े आठ कमरों को गिराने के लिए स्कूल प्रशासन की तरफ से विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की गई थी।

शिक्षा विभाग ने प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा की शिकायत पर आठ कमरों को गिराने के लिए लोक निर्माण विभाग के जिला अधिकारी को निरीक्षण किए जाने की मांग की थी। लोक निर्माण विभाग की टीम ने कमरों को असुरक्षित करार दिया है। जिसकी मंजूरी लोक निर्माण विभाग ने शिक्षा विभाग को लिखित में दे दी है। प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि जल्द ही आठ कमरों को गिराने का टेंडर छोड़ा जाएगा। उसके बाद नये भवन निर्माण के लिए विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### निर्माण कार्य अधर में लटका

**वर्ष 2016** में स्थानीय स्कूल के दो दर्जन के करीब जर्जर हालत में खड़े कमरों को बीएण्डआर विभाग की मंजूरी के बाद गिराया गया था। परिसर में प्रदेश शिक्षा विभाग की कड़ी मशक्कत के बाद प्रदेश सरकार ने 2020 के प्रारंभ में पांच करोड़ रुपये की राशि 40 कमरों को तीन मंजिला भवन बनाने की मंजूरी मिल गई थी, लेकिन नये भवन का नक्शा तैयार न होने के कारण धनराशि वित वर्ष के आखिर में प्रदेश सरकार को वापस चली गई। जिससे स्कूल परिसर में तीन मंजिला भवन निर्माण का कार्य भी अधर में लटक गया है।

# परिषद अधिकारी व दुकानदारों की साठगांठ से अतिक्रमण को दिया जा बढ़ावा



नवनिर्माण मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे सीढियां बनाकर किया गया अतिक्रमण।

कैलाश मंगला। होडल

**नगर** परिषद के अधिकारी कुछ दुकानदारों से साठगांठ कर नवनिर्माण मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे किए अतिक्रमण को बढ़ावा देने में लगे हैं। परिषद के अधिकारी नवनिर्माण सड़क मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे अबैध रूप से बनाए गए चबूतरे और सीढ़ियां तोड़ने के बजाए उन्हें बचाकर उस मार्ग का आडा-तिरछा निर्माण कराने में लगे हैं। कुछ दुकानदारों ने इस मामले की शिकायत नगर परिषद के आला अधिकारियों से की है, लेकिन इस ओर कोई भी अधिकारी देखने को तैयार नहीं है। दुकानदारों में नगर परिषद अधिकारी व दुकानों के अबैध रूप से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ रोष व्याप्त है।

नगर परिषद की ओर से लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से जगजीवन राम चौक से गौडोता चौक तक के सड़क मार्ग का नवनिर्माण कराया जा रहा है। मार्ग पर स्थित बिरमानंद मार्केट के सामने कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे चबूतरे और सीढ़ियां बनाकर अतिक्रमण किया हुआ है। कुछ दुकानदार अनिल कुमार, सुरेश, राकेश, घनश्याम के अलावा कुछ अन्य दुकानदारों का आरोप है कि दुकानों के आगे अबैध रूप से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों ने नगर परिषद अधिकारियों से साठगांठ कर इन चबूतरों व सीढ़ियों को तोड़ने से रोक दिया। दुकानदारों से साठगांठ होने के कारण अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर गलत तरीके से सड़क मार्ग की नपाई कर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराया हुआ है।

दुकानदारों का कहना है कि जब परिषद के अधिकारी ही दुकानों के आगे अबैध रूप से अतिक्रमण करने वालों को बढ़ावा देंगे तो अन्य दुकानदार के हौसले भी अतिक्रमण के प्रति बुलंद होंगे। दुकानदारों का कहना कि अगर अधिकारी अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगे तो उन्हें मुख्यमंत्री के साथ-साथ कोर्ट का दरबाजा खटखटाने का मजबूर होना पड़ेगा। दुकानदारों का आरोप है कि नगर परिषद के अधिकारियों ने दुकानों को आगे हो रहे अबैध अतिक्रमण न हटाने की एवज में मोटा नजराना लिया है तभी तो अधिकारी इस ओर आंखें बंद कर बैठे हैं।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, दी जान से मारने की धमकी

**पलवल।** महिला को घर में अकेला देख छेड़छाड़ करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस जांच अधिकारी एएसआई जगबती के अनुसार एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि 21 जुलाई की सुबह घर पर अकेली थी। उसी दौरान मोहदमका गांव निवासी शरीफ घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। शरीफ का दूसरा साथी ताहीर घर के बाहर खड़ा हुआ था। पीड़िता ने शोर मचाया तो उसका भतीजा भागकर मौके पर आ गया। जिसे देख आरोपी शरीफ व उसका साथी ताहीर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नौकरी का झांसा देकर पांच वर्ष तक युवती से किया दुष्कर्म

## अश्लील वीडियो को नेट पर किया वायरल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नौकरी** का झांसा देकर लड़की के साथ पांच वर्ष तक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करीब पांच साल तक ब्लैकमेल किया। लड़की से करीब चार लाख रुपये हड़प लिए और अंत में वीडियो वायरल कर दी। फरीदाबाद एनआईटी महिला थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच के लिए पलवल के महिला थाने भेजा है। अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

पुलिस जांच अधिकारी एएसआई जगबती के अनुसार फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी निवासी एक लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि साल 2016 के अगस्त माह में पलवल की पंचवटी कॉलोनी निवासी रजत का फोन आया और गाड़ियों के शोरूम में नौकरी लगवाने की बात कही। नौकरी के झांसे में आगरा चौक पलवल आई लड़की को आरोपी बाइक पर अपने घर ले गया। कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और बेहोश होने पर दुष्कर्म किया। होश आने पर दुष्कर्म करने का विरोध किया तो रजत ने कहा कि तेरी अश्लील वीडियो बना ली है। किसी को इस बारे में बताया या पुलिस को सूचना दी तो परिवार सहित जान से मार दूंगा। अश्लील वीडियो को वायरल करने के नाम पर आरोपी अलग-अलग जगह ले जाकर दुष्कर्म करता रहा। 26 जनवरी को आरोपी रजत ने पीड़िता लड़की को जयपुर बुलाया। पीड़िता ने जयपुर जाने से मना किया तो वीडियो वायरल कर दी। इंस्टाग्राम आईडी पर वीडियो और मोबाइल नंबर अपलोड़ कर दिया। अजनबी फोन कॉल आने पर पता चला तो पुलिस को शिकायत दी। लड़की का आरोप है कि आरोपी युवक ऐसे ग्रुप से जुड़ा है जो लड़कियों को बहलाकर उनकी अश्लील वीडियो बनाकर पोर्न नेट साइटों पर अपलोड करते हैं। पीड़ित की शिकायत पर फरीदाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच के लिए पलवल भेजा है। जांच अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दि सिंधिया स्कूल ने अपना अकादमिक सत्र शुरू किया

## स्टूडेंट्स के लिए पढ़ाई के साथ फिटनेस का भी टाइमटेबल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**महामारी** की मौजूदा स्थिति के कारण दि सिंधिया स्कूल ने कक्षा 6 से कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए अकादमिक सत्र की शुरुआत वर्चुअल ढंग से की। 15 जून 2021 से शुरू हुई ऑनलाइन कक्षाओं को लेकर स्कूल के सभी छात्र और शिक्षक काफी उत्साहित थे। सिंधिया स्कूल के शिक्षकों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं लेने का अनुभव सिर्फ पिछले साल का नहीं है, बल्कि वे पहले ही ऑनलाइन टीचिंग का प्रशिक्षण ले चुके हैं और उन्होंने कई सालों से टेक्नोलॉजी को अपनाया है।

दि सिंधिया स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. माधव देव सारास्वत ने कहा, हमारे छात्र और शिक्षक पिछले साल ही कई टेक्नोलॉजीज और लर्निंग टेक्निक्स से परिचित हो चुके हैं, इसलिए नया सत्र वर्चुअल ढंग से शुरू करना हमारे लिए आसान होगा। हालांकि, इस बार हमने प्रतिदिन छात्र और शिक्षकों के बीच व्यक्तिगत, वन-ऑन-वन संवाद के साथ कई प्रकार की को-कुरिकलर एक्टिविटीज का स्लॉट तय किया है। इससे स्कूल और शिक्षकों के साथ छात्रों का व्यक्तिगत लगाव बढ़ेगा। स्कूल शुरू हुए कुछ ही दिन हुए हैं, और हम बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों में भी भारी उत्साह देख रहे हैं। 12वीं के छात्र मेमोय मिश्रा ने इस बारे में कहा, मैं अपने दोस्तों से नहीं मिल पा रहा हूं। यही नहीं मैं स्कूल यूनीफॉर्म को भी मिस रहा हूं। फिर से क्लास में लौटने से अच्छा कुछ नहीं है। हालांकि, अभी यह संभव नहीं है, लेकिन मैं शिक्षकों और दोस्तों से वर्चुअल रूप से मिलने के लिए उत्साहित हूं।

स्कूल में छात्रों के लिए काफी बिजी शेड्यूल तय है। इसमें सुबह 7 बजे योग उसके बाद नाश्ता दिया जाएगा। फिर 9 बजे से 10.50 बजे तक क्लास के बाद कुछ देर आराम का वक्त रहेगा। इसके बाद लंच से पहले भी दो और क्लास होंगी। 12वीं के छात्रों के लिए लंच के बाद अतिरिक्त कक्षाएं लगेंगी, जबकि स्कूल के बाकी छात्र एक्टिविटी क्लास में शामिल होंगे। क्लास टीचर शाम 5 से 7 बजे के बीच छात्रों के साथ मीटिंग और उनकी काउंसलिंग करेंगे। अस्ताचल (सांध्यकालीन सभा) सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को आयोजित होगी। शनिवार का दिन हाउस ईवनिंग के रिजर्व रहेगा ताकि छात्र आगामी इवेंट, परस्पर संबंध बनाने, मेंटरिंग और हाउस स्प्रिट मजबूत कर सकें।

स्कूल ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में अपनी यात्रा 1982 में शुरू की और पहली बार सीबीएसई के कंप्यूटर साइंस एग्जाम में शामिल हुए चारों छात्र सिंधिया स्कूल के ही थे। बीते वर्ष भी अधिकांश कक्षाएं ऑनलाइन संचालित हुई थीं, इसलिए स्कूल के शिक्षक ई-कंटेंट तैयार करने में पूरी तरह प्रशिक्षित हैं। यहां पढ़ाई के लिए वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग, रिकॉर्डेड ऑडियो और वीडियो लेक्चर, प्रजेंटेशन स्लाइड, पॉडकास्ट, पोर्टेबल डॉक्यूमेंट फॉर्मेट (पीडीएफ), वर्कशीट और ईमेल का इस्तेमाल हो रहा है।

## सिपाही के खाते से धोखाधड़ी कर लाखों की नगदी निकाली

**होडल।** आर्मी में भर्ती एक सिपाही के खाते से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की नगदी निकालने का मामला प्रकाश में आया है। सिपाही ने मामले की सूचना हसनपुर थाना पुलिस को दी है। थाना पुलिस ने सिपाही की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी में बताया कि गांव भिडूकी निवासी सुनील कुमार आर्मी में सिपाही के पद पर भर्ती है। उन्होंने बताया कि उसका स्टेट बैंक ऑफ इंडिया होडल में खाता है। किसी ने उसके खाते से एक लाख 90 हजार पांच सौ रुपये की धोखाधडी से नगदी निकाल ली। उन्होंने बताया कि जैसे ही सुनील कुमार को इसकी सूचना मिली वैसे ही उसके बैंक व थाना पुलिस को इसकी सूचना दी है। पुलिस ने सिपाही सुनील कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त समाचार

### आंखों में मिर्च पाउडर डाल चार बटियों को अगवा करने का प्रयास

**पलवल।** कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत दंबग किस्म के लोगों द्वारा घर में घुसकर एक महिला की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर उसकी चार बेटियों के साथ छेड़खानी की गई और विरोध कर पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच अधिकारी एएसआई रेणू के अनुसार एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पति काम की वजह से अकसर बाहर रहते हैं और वह अपनी चार बेटी और एक बेटे के साथ घर पर रहती है। पलवल की इस्लमाबाद कॉलोनी निवासी रविंद्र, रिंकू, संदीप, महेंद्र सिंह, भगवान सिंह और इंदरपाल 21 जुलाई की रात नौ बजे अचानक घर में घुस आए और जबरन पीड़िता की बेटियों उठाकर ले जाने लगे। पीड़िता ने विरोध किया तो उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया और बेटियों के साथ घिनौना व्यवहार किया। इतना ही नहीं आरोपियों ने लात-घूंसों व डंडे से मारपीट भी की। धमकी दी कि यदि किसी प्रकार की कहीं भी कोई शिकायत की तो उसके व उसकी बेटियों की निर्भया जैसी हालात कर देंगे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी भगवान सिंह व महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी चार फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### चोरों ने दिया चार वारदातों को अंजाम

पलवल। चोर अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक बाइक, एक मोबाइल फोन, स्कूल से वाटर मोटर व एक मकान से आभूषण सहित हजारों रुपये की नकदी को चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामले दर्ज कर एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार पलवल के राजीव नगर निवासी प्रमोद कुमार ने कैंप थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि चोर 13 जुलाई की सुबह घर से सोने-चांदी के आभूषण व 5300 रुपये की नकदी को चोरी कर ले गए। इसी प्रकार चोरों ने मांदकोल गांव निवासी नारायण की बाइक को गदपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव से ही चोरी कर लिया। गांव अमरपुर निवासी गौरव ने चांदहट थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि गांव स्थित उसकी मोबाइल दूकान से पन्हैड़ा गांव निवासी अतूल उर्फ कल्लू 25 जुलाई को मोबाइल को चोरी कर ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसी प्रकार रतीपुर गांव के राजकीय मिडिल विद्यालय में हैड मास्टर वेदपाल ने सदर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि चोर 25 जुलाई को स्कूल से वाटर मोटर को चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रहस्यमयी परिस्थिति में नाबालिग लड़की लापता

**पलवल।** शहर थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच अधिकारी एसआई दीपक के अनुसार एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी गत 25 जुलाई को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसको काफी तलाश किया गया लेकिन आज तक कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नाले के पानी से फसल खराब, किसान ने मांगा मुआवजा



**सोहना।** शहर के वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में बरसाती नाले का गंदा पानी जमा होने से सब्जी की फसलें खराब हो गई। खराब हुई फसल से परेशान किसान ने नगर परिषद में शिकायत दर्ज कराते हुए मुआवजा दिए जाने की मांग की है। किसान ने नगर परिषद, एसडीएम और जिला उपायुक्त को पत्र लिखे हैं। शहर के वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में बरसाती नाले का पानी सही ढंग से नहीं निकल रहा है। नाले के साथ-साथ लगते खेतों में स्थानीय किसान सब्जी की फसल करते हैं। पिछले दिनों हुई बारिश से बरसाती नाले का पानी साथ लगते खेतों में भर गया था। जिससे किसानों द्वारा बिजाई की हुई सब्जियों की फसल खराब हो गई। किसान रोहताश सैनी ने बताया कि उसकी आधा एकड़ में नाले का गंदा पानी आने से सब्जी की सफल समाप्त हो गई। जिससे उसे 50 से 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि यदि बरसाती नाले का गंदा पानी आने से अन्य खेतों में भी फसल खराब हुई है। पवन का कहना है कि हर वर्ष उन्हें लाखों रुपये का नुकसान बरसाती नाले के पानी की सही निकासी न होने से हो रहा है। नगर परिषद नाले के पानी का सही से समाधान नहीं कर रही है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक ने बताया कि मंगलनगर में जमा होने वाला बरसाती पानी का समाधान बरसात के मौसम के बाद होगा। क्योंकि बरसात के मौसम में कार्य शुरू करना और परेशानी पैदा करना होगा। शहर का पानी आबादी से बाहर ले जाने के लिए डीपीआर तैयार हो चुकी है। जल्द ही तैयार डीपीआर को अमल में लाया जाएगा।

### ग्रामीणों ने तालाब बंद कराने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सोहना।** गांव किरनकी नंगला के ग्रामीणों ने एसडीएम को लिखित में शिकायत देते हुए आबादी क्षेत्र के साथ बने तालाबों को तुरन्त प्रभाव से बंद किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने तालाब के पानी से कई मकान गिरने का खतरा और जमीन से निकलने वाला पानी दूषित होना बताया है। मंगलवार को गांव किरनकी नंगला निवासी ग्रामीणों ने एसडीएम डॉ. चिनार चहल को गांव में बने आबादी क्षेत्र के साथ तालाबों को तुरन्त प्रभाव से बंद करने की मांग की है। स्थानीय निवासी राजेश रोहिल्ला ने बताया कि तालाब गांव के चारों तरफ आबादी क्षेत्र के साथ-साथ बने हैं। तालाबों का पानी साथ बने मकानों की दीवारों को छू रहा है। जिससे मकानों के नीचे से मिट्टी का कटाव हो रहा है। कुलदीप का कहना है कि जमीन से निकलने वाला पीने का पानी तालाबों में सालभर पानी जमा रहने से दूषित हो रहा है। जमीन का पानी पीने योग नहीं है और ग्रामीण दूषित पानी पीकर बीमार हो रहे हैं। बीरसिंह का कहना है कि तीन दिन पहले भी उनका छह वर्षीय पोता तालाब में डूब गया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। ऐसी अन्य घटनाएं भी भविष्य में घटित हो सकती हैं। क्योंकि आबादी क्षेत्र से बच्चे कभी भी किसी तालाब के पास जा सकते हैं। मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी को भी ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई है।

### बैंक की गलती से दूसरे खाते में जमा हुए दो लाख रुपये

**पलवल।** आईडीबीआई बैंक की गलती के कारण एक व्यक्ति के दो लाख रुपये किसी दूसरे व्यक्ति के खाते जमा हो गए। जिसके बाद व्यक्ति ने जमा हुए रुपये खाते से निकाल लिए और बार-बार बैंक कर्मियों के आग्रह करने पर वापस जमा नहीं कराए। शहर थाना पुलिस बैंक मैनेजर की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच अधिकारी एसआई सुरेंद्र के अनुसार आईडीबीआई बैंक की ब्रांच मैनेजर वनीता गांधी ने शिकायत दर्ज कराई है कि 20 मई को श्यामलाल नामक व्यक्ति ने चेक के माध्यम से एक दो लाख रुपये एनईएफटी उजीवन बैंक शाखा पिंगौड में करने के लिए दी थी। बैंक द्वारा वह एनईएफटी तुंरत प्रभाव उजीवन बैंक को फारवर्ड कर दी, लेकिन गलती से भूलवश वह एनईएफटी अकील पुत्र तयब निवासी अजीजाबद के खाते में जमा हो गई। जिसके अगले दो दिन बैंक की छुट्टी रही। दो दिन की छुट्टी के बाद बैंक खुलने पर इस गलती का पता लगा। जिसके बाद अकील से संपर्क कर कहा गया कि आप अपने खाते में जमा हुए रुपये न निकालें, लेकिन अकील ने उन दो लाख रुपयों को अपने खाते से निकाल लिया। जिसके बाद अकील के घर जाकर परिवार से संपर्क किया और रुपये वापस जमा कराने का आग्रह किया तो अकील के पिता ने गलती मानते हुए रुपये वापस जमा कराने का आश्वासन दिया। उसके बाद बार-बार कहने पर अकील ने दो लाख रुपये वापस जमा नहीं कराए तो पुलिस को शिकायत दी गई।

## अनुसूचित जाति के छह मेधावी विद्यार्थियों मिलेगा उत्तम कोटि की शिक्षा प्राप्ति का अवसर : सलोनी शर्मा

**नूंह।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सलोनी शर्मा ने बताया कि जिला नूंह में अनुसूचित जाति के कक्षा 9 और 11 में पढ़ रहे तीन-तीन मेधावी छात्रों को नीति आयोग, भारत सरकार की श्रेष्ठा योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा उच्च कोटि के आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्तम कोटि की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल सकेगा। सलोनी शर्मा ने बत्ताया कि पूरे जिले से इन छह विद्यार्थियों का चयन जिला प्रशासन द्वारा मेरिट के आधार पर किया जाएगा। योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर सालना 75000 रुपये और ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थी पर 125000 रुपये प्रतिवर्ष खर्च किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश गोरिया ने बताया कि जिले के सभी उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मुख्याधापकों और प्राचार्यगण को उनके विद्यालयों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थीगण को चयन प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर देने हेतु पंजीकरण के निर्देश दे दिए गए हैं। पंजीकरण के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा गूगल लिंक जारी किया है।

## गुरुग्राम गाडौली खुर्द में मिला देश के टॉप फॉर में शामिल जहरीला सांप

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**गुरुग्राम** के गाडौली खुर्द गांव में देश के टॉप चार जहरीले सांपों में शामिल शा स्केल वाइपर मिला है। जहरीले सांप को वन्यजीव संरक्षक द्वारा एक घर से रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है। सांप की इस प्रजाति को गुरुग्राम में पहली बार देखा गया है।

वन्यजीव संरक्षक अनिल गंडास ने बताया कि मंगलवार को कोयले का काम करने वाले उनके गांव के ही एक युवक ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके यहां पर एक छोटा सांप है। जिसके बाद मौके पर पहुंचे तो वह सांप देखकर दंग रह गए। गनीमत रही कि इस दौरान सांप को किसी ने छेड़ा नहीं। उन्होंने बताया कि सभी ग्रामीण सांप की इस प्रजाति को सामान्य समझ रहे थे। अनिल गंडास ने बताया कि यह एक शा स्केल वाइपर प्रजाति का सांप है। जिसका जहर होमोटोक्सिक होता है जो डसते ही शरीर को अंदर से गलाने लग जाता है और मरीज के शरीर में असहनीय पीड़ा होती है। उचित समय पर इलाज नहीं मिलने पर एक घंटे में मौत हो सकती है। उन्होंने बताया कि भारत के सबसे चार जहरीले सांपों में से यह एक है। अनिल के मुताबिक उन्होंने गुरुग्राम में पहली बार शा स्केल प्रजाति के सांप को देखा है। इससे पहले वह इसी प्रजाति के सांप को रेस्क्यू करने एक बार राजस्थान के सिरोही तक गए थे, लेकिन मंगलवार को उनके ही गांव में इस प्रजाति का सांप मिलने पर वह दंग रह गए। उन्होंने सांप सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया है।



रेस्क्यू किए गए सांप को दिखाते वन्यजीव संरक्षक अनिल गंडास।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम कॉलेज गई युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत एक गांव से गुरुग्राम कॉलेज पढ़ने गई युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने पीड़ित युवती के पिता की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित युवती के पिता रमाकांत यादव ने बताया कि सोमवार को उनकी 21 वर्षीय बेटी गुरुग्राम में अपने डीएसडी कॉलेज गई थी। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी तो उन्होंने खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री का मोबाइल फोन भी बंद है। जांच अधिकारी एएसआई प्रहलाद ने बताया कि पीड़ित रमाकांत यादव के बयान पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### जिले का रिकवरी रेट 97.50 प्रतिशत

**नूंह।** उपायुक्त शक्ति सिंह ने बताया कि जिले में लगातार कोरोना टैस्टिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिला उपायुक्त ने बताया कुल 824 लोगों का सैंपल लिया गया था। जिसमें पिछले दिन की रिपोर्ट मिलाकर 804 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव पाए गए, इसके अलावा 539 रिपोर्ट्स का रिजल्ट आना अभी बाकी है और जिला उपायुक्त ने बताया कि पूरे जिले के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि जिले में कोई कोरोना संक्रमित व्यक्ति नहीं मिला हैं। जिले के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि जिले का रिकवरी रेट 97.50 फीसदी तक पहुंच चुका है। जबकि पॉजिटिविटी रेट 0.00 फीसदी है। वहीं मृत्यु दर की बात करें तो पूरे जिले की मृत्यु दर 02.38 फीसदी से है। जिले के अगर कुल आंकड़ों की बात करें तो अब तक लगभग 302013 के करीब कुल सैंपल लिए गए हैं जिनमें से 293576 सैंपल नेगेटिव रहे और 4577 सैंपल पॉजिटिव पाए गए। इसके अलावा 2492 सैंपल का रिजल्ट आना अभी बाकी है।

### अब तक एक लाख 38 हजार लोगों का हुआ वैक्सीनेशन

**नूंह।** उपायुक्त शक्ति सिंह ने बताया कि जिले में वैक्सीनेशन के कार्य में तेजी आई है। उन्होंने बताया लोग अब काफी संख्या अपनी बारी आने पर वैक्सीनेशन करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोविड टीकाकरण के निमित्त जन आंदोलन चलाया जाएगा। जिला नूंह के सब सेंटर एरिया पर यह टीकाकरण किया जाना निश्चित हुआ है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में मंगलवार को 18 वर्ष या उसके अधिक आयु के 1821 व्यक्तियों को और अब तक एक लाख 38 हजार 272 लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिले में वैक्सीनेशन के लिए ष्व2द्वठ्ठ.द्ग्श1.द्बठ्ठ पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं, पंजीकरण हेतु लाभार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन अपने स्थान से भी निकटतम केंद्र पर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### डालसा के सीजेएम ने बालग्रह का दौरा कर जाना बच्चों का हाल



**नूंह।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण नूंह के सचिव एवं सीजेएम प्रतीक जैन ने नूंह जिले के तीनों बालग्रहों का दौरा किया। बालग्रहों की विजिट के दौरान उन्होंने यहां बच्चों का रहन-सहन, खाने-पीने के प्रबंध, सफाई व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों को कोरोना से बचाव के तरीके भी बताए। इस दौरान बालग्रहों के प्रमुखों ने उन्हें बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। सीजेएम प्रतीक जैन ने कहा कि नूंह जिले में तीन बालग्रह हैं। तीनों ही बालग्रह तावडू ब्लॉक में स्थित हैं। सबसे पहले उन्होंने तावडू के घुसबेठी गांव स्थित दीपालय बालग्रह का दौरा किया। यहां उन्होंने बच्चों के बेडरूम, प्लेग्राउंड और किचन का निरीक्षण किया। उन्होंने बालग्रह के किचन स्टाफ से कहा कि खाना बनाने में विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। उन्होंने इंचार्ज से कहा कि एंड क्रॉफ्ट जैसी एक्टिविटी करानी चाहिए। बड़े बच्चों को कोई प्रफोशनल ट्रैनिंग भी दिला सकते हैं। उन्होंने भंगोह स्थित पीसीआई बालग्रह और पीपाका स्थित ऑर्फंस इन नीड बालग्रह का भी दौरा किया। तीनों बालग्रह के इंचार्ज से उन्होंने कहा कि कोरोना के समय बच्चों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। कोई बाहर का व्यक्ति खुद को पूरी तरह से सैनिटाइज किए बिना बालग्रह में प्रवेश न करें। खेल के दौरान भी बच्चों को दूरी बनाए रखने के लिए सुझाव दिये। बच्चों को मास्क व साबुन से हाथ धोने के तरीके बताय। बच्चों के खाने व पीने में इम्यूनिटी बढ़ाने वाले पदार्थों की अधिकता बढ़ाने के बारे में भी बताया। इस दौरान उन्होंने बालग्रह के बच्चों से बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना।

### 10 अगस्त को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**नूंह।** बिजली निजीकरण के बहुप्रतीक्षित बिजली संशोधन विधेयक के खिलाफ 15 लाख बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर 10 अगस्त को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को डीएचबीवीएन के नूंह डिवीजन में आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के प्रधान योगराज दीक्षित की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नेशनल को-आर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रीसिटी इंप्लाईज एंड इंजीनियर (एनसीसीओईईई) के आह्वान पर होने वाली 10 अगस्त की हड़ताल में बढ़ चढ़कर शामिल होने का फैसला लिया गया। बैठक में इलेक्ट्रीसिटी इंप्लाईज फैडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा,आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, डिप्टी जनरल सेक्रेटरी जितेंद्र तेवतिया, राज्य सचिव सामून खान, सर्कल सचिव राजेश शर्मा, यूनिट सचिव लियाकत आदि मौजूद थे। बैठक में ठेका प्रथा समाप्त कर डीसी रेट अनुबंध कर्मियों को पक्का करने, पक्का होने तक समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, एक्स ग्रेसिया रोजगार स्कीम में लगाई गई शर्तों को हटाने, डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित सभी ठेका कर्मचारियों को वेतन में बढ़ोतरी करने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया।

## मेवात का हर क्षेत्र में हो रहा विकास : जाकिर हुसैन

### नूंह विधानसभा क्षेत्र के उजीना मंडल की कार्यकारिणी की हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



जाकिर हुसैन को बुक्का भेट करते भाजपा कार्यकर्ता।

**भाजपा** के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक चौ. जाकिर हुसैन ने नूंह विधानसभा क्षेत्र के गांव संगेल में आयोजित उजीना मंडल की कार्यकारिणी बैठक में मुख्य अतिथि के रूप शिरकत में की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा की केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं और उनकी उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक अपने विचार रखे। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व एमडीबी सदस्य डॉ. महेन्द्र गर्ग ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि चौ.जाकिर हुसैन हुसैन ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने देश व प्रदेश का पिछले सात वर्षों में हर क्षेत्र में विकास किया है। भाजपा की सरकारों ने सबका-साथ, सबका-विकास व सबका-विश्वास के नारे को चरितार्थ करके दिखाया है। आज देश व हमारा प्रदेश लगातार उन्नत्ति व विकास की नई बुलंदियों को तेजी से छू रहा है। भाजपा की केन्द्र सरकार ने देश के सभी हिस्सों में बड़ी-बड़ी परियोजनाएं देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मेवात क्षेत्र को भी दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे जैसी बड़ी परियोजना देने का काम किया है। हुसैन ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश कोरोना महामारी से लगातार मुकाबला कर रहा है और केन्द्र व राज्य की सरकारों ने इस मुश्किल वक्त में गरीबों और किसानों को सीधी आर्थिक मदद पहुंचाई है।

जाकिर हुसैन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल की ईमानदारी व अच्छी सोच से आज हरियाणा प्रदेश के हर जिले का समान विकास हो रहा है। मनोरलाल के नेतृत्व में मेवात में भी तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेवात क्षेत्र का पिछले 6-7 वर्षों में इतना विकास हुआ जो पिछले 60 वर्षों में नहीं हुआ। आज मेवात क्षेत्र को रोजगार में भी बराबर का हिस्सा दिया जा रहा है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण एक ही भर्ती में मेवात जिले 40 से भी ज्यादा जूनियर इंजिनियर का चयनित होना।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी मनोहरलाल के नेतृत्व में नूंह जिले का तेजी से संपूर्ण विकास होगा। इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष केशव पंडित, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रहीश खान, जिला मंत्री मुनेश फौजी, मंडलाध्यक्ष मुकेश सिंह उजीना, अजय, मलखान सिंह, सुरेन्द्र राजावत, जमशेद, जमील अहमद, लक्ष्मण सैनी, डॉ. महेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार, मूलचंद शर्मा, अनिल कुमार, जगदीश संगेल आदि के अलावा कई दर्जन मंडल पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## पानी में तैरता मिला लापता युवक का शव

**तावडू।** 25 जुलाई को खोरी कलां से लापता हुए रंगाला निवासी 17 वर्षीय युवक का शव भिवाड़ी यूआईटी थाना की सीमा के अंतर्गत पहाड़ों के बीच एक पत्थरों की खान में भरे पानी में तैरता हुआ मिला है। भिवाड़ी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। खोरी पुलिस चौकी मामले की जांच में जुटी है। खोरी पुलिस चौकी इंचार्ज चांद सिंह ने बताया कि 25 जुलाई ढाई बजे के करीब आशीष निवासी रंगाला खोरी कला से अपने गांव के ही दो युवकों के साथ मोटरसाइकिल पर गया था। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा तो उनके परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सोमवार को पुलिस ने आशीष की मां कविता पत्नी कृष्ण निवासी रंगाला थाना तावडू की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया। चौकी इंचार्ज के मुताबिक मंगलवार को उन्हें भिवाड़ी पुलिस द्वारा सूचना मिली की यूआईटी थाना की सीमा के अंतर्गत पहाड़ों के बीच पत्थरों की खान में भरे पानी में एक युवक का शव बरामद हुआ है। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे और परिजनों को बुलाया जिन्होंने युवक की शिनाख्त आशीष के रूप में की। भिवाड़ी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतक के मामा सतीश व अन्य परिजनों ने मोटरसाइकिल पर साथ बिठाकर ले जाने वाले युवकों पर षड्यंत्र रच कर आशीष की हत्या करने का आरोप लगाया है।

## कोरोना की सम्भावित तीसरी लहर में आमजन करें सहयोग : शक्ति सिंह

### अभी भी कोविड प्रोटाकॉल का करें पालन, सार्वजनिक स्थानों पर पहनें मास्क

**नूंह।** उपायुक्त शक्ति सिंह ने कहा कि लोगों की सुविधा के मद्देनजर सरकार द्वारा विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए महामारी अलर्ट सुरक्षित हरियाणा के छूट प्रदान की गई है। आमजन इस छूट के बीच कोरोना वायरस से बचाव संबंधी उपायों व सावधानियों के प्रति लापरवाही न बरते बल्कि सचेत रहकर कोरोना से खुद को बचाएं। जिला में प्रशासनिक सजगता व लोगों की जागरूता से ही कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। इसलिए आमजन अपना पूर्ण सहयोग व योगदान दें, सभी सतर्कता बरतें और कोरोना से बचाव के उपायों को अपनी आदत बनाएं, ताकि जिला में कोरोना के संक्रमण सम्भावित तीसरी लहर को आने से रोका जा सके।

उपायुक्त शक्ति सिंह ने कहा कि महामारी अलर्ट सुरक्षित हरियाणा के तहत दी गई छूट का उद्देश्य आर्थिक गतिविधियों का संचालन कर आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराना है। आमजन इस दौरान कोरोना वैश्विक महामारी के प्रति गंभीरता न भूलें और कोविड-19 बचाव संबंधी नियमों व हिदायतों का अनुपालन करें। कोरोना से बचाव के लिए मॉस्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग व बार-बार हाथों को धोना आदि उपायों को अपनी आदत में शुमार करें, ताकि कोरोना संक्रमण से बचाव हो सके। संक्रमण के प्रति छोटी सी लापरवाही स्वयं को और दूसरों को भी खतरे में डाल सकती है। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार उन्होंने दूसरी लहर के दौरान संक्रमण के प्रति सतर्कता दिखाते हुए प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया था, ठीक उसी प्रकार अभी भी प्रशासन का सहयोग करे। आमजन संक्रमण के फैलाव की गंभीरता को समझें। इस बीमारी के फैलाव को उपाय व सावधानियां बरतकर ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि आमजन न केवल स्वयं बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी कोरोना से बचाव के उपायों को अपनाने बारे प्रेरित करें। बाजार में हो या अन्य किसी भी कार्य क्षेत्र पर हों एक दूसरे से कम से कम दो गज की दूरी पर रहें। मुंह को मॉस्क या किसी कपड़े से ढके, यदि हम मॉस्क, सोशल डिस्टेंसिंग व बार-बार हाथ धोने जैसी सावधानियों व उपायों को अपनाते है तो काफी हद तक कोरोना से बचे रह सकते है और दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते हैं। इसलिए इस महामारी को हम सबको एकजूट होकर हराना है और अपने साथ-साथ दूसरों को भी इस वायरस के प्रति जागरुक करना है।

## सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाएं किसान

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** में सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत उपायुक्त शक्ति सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में योजना की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में किसानों को जागरूक करने के बारे में कार्य योजना बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सूक्ष्म सिंचाई योजना पर ड्रीप व स्प्रींकल लगाने पर 80 से 85 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

डीसी शक्ति सिंह ने योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभाग टपका सिंचाई अर्थात स्प्रिंकलर आदि लगाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी किसानों तक पहुंचाए और उन्हें खेती के लिए स्प्रिंकलर लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल इस विषय को लेकर अत्यंत गंभीर हैं ताकि भूमिगत जल स्तर को बढ़ाया जा सके और पानी की कम खपत में फसलों की अच्छी पैदावार हो सके। बैठक में बताया गया कि जिला में वर्तमान में माइक्रो इरीगेशन का जो क्षेत्र है उससे अधिक दिशा में बढ़ाने के प्रयास करने होगें। उन्होंने माइक्रो इरीगेशन के क्षेत्र बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे रीसाइकिलिंग पानी का प्रयोग सिंचाई में करने को लेकर कार्ययोजना तैयार करें।

## किसान व खेतीहर मजदूरों के लिए योजना लागू

### आकस्मिक मृत्यु पर योजना में वित्तीय सहायता का प्रावधान

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** शक्ति सिंह ने कहा है कि किसान एवं खेतीहर मजदूरों को दिन-रात खेत-खलिहानों में काम करना पड़ता है और उन्हें 24 घंटे कई तरह की दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ऐसे में अगर परिवार के कमाऊ सदस्य की अकाल मौत हो जाए तो पूरे परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाता है।

उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा ऐसे परिवारों को आर्थिक सहायता मुहैया करवाने के लिए मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर जीवन सुरक्षा योजना चलाई जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए लागू कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए है ताकि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले और कोई भी इससे वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि अगर कृषि कार्यों के दौरान खेतों, गांवों, मार्केट यार्ड और ऐसे स्थानों से आते-जाते समय कोई व्यक्ति दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो योजना के तहत मार्केट कमेटी द्वारा पीड़ितों को



वित्तीय सहायता दी जाती है। योजना के तहत दुर्घटना के दौरान मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये, रीढ़ की हड्डी टूटने या स्थायी अशक्तता होने पर ढाई लाख रुपये, दो अंग भंग होने पर या स्थायी गंभीर चोट होने पर 1,87,500 रुपये की सहायता दी जाती है। इसी प्रकार, एक अंग भंग होने या स्थायी चोट लगने पर सवा लाख रुपये, पूरी उंगली कटने पर 75 हजार रुपये, आंशिक अंगुली भंग होने पर 37 हजार रुपये की राशि मार्केट कमेटी के माध्यम से दी जाती है।

उपायुक्त शक्ति सिंह ने बताया कि मृत्यु के मामले में आर्थिक सहायता हेतु दावा करने के लिए पुलिस रिपोर्ट व पोस्टमार्टम का होना जरूरी है। अशक्तता की स्थिति में प्रमाण पत्र व अंग हानि होने की स्थिति में शेष बचे हुए अंग की फोटो दावे के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए। इसके अलावा, आवेदक को दुर्घटना के दो महीने के अन्दर संबंधित मार्केट कमेटी के सचिव के पास आवेदन करना होगा।

## प्रदेश का मॉर्डन बस स्टैंड बेबसी पर बहा रहा आंसू

एन.रोहिल्ला। सोहना



सोहना में स्थित प्रदेश का मार्डन बस स्टैंड के परिसर में खड़े अवैध वाहन।

**सोहना** में स्थित प्रदेश के मॉर्डन सामान्य बस स्टैंड अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा है। बस स्टैंड परिसर में यात्रियों के लिए पीने के पानी की सुविधा से लेकर बिजली, अवैध पार्किंग और मनचले युवकों का अड्डा बनकर रह गया है। बस स्टैंड के सुपरवाइजर ने स्थानीय पुलिस थाने से लेकर जीएम और रोडवेज महानिदेशक को पत्र लिखकर समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है।

हरियाणा रोडवेज विभाग का सामान्य बस स्टैंड यहां आने वाले यात्रियों को सुविधाएं देने में असमर्थ है। बस स्टैंड परिसर में यात्रियों को न तो पीने के लिए ठंडे पानी की सुविधा है। वाटर कूलर पिछले कई माह से बंद पड़ा हुआ है। यहां खराब बिजली व्यवस्था के चलते छत पर लटके पंखे शोपीस बनकर रह गए हैं। अवैध पार्किंग होने के कारण हरियाणा रोडवेज समेत यहां आने वाली राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश रोडवेज बसों को सही से स्थान तक नहीं मिल रहा है। कई बार निजी वाहन चालकों का रोडवेज बस चालकों से झगड़ा भी हुआ है।

रात्रि के समय बिजली की व्यवस्था खराब होने के कारण बस स्टैंड परिसर अंधेरे में डूबा रहता है। निजी बस मालिक और रेहड़ी मालिक रात के समय में बस स्टैंड परिसर में खड़ा कर देते हैं।

**कब मिला मॉर्डन बस स्टैड का दर्जा :** प्रदेश के दो प्रमुख मॉर्डन बस स्टैंड में गिना जाने वाला सोहना का सामान्य मॉर्डन बस स्टैंड जनसमस्याओं के चलते अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। वर्ष 2014 में प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार में सोहना से विधायक रहे चौधरी धर्मबीर ने करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से मॉर्डन बस स्टैंड का निर्माण कराया था। तत्कालीन प्रदेश परिवहन मंत्री आफताब अहमद ने उद्घाटन करते हुए बस स्टैंड को राज्य का दूसरा मॉर्डन का दर्जा दिया था।

**जीएम से लेकर महानिदेशक को पत्र :** बस स्टैंड पर नवनियुक्त सुपरवाइजर सतीश लुहाच ने बताया कि उन्होंने अव्यवस्थाओं के सुधार के उद्देश्य से रोडवेज के जीएम से लेकर एसडीएम, महानिदेशक और पुलिस सिटी थाना प्रभारी को पत्र लिखे हैं। ताकि जनसस्याओं का जल्द से जल्द निदान हो सके।

## नाबालिग लड़की को पुलिस ने किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** थाना मुजेसर की पुलिस टीम ने लावारिस हालत में घूम रही 10 वर्षीय लड़की को उसके परिजनों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।

पुलिस थाना मुजेसर में तैनात मुख्य सिपाही विनोद और महिला सिपाही मंजू गश्त पर थे रात्रि के करीब 10 बजे उनको थाना मुजेसर एरिया में स्थित मच्छी मार्केट के पास एक किशोरी लावारिस हालत में घूमते हुए मिली, पुलिस को देखकर वह डर गई। पुलिस टीम को संदेह हुआ की लड़की शायद मुसीबत में है तो उससे पूछताछ की जिससे पता चला कि वह अपने घर का पता भुल गई है। उसने बताया कि वह कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के अपने गांव से अपने माता पिता के साथ आई हैं। लडकी के बारे में पुलिस कंट्रोल रुम के माध्यम से सभी थाना चौकियों में सूचना प्रसारित की गई।

## हरियाणा सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत सहायता राशि में की बढ़ोतरी : उपायुक्त

**नूंह।** हरियाणा सरकार ने एक अप्रैल पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता राशि को बढ़ाने का कार्य किया है। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया राज्य सरकार ने वृद्धावस्था, दिव्यांग और विधवाओं को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता राशि को 2,250 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह किया गया।

उन्होंने बताया कि स्कूल न जाने वाले अशक्त बच्चों की वित्तीय सहायता राशि को 1,650 रुपये से बढ़ाकर 1,950 रुपये प्रति माह किया है और बेघर बच्चों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता राशि को 1,350 रुपये से बढ़ा कर 1,600 रुपये प्रति माह कर किया गया है। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विधवा, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यागं व निराश्रित पेंशन, निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता, लाड़ली पेंशन, बौना भत्ता, 0 से 18 स्कूल नहीं जाने वाले मंदबुद्धि बच्चों को वित्तीय सहायता, एसिड अटैक से पीड़ित महिला व लड़की को वित्तीय सहायता, किन्नर भत्ता, कश्मीरी विस्थापित परिवारों को वित्तीय सहायता, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, दिव्यांग पहचान पत्र बनाकर लाभ प्रदान किया जाता है। सभी योजनाओं के आवेदन के लिए परिवार पहचान पत्र की प्रति संलग्र करना अनिवार्य है। उपायुक्त शक्ति सिंह ने बताया कि योजनाओं की अधिक जानकारी के लिए जिला सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिला में 57,128 को ओल्ड ऐज सम्मान पेंशन, 5707 को विकलांगता पेंशन, 21,454 को विडो पेंशन दिया जा रहा है।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**सूचना**

मैं सुनीता मदान पत्नी मुकेश मदान निवासी 3ए-93, एनआईटी फरीदाबाद मेरे मकान की ओरिजनल रजिस्ट्री नं0-8974ए दिनांक 22.11.2018 खो गई है, मिलने पर उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मनके प्रताप सिंह पुत्र खचेडू निवासी गांव अटाली तहसील बल्लबगढ़ जिला फरीदाबाद बयान करता हू। कि मेरा पुत्र संजू व पुत्रवधु बबली जो कि मेरे व मेरे परिवार के कहने से बाहर है। संजू व उसकी पत्नी बबली को उनके अभद्र व्यवहार व आऐ दिन हमारे साथ लडाई झगडा करना व हमारी कोई बात न मानना व हमारे कहे अनुसार न चलने के कारण मैनें उक्त दोनों को अपनी तमाम चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में जो कोई भी व्यक्ति उक्त लोगों से किसी भी प्रकार का लेन-देन व रिश्ता रखता है तो उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्य कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथी प्रताप सिंह

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# ओलम्पिक का संदेश

## प्रतियोगिता के साथ समावेशन

**ओलम्पिक** जबरदस्त प्रतियोगिता के बीच मानवजाति को समावेशन का संदेश देता है। ओलम्पिक खेलों ने 2016 में रियो के बाद दूसरी बार टोकियो से संदेश दिया है कि इसका अर्थ केवल विजय न होकर संबंधों से है। यह संदेश उन 29 खिलाड़ियों से आया है जो वर्तमान समय में 82 मिलियन राज्यविहीन या अपने घरों से विस्थापित लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो दुनिया में शरणार्थियों की तरह रह रहे हैं। अब उनको एक मंच व एक स्वर मिला है। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति-आईओसी ने निर्णय किया कि शरणार्थियों को खेलों के माध्यम से अपने जीवन को संजोने का अवसर मिलेगा। आईओसी ने रियो ओलम्पिक में शरणार्थी ओलम्पिक टीम के रूप में 10 शरणार्थी एथलीटों को आमंत्रित किया था। टोकियो में यह संख्या लगभग तीन गुना बढ़ कर 29 हो गई है। यह याद दिलाता है कि शरणार्थियों की संख्या भी इसी तरह बढ़ रही है। यदि इन एथलीटों को ओलम्पिक में भाग लेने का अवसर मिला है तो इसका कारण यह है कि उनको अब उत्पीड़न या भूख की चिन्ता नहीं है। घर से बहुत दूर उनके पास घर है, वे सुरक्षित हैं तथा सभी प्रकार के अधिकारों व स्वतंत्रताओं का आनन्द उठा रहे हैं। लेकिन शरणार्थी का दर्जा होने के कारण वे आहत हैं। उनका मानना है कि 'एक दिन, एक समय यदि मेरे देश में व्यवस्था सुधरती है तो मैं वापस जाकर अपने देश का प्रतिनिधित्व करूंगा।' यह शरणार्थी पाउलो एमोटन लोकोरो का सपना है जो टोकियो में 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। गृह युद्ध से बचने के लिए दक्षिण सूडान के पूर्व मवेशी झुंड के मालिक अब कीनिया पलायन कर गए हैं।

अफगान निगारा शाहीन ने अपने बचपन में पाकिस्तान छोड़ दिया था।



उनको दोनों देशों से उत्पीड़न और जीवन पर खतरे का सामना करना पड़ा, पर उन्होंने अतीत को जूडो में मैडल प्राप्त करने का सपना नहीं तोड़ने दिया। सीरिया की तैराक युसरा मार्दिनी 2015 में दुनिया भर में उस समय सुर्खियों में आईं जब उन्होंने अपनी बहन के साथ सीरिया छोड़ने का फैसला किया। उन दोनों ने एक छोटी नौका से सफर शुरू किया और उसके डूबने पर भूमध्य सागर में तैर कर अपनी जान बचाई। उस समय भी तैराकी ने उनकी जान बचाई और आज यह खेलों में उनका सपना बन गई है। 2015 से लेकर अब तक आईओसी के आह्वान ने दुनिया में शरणार्थियों पर नीतियों में बेहतरी भी दिखाई है। उदाहरण के लिए वर्तमान ओलम्पिक खेल आयोजित करने वाले जापान ने 2019 में शरणार्थी स्तर प्राप्त करने की अपील करने वालों में से एक प्रतिशत से कम को ही यह दर्जा दिया है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके उलट सर्वोच्च अर्थव्यवस्थाओं में चौथे स्थान वाले जर्मनी ने इसी साल लगभग 53 प्रतिशत शरणार्थियों को अनुमति दी। आज दुनिया के शरणार्थियों में सबसे ज्यादा संख्या सीरियाइयों, अफगानियों, रोहिंग्याओं तथा अफ्रीकनों की है। लेकिन उनके लिए बहुत कम देशों ने अपनी सीमायें खुली रखी हैं। कुछ देशों में पहुंचने में सफल होने पर शरणार्थियों को भेदभाव का सामना करना पड़ता है या उनको राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना जाता है। शरणार्थी ओलम्पिक खिलाड़ी एंजेलीना नडाई लोहालिथ ने कहा था, 'हमें उम्मीद है कि दूसरे लोग हमें सामान्य लोगों की तरह देखेंगे।' खेल विश्व समुदाय को समझाना चाहते हैं कि शरणार्थी समस्या को केवल कुछ डालर दान देकर अनदेखा नहीं किया जा सकता है। शरणार्थी समस्या से निपटने के लिए पहले इसके मानवीय आयामों को स्वीकार करना होगा।

# मिल रहे आर्थिक सुधारों के लाभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में तीन बड़े आर्थिक सुधार किए थे। उस समय उनका मजाक उड़ाया गया था, पर अब वे उल्लेखनीय प्रगति का कारण बने हैं।



**बिंदू डाल्मिया**
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली पहली सरकार ने तकनीक के कुशल प्रयोग से सामाजिक कल्याण की योजनाओं में 80 प्रतिशत अंतिम लाभार्थियों को लाभ मिलना सुनिश्चित किया है। इस लेख में मैं खासकर तीन व्यापक वित्तीय समावेशन और रोजगार सृजन लक्ष्यों की चर्चा करना चाहती हूं जिनको मोदी की पहली सरकार के समय शुरू किया गया था। अब 2021 में ये प्रयास फलदाई सिद्ध हो रहे हैं और इन्होंने अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करना शुरू कर दिया है। इन तीनों सुधारों का उस समय आलोचकों ने मजाक उड़ाया था, चाहे वह नोटबंदी के माध्यम से समानान्तर अर्थव्यवस्था समाप्त करना हो, मोदी द्वारा स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से स्वरोजगार सृजन के प्रयास हों या मिशन के रूप में स्किल इंडिया को प्रोत्साहन देना हो।

प्रधानमंत्री ने 2015 में त्रिआयामी दृष्टिकोण पेश किया था। डिजिटल भुगतानों के माध्यम से समानान्तर अर्थव्यवस्था समाप्त करने के प्रयासों से फिनटेक सेवा क्षेत्र को प्रोत्साहन मिला है, जनता के लिए एक सहायक परिस्थितिकी तंत्र बना है तथा अब 'स्टार्टअप इंडिया' के माध्यम से आईपीओ क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ है। इसके साथ ही 'स्किल इंडिया' खोजों के क्षेत्र को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। मध्य 2021 तक इन तीनों सुधारों ने असाधारण प्रगति प्रदर्शित की है, खासकर पहले दो सुधारों ने कोविड के पश्चात डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है। डिजिटल बैंकिंग के सर्वव्यापीकरण ने वित्तीय समावेशन पैदा किया है। शहरी और ग्रामीण गरीबों को वित्तीय समावेशन में शामिल किए बिना 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था तथा न्यू इंडिया बनाने के लक्ष्य पूरे नहीं हो सकते हैं।

इसलिए बैंकों से बाहर छूट गई जनसंख्या को औपचारिक कर्ज व्यवस्था, बचत और बीमा तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी हो गया था। 'वित्तीय समावेशन के मूलभूत आधारों में बैंकों से बाहर छूट गए लोगों को बैंकों में लाना, असुरक्षित लोगों को सुरक्षित बनाना तथा निर्धन लोगों को पैसा देना था।' कोरोनावायरस वैश्विक महामारी ने डिजिटल भुगतानों को गति प्रदान की है जो वित्तीय समावेशन प्राप्त करने का रास्ता बन गए हैं।

उपभोक्ताओं के कर्ज इतिहास तक पहुंच बनाए बिना तकनीक आधारित कर्ज देने की व्यवस्था करना संभव नहीं था, जबकि बैंकों से बाहर छूट गए लोगों के कर्ज लेने का कोई ट्रैक रिकार्ड नहीं था। इसी तरह बंधक रखने में अक्षम एमएसएमई क्षेत्र को कर्ज का विस्तार करना कठिन था। जन-धन, आधार और मोबाइल इकोसिस्टम की जेएएम त्रयी को 2015 में स्थापित किया गया। इसने डिजिटल वित्तीय सेवाओं को व्यापकता, मात्रा तथा प्रदान करने की गति के आधार पर जून 2021 तक व्यापक विस्तार दिया। आज भारत की भुगतान व्यवस्थाओं में औसतन 150 मिलियन से अधिक लेनदेन का रोज निपटारा होता है जिनकी धनराशि 4.5 करोड़ रुपये है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी में डिजिटल भुगतानों की प्रभावशीलता भी स्पष्ट दिखाई देती है।

वित्त वर्ष 2021 में 319 सरकारी योजनाओं के माध्यम से 53 लाख करोड़ रुपये का भुगतान डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। आज बैंक फिनटेक के साथ

**स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से आईपीओ क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ है। पिछले वर्षों में स्टार्टअप परिदृश्य में असाधारण प्रगति हुई है। स्किल इंडिया मिशन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे बाजार की गतिशीलता बदल रही है। वर्ष 2021 भारत में स्टार्टअप उद्योग के लिए असाधारण प्रगति वाला रहा है। केवल 6 महीने में इसके 16 सदस्य यूनीकार्न क्लब में शामिल हुए हैं।**

साझीदारी कर ज्यादा से ज्यादा 'न्यू टु क्रेडिट' माइक्रो उद्यमों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था में ला रहे हैं तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं को सात मिनट में कर्ज दे रहे हैं, जबकि पहले इस काम में सात दिन लगते थे। इन हस्तक्षेपों के पहले ग्रामीण भारत तक वित्तीय सेवाओं का विस्तार बैंकों के लिए बहुत कठिन काम था क्योंकि सुदूर क्षेत्रों में रह रहे लोगों की सेवा करने में बहुत खर्च होता था। इसके साथ ही छोटे वित्तीय लेनदेन के कारण कर्ज की मांग भी बहुत कम थी।

'स्किल इंडिया मिशन' ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्किल इंडिया सरकार द्वारा 2015 में की गई स्मार्ट पहलों में शामिल थी जिसका लक्ष्य बाजार और उद्योग के अनुकूल कौशल तैयार करना था ताकि कामगारों को 2022 तक विभिन्न कामों के लिए तैयार किया जा सके। वैश्विक रूप से प्रतियोगी बनने तथा प्रति व्यक्ति उत्पादकता व प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए हमें लाखों कम वेतन पाने वाले लोगों के लिए अच्छे वेतन वाले रोजगार तैयार करने हैं। इसके माध्यम से कामगारों को कृषि क्षेत्र से सेवा क्षेत्र और विनिर्माण क्षेत्र में लाया जा सकता है। यह बहुत उत्साहवर्धक खबर है कि जून, 2021 तक 1.25 करोड़ से अधिक लोगों को हर साल प्रधानमंत्री की फ्लैगशिप योजना 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' के अंतर्गत स्किल, रि-स्किल और अप-स्किल किया जा सका था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'आज की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए केवल एक कुशल व्यक्ति ही सक्षम है। कमाई बढ़ने के साथ उसका सीखना थमना नहीं चाहिए।'

पिछले वर्षों में स्टार्टअप परिदृश्य में असाधारण प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ने 2015 में कहा था, 'भारत को नौकरी मांगने वालों के बजाय नौकरी देने वालों के देश की तरह देखा जाना चाहिए।' इसके लिए एक सक्षम परिवेश बनाना जरूरी था। बिजनेस सुगमता आयामों को बढ़ावा देने से कर्ज तक पहुंच आसान हुई है। इससे उद्यमिता व स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिला है। नोटबंदी के कारण 2017 में पेटीएम जैसे फिनटेक स्टार्टअप को बढ़ावा मिला। इसी प्रकार कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण विभिन्न प्रकार के तकनीक आधारित स्टार्टअप की स्वीकार्यता बढ़ी है जिनमें शिक्षा, सौंदर्य, खुदरा व्यापार, खाद्य पदार्थ डिलीवरी एग्रीग्रेटर, ई-कामर्स, ई-हेल्थकेयर, आदि अनेक क्षेत्र शामिल हैं। इस खोजी उद्यमिता ने पहली बार प्रवेश करने वाले को भी लाभान्वित किया है और वह यूका-परिवर्तनशीलता, अनिश्चितता, जटिलता तथा भ्रम की दुनिया से बाहर निकलने की कला में माहिर हुआ है।

इससे बाजार की गतिशीलता बदल रही है और इसमें प्रवेश करने वाले नये उद्यमी वर्तमान बिजनेस माडलों को बदल कर नये उत्पाद तैयार कर सकते हैं। ये उत्पाद उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप हैं तथा जीवन सुगमता सरल बनाने में अपना योगदान करते हैं। वर्तमान समय में स्टार्टअप पुरानी अर्थव्यवस्था की तुलना में 1.3 गुना अधिक रोजगारों का सृजन करते हैं। उन्होंने गैर-प्रायोजित कंपनियों की तुलना में लगभग दूने टैक्स का भुगतान किया है।

वर्ष 2021 भारत में स्टार्टअप उद्योग के लिए असाधारण प्रगति वाला रहा है। केवल 6 महीने में इसके 16 सदस्य यूनीकार्न क्लब में शामिल हुए हैं। नवीनतम प्रवेश करने वालों में ब्राउजरस्टैक, जीटा व मोगलिक्स शामिल हैं, जबकि 10 बिलियन पौंड से अधिक मूल्य वाले लीग आफ डेकन्स उद्यमों में बाइजू, जोमैटो व पेटीएम जैसी कंपनियां शामिल हुई हैं। उम्मीद है कि अगले तीन सालों में टेक-स्टार्टअप का विस्तार 150 और यूनीकार्न में होगा। इस बीच वैश्विक निवेशक समुदाय भारत में उभरते स्टार्टअप के प्रति बहुत आशान्वित है तथा भारत दुनिया में तीसरे सबसे बड़े व सबसे तेज विकसित हो रहे स्टार्टअप स्थल बन गया है।




# गंगा में बढ़ता माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण

**माइक्रोप्लास्टिक्स आकार में 5 मिमी से कम होते हैं, और अब वाराणसी, कानपुर और हरिद्वार में गंगा में प्रमुख प्रदूषण सामग्री बनकर मुसीबत पैदा कर रहे हैं।**



**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

भारत में सबसे अधिक पूजनीय नदी गंगा तेजी से मानवजनित प्रदूषण का दुखद शिकार बनती जा रही है। पिछले एक दशक में, गंगा में प्रदूषण का स्तर, विशेष रूप से मल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया, बढ़ रहा है- इसके तट पर रहने वाले 400 मिलियन लोगों का प्रभाव। वाराणसी में एकत्र किए गए नमूनों में बार-बार कोलीफॉर्म का स्तर निर्धारित सीमा से 100 गुना अधिक दिखाया गया है। दस लाख की आबादी वाला तीर्थ शहर प्रतिदिन 200 मिलियन लीटर अनुपचारित मानव मल गंगा में छोड़ता है। गंगा एक्शन प्लान आशा की एक किरण थी जिसने नदी को साफ करने में मदद करने का वादा किया था लेकिन यह एक मृगतृष्णा साबित हुई। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, आवश्यक तकनीकी विशेषज्ञता की कमी, और गरीब सरकार के कारण प्रदूषण पर लगाम लगाने में सरकार द्वारा शुरू की गई योजना बहुत धूमधाम से विफल रही। देशी, धार्मिक निकायों और पर्यावरण नियोजन से समर्थन की अनुपस्थिति के कारण इन मुद्दों को और बढ़ा दिया गया था।

परिणाम मानव प्रदूषण के पापों से भरी नदी को साफ करने के एक और प्रयास की विफलता थी। भारत में जल संसाधनों की स्थिति पर विश्व बैंक की रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत में जल प्रदूषण की स्वास्थ्य लागत प्रति तीन प्रतिशत होगी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत और देश की लगभग 80 प्रतिशत बीमारियां और एक तिहाई मौतें जल जनित बीमारियों के कारण होंगी। भविष्यवाणियों की पुष्टि गंगा सटीक रूप से कर रही है। यहां तक कि जब लोग, सरकार और नदी खुद प्रदूषण के अत्यधिक स्तरों से जूझ रहे हैं, एक एनजीओ, टॉक्सिक लिंक्स द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि गंगा में माइक्रोप्लास्टिक का स्तर बढ़ गया है और रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, गंगा अब एक प्रमुख नदी के लिए माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की दुनिया की उच्चतम सांद्रता होने का संदिग्ध गौरव प्राप्त है। माइक्रोप्लास्टिक्स आकार में 5 मिमी से कम हैं और अब वाराणसी, कानपुर और हरिद्वार में गंगा में प्रमुख प्रदूषण सामग्री बनकर मुसीबत पैदा कर रहे हैं। रिपोर्ट में नदी के पानी में माइक्रोप्लास्टिक सामग्री में इस मेगा स्पाइक के पीछे नदी को धार्मिक प्रसाद में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पाया गया है। प्लास्टिक में इस वृद्धि का पर्यावरण और मनुष्यों के लिए समान रूप से गंभीर प्रभाव है। माइक्रो प्लास्टिक्स में मौजूद एथिलीनविनाइल, पॉलीएसिटिलीन और पॉलियामाइड की उपस्थिति मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक प्रभाव डालती है और ऑक्सीडेटिव तनाव, भड़काऊ घावों और बढ़े हुए उत्थान या स्थानांतरण के माध्यम से विषाक्तता पैदा कर सकती है। कई अध्ययनों ने माइक्रोप्लास्टिक्स के निरंतर संपर्क या अंतर्ग्रहण के कारण मनुष्यों में चयापचय संबंधी गड़बड़ी, न्यूरोटॉक्सिसिटी और कैंसर के खतरे में वृद्धि की संभावना का भी प्रदर्शन किया है। चूंकि नदियां मनुष्यों के लिए आवश्यक जीवन रेखा होती हैं और कृषि क्षेत्र के लिए सिंचाई का महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं, इसलिए हमारी नदियों को माइक्रोप्लास्टिक हॉटस्पॉट बनने से रोकने की आवश्यकता है। इससे न केवल नदी जल जैव विविधता बल्कि मानव स्वास्थ्य की भी रक्षा होगी। गंगा को प्रभावित करने वाले माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता को देखते हुए, सरकार को इस प्रकार के प्रदूषण को रोकने के लिए तत्काल उपचारात्मक उपाय करने चाहिए। जल निकायों में फैले माइक्रोप्लास्टिक को नियंत्रित करने के लिए वर्तमान में दुनिया भर में अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करना और उन्हें अपनाना महत्वपूर्ण है।

पहला कदम एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना है और दूसरा, अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है जैसे कि मेम्ब्रेन बायोरिएक्टर तकनीक जिससे माइक्रोप्लास्टिक को छानने के लिए अपशिष्ट जल के उपचार के लिए फाइबर का उपयोग किया जाता है।

इसी तरह, पानी में माइक्रोप्लास्टिक के खिलाफ लड़ाई को अगले स्तर तक ले जाने के लिए नैनोसेल्यूलोज झिल्ली फिल्टर विकसित किए जा रहे हैं। दुनिया में पहले से हो रहे इन रोमांचक विकासों के साथ, भारत पीछे नहीं रह सकता है और उसे पहल करनी चाहिए और घरेलू मोर्चे पर इन तकनीकों को अपनाना चाहिए और कीमती नदी और जल निकायों को माइक्रोप्लास्टिक के गंभीर खतरे से बचाया जाना चाहिए।



## आप की बात

### वादे तोड़ने की आदत

**अक्सर** नेता वाहवाही और प्रसिद्धि पाने के लिए अनोखे वायदे कर लेते हैं, फिर बाद में उन्हें भूल जाते हैं। आम आदमी पार्टी तो इस काम में महारथ हासिल कर चुकी है। इसीलिए उसे लोग 'आदतन असत्यवादी पार्टी' भी पुकारने लगे हैं। इसके शीर्षस्थ नेता अरविन्द केजरीवाल ने पिछली कोरोना लहर के दौरान, जब प्रवासी मजदूर अपने घर वापस लौटने लगे थे, तो उनसे वायदा किया कि उनके दिल्ली-स्थित निवास का किराया सरकार देगी, वे वापस न जाएं। उनके इस वचन का ऐतबार कर बहुत से कामगार दिल्ली में ही टिक गए, पर बाद में केजरीवाल सरकार ने अपना वायदा नहीं निभाया। सोचा होगा, वादे हैं, वादों का क्या। किन्तु कुछ मजदूर कोर्ट पहुंच गए। न्यायालय ने बात को गंभीरता से लिया। अपने फैसले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्हें बकाया किराया मजदूरों की ओर से मकान मालिकों को देना पड़ेगा। अब शायद वायदा करने में उस्ताद केजरीवाल को आटे-दाल का भाव पता चलेगा। अन्य राजनीतिबाज नेता भी अब सावधान रहें और वायदों की घोषणा से पूर्व उन्हें निभाने की योजना बनाकर रखें। वायदे महज तोड़ने के लिए नहीं होते।

– **आस्था गर्ग,** बागपत रोड, मेरठ

### राजद्रोह कानून

**राजद्रोह** कानून की प्रासंगिकता तो हमेशा बनी रहेगी। सरकार को इसके दुरुपयोग की संभावनाओं को नगण्य बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कई असामाजिक तत्व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं। अन्य देशों को भारत की खुफिया जानकारी उपलब्ध कराना, देश का धन लूट कर भगोड़े के रूप में विदेश भाग जाना, आतंकवाद को प्रोत्साहित करना, नकली नोट चला कर देश की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने वाले एवं देश की अखंडता को भंग करने जैसे असंवैधानिक कार्य करने वालों को आखिर किस कानून के तहत दंडित किया जा सकता है, इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर न्यायपालिका एवं सरकार को विचार करना चाहिए। उपरोक्त सभी अपराध क्या राजद्रोह से कम है? सामाजिक रुप से लोगों को भी इस तथ्य पर गौर करना चाहिए की देश के हित में क्या है। राजद्रोह कानून की समीक्षा होनी चाहिए। देश, काल और परिस्थिति के मुताबिक इसमें संशोधन किया जा सकता है। अंग्रेजों ने तो स्वतंत्रता सेनानियों को प्रताड़ित करने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया लेकिन अब हमारी सरकार को वास्तविक राज द्रोहियों को इस कानून के प्रावधानों के तहत चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### खतरों से न खेलें युवा

**बरसात** का मौसम हरियाली लेकर आता है। प्रकृति का श्रृंगार इस सीजन में मनमोहक होता है। इसी से रिझते हुए लोग पर्यटक और पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचते हैं। आनंद लेने के उद्देश्य से सैर सपाटा करते लोग कभी-कभी असावधानी से हादसों का शिकार हो जाते हैं। पानी,पहाड़ी और खाई से बचकर पर्यटन का लुत्फ उठाने में ही लोगों के लिए समझदारी होगी। इन दिनों पर्यटन का मौसम है। पहाड़ियां हरियाली से आच्छादित हो चुकी है तो नदी नाले भी भरपूर जल राशि लिए हुए हैं। लोग दूर-दराज से इन स्थलों पर पहुंच रहे हैं लेकिन अति उत्साह से कभी-कभी असावधानीवश ऐसे हादसे हो जाते हैं जिनसे रंग में भंग पड़ जाती है। मौज मस्ती में डूबे युवाअक्सर सेल्फी के चक्कर में दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। इस तरह के हादसे आए दिन हो रहे हैं लेकिन न तो युवा सबक ले रहे हैं ना ही उनके साथ आने वाले पालक ही। अगर पर्यटन का सही आनंद लेना है तो सावधानी जरूरी है। मौज मस्ती का आनंद लेने वालों को पहाड़ों और नदियों के किनारों से सावधान रहना चाहिए जरा सी चुक से जानलेवा हादसा हो सकता है।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**सरकार** कहती है कि हमारे किसान कृषि कानूनों से प्रसन्न हैं और जो विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं वे आतंकवादी हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**मैंने** त्यागपत्र देने का निर्णय लिया है। किसी ने भी ऐसा करने के लिए दबाव नहीं डाला। मैंने स्वत: निर्णय लिया जिससे कोई अन्य मुख्यमंत्री का पद ग्रहण कर सके।

– **बीएस येदियुरप्पा**
निवर्तमान मुख्यमंत्री कर्नाटक



**भाजपा** के पास राज्य पर शासन करने की क्षमता नहीं है। यह सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। चलिए चुनावों की ओर चलें।

– **डीके शिवकुमार**
कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख

## संक्षिप्त समाचार

### मजदूर-महिलाएं भी बनें किसान आंदोलन की ताकत: सीमा वाल्मीकि

**भिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान जो आंदोलन कर रहे हैं, वह स्वयं अपने लिए ही नहीं, बल्कि जनता के लिए कर रहे हैं, ताकि उनके अधिकारों व हकों को बचाया जा सके। इसलिए मजदूर व महिलाएं भी किसान आंदोलन के साथ एकजुट होकर भारी संख्या में शामिल हो रहे हैं। ये बातें कितलाना टोल पर धरने को सम्बोधित करते हुए महिला नेत्री सीमा वाल्मीकि ने कहीं। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार ने सरसों नहीं खरीदी थी तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली से सरसों का तेल कम कीमत पर गरीब जनता के लिए बंद कर दिया। उनको बाजार से महंगे भाव 200 रुपये पर खरीदना पड़ रहा है, जो सबके बस की बात नहीं रही। इसी तरह यदि ये कृषि विरोधी तीन काले कानूनों के चलते सरकार भविष्य में गेहूं, चावल व दालें नहीं खरीदेगी तो मजदूर तबका बाजार भाव से अनाज खरीद नहीं पाएगा, तब भूखा मरने की नौबत आ जाएगी। इसलिए किसान वर्ग अपनी लड़ाई के साथ मजदूर वर्ग तथा आम जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं। सांगवान खाप-40 के सचिव नरसिहं सांगवान डीपीई ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि आंदोलन को तेज करने के उद्देश्य से 29 जुलाई को प्रात: 10 बजे स्वामी दयाल धाम दादरी में फौगाट खाप-19 की तरफ से जो महापंचायत बुलाई गई है। उसमें बड़ी संख्या में अन्य खाप, किसान, मजदूर, महिला व सामाजिक संगठन शामिल होंगे। इस प्रस्तावित महापंचायत में ज्यादा से ज्यादा किसान, युवा, मजदूर व महिलाएं पहुंचने का आह्वान किया है, ताकि आंदोलन को तेज करने के निर्णय लिए जा सकें।

### बबीता तंवर करणी सेना की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**भिवानी।** भाजपा की महिला मोर्चा की जिला प्रधान बबीता तंवर को करणी सेना की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश स्तरीय इस नियुक्ति की घोषणा मंगलवार को करणी सेना के संस्थापक सूरजपाल अम्मू ने की। इस दौरान नवनियुक्त महिला प्रदेशाध्यक्ष ने करणी सेना के संस्थापक सहित राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों का आभार जताया है। बता दें कि मंगलवार को करणीसेना के संस्थापक सूरजपाल अम्मू स्थानीय अनाज मंडी में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपने पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। जहां बबीता तंवर को महिला प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त महिला प्रदेशाध्यक्ष बबीता तंवर ने कहा कि उन्हे आज जो यह जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसका वे बड़ी मेहनत व लग्न से निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि करणी सेना समय-समय पर महिलाओं के हकों व अधिकारों के संघर्ष करती रहती है और अब वे भी करणी सेना के इस अभियान से जुड़कर महिला उत्थान एवं विकास के लिए कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि आज भी ग्रामीण स्तर की महिलाएं अपने हकों व अधिकारों से वंचित होने की वजह से प्रताड़ना का शिकार होती है। अब वे करणी सेना से जुड़कर ऐसी महिलाओं तक पहुंचकर उनका प्रताडऩा से बचाने का कार्य करेंगी।

### तीन दुकानें से लाखों का माल उड़ाने वाला आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** एक साथ तीन दुकानों का ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी व सामान चुराने की वारदात में शामिल एक आरोपी को आखिर छह महीने बाद जाटूसाना थाना पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव उच्चा भांडोर निवासी परमिंद्र उर्फ प्रवीण के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव बेरली कलां निवासी सरजीत सिंह पुत्र लक्ष्मीनारायण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह 29 जनवरी को वह बस स्टैंड स्थित मोहित इलेक्ट्रॉनिक नाम की दुकान को बंद करके घर गया था, अगले दिन जब वह दुकान पर पहुंचा तो प्रतिष्ठान का ताला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर पता चला कि दुकान से 40 किलो नया कॉपर, 30 किलो पुराना कॉपर, गन मैटल बुश व पीतल तथा एक बैटरी गायब थी। इसी प्रकार चोरों ने बेरली बस स्टैंड पर एक दुकान से 85 किलो नया व 15 किलो पुराना कॉपर व मोतला कलां बस स्टैंड स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर वहां से 15 किलो नया कॉपर व 10 हजार रुपये की नकदी चोरी की थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू करते हुए छानबीन की, जिसमें परमिंद्र का नाम सामने आया।

# वंशज चौहान का यूथ एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

## वंशज चौहान ने 63.5 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया

### बॉक्सिंग एकेडमी के सात बॉक्सर्स ने नेशनल में भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


वंशज चौहान ट्राफी के साथ।

**खेवड़ा** में आयोजित यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में वंशज चौहान ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के सात बॉक्सर्स ने नेशनल में भाग लिया। जिसमें खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण पदक व दो कांस्य पदक प्राप्त किए। वंशज चौहान ने 63.5 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जिसमें वंशज ने प्री-क्वार्टर में अजीत को, क्वार्टर फाइनल में राजस्थान के विश्वास को और सेमीफाइनल में बिहार के कन्हैया को व फाइनल में आर्मी के सानातोही को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। 75 किलोग्राम में तेजस नैन ने व 71 किलोग्राम भारवर्ग में हर्षित राठी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किए। 17 अगस्त 2021 से 30 अगस्त 2021 तक दुबई में यूथ एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित होगी। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी का बॉक्सर वंशज चौहान भाग लेगा। चौहान की यह उपलब्धि विद्यालय व सोनीपत वासियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। बॉक्सिंग कोच रोहताश कुमार ने बताया कि इस चैंपियनशिप में लगभग 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी विशाल गर्ग, व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। चेयरमैन तरसेम गर्ग ने वंशज चौहान की खेल भावना को सराहा और भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### सैंकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की हुई नि: शुल्क जांच


**सिरसा।** वार्ड नंबर 3 न्यू हाउंसिंग बोर्ड कॉलोनी में यूथ ब्रिगेड ऑफ इंडिया व सामाजिक एकता शक्ति सोसायटी की तरफ से समाजसेवी बलवंत शैली सिंहमार के जन्मदिन के मौके पर निश्शुल्क स्वास्थ्य चेकअप कैंप व थैलेसीमिया बीमारी से बचाव हेतु रक्तदान जागरूकता शिविर लगाया गया। बलवंत शैली ने इस मौके पर कहा किथैलेसीमिया बीमारी से बचाव में रक्त की अहम भूमिका है। रक्त किसी फैक्ट्री इत्यादि में नहीं बनता लेकिन आप द्वारा किया।

# पेड़ बचाने के लिए सरकार ने लागू की प्राणवायु देवता पेंशन योजना: विधायक

## पर्यावरण की शुद्धता के लिए घर-घर जाकर किया जा रहा है पौधरोपण को जागरूक

### मुख्यमंत्री ने प्राणवायु देवता पेंशन योजना लागू की

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**घरौंडा** के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि वातावरण को शुद्ध रखने के लिए हर व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए, इसके लिए वह आने वाले दिनों में गांव-गांव, घर-घर कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पौधे लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। वन विभाग द्वारा पौधे मुफ्त दिए जा रहे हैं।

पेड़ बचाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्राणवायु देवता पेंशन योजना लागू की है। इस योजना के तहत 75 वर्ष की आयु के पेड़ों के रखरखाव के लिए 2500 रुपये प्रतिवर्ष दिए जाएंगे। वन विभाग द्वारा इसका सर्वे करवाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधों का विशेष महत्व है। हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने पेड़ों की रक्षा और सुरक्षा के लिए विद्यार्थियों को भी जोड़ने का काम किया है, जो विद्यार्थी एक पेड़ लगाएगा और इसकी सुरक्षा करेगा, उसे सरकार द्वारा 6 माह में 50 रुपये तीन साल तक दिए जाएंगे, मुख्यमंत्री की इस योजना से तीन साल में एक पेड़ खड़ा हो जाता है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से कहा कि वे छायादार व फलदार पेड़-पौधे लगाएं।

इससे किसान की आय भी बढ़ेगी और पर्यावरण भी शुद्ध होगा। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमें शुद्ध वायु, फल, फूल, औषधि देते हैं, परन्तु लेते कुछ नहीं। लोगों को प्रण लेना चाहिए कि वह पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा करें।

### खाजाखेड़ा गांव में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

**सिरसा।** जन शिक्षण संस्थान सिरसा द्वारा खाजाखेड़ा गांव में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया जिसके अंतर्गत गीता रानी व प्रीति रंधावा ने वृक्षारोपण के संबंध में लोगों को जागरूक किया।

संस्थान के कार्यक्रम सहायक अंशुल जैन ने कहा कि जन शिक्षण संस्थान द्वारा 15 जुलाई से 31 जुलाई तक सिरसा जिला के प्रत्येक ब्लॉक में स्वच्छता पखवाड़ा बनाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ संस्थान की चेयरपर्सन डॉ. कुमुद रामानंद बांसल, प्रबंधन मंडल के सदस्य व संस्थान केनिदेशक धर्मपाल गर्ग द्वारा 15 जुलाई को सभी कर्मचारियों व प्रशिक्षकों को शपथ दिलाकर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत संस्थान द्वारा वृक्षारोपण, जल प्रबंधन शौचालय के उपयोग आदि सामाजिक विषयों पर जागरूकता प्रदान करता है।

# एसयूसीआई ने प्रदर्शन कर पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



**बढ़ी** महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, मजदूर व किसान विरोधी काले कानूनों के खिलाफ एसयूसीआई कम्युनिस्ट के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन महलाना चौक से शुरू होकर छोटूराम चौक होते हुए उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचा।

पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री के नाम समस्याओं का ज्ञापन दिया गया। जिसमें बढ़ते हुए डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम, खाने के तेल में 100 फ़ीसदी बढ़ोतरी, किसान विरोधी कानून, 44 श्रम कानूनों को बदलकर चार शर्म कोड बनाने, सामाजिक कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमें बनाकर जेलों में डालने के खिलाफ ज्ञापन दिया गया। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कामरेड इंदर सिंह ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे।

तब वे डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम घटाने की बात करते थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दामों की भारी गिरावट के बाद भी तेल के दामों में भारी बढ़ोतरी करके पूंजीपतियों के हित में काम किया जा रहा है। राज्य सचिव कामरेड़ हरि प्रकाश ने संबोधित करते हुए कहा कि देश का किसान कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले आठ महीने से लड़ रहा है।

# भाकियू प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ सिख महापंचायत हो पहली को

## महापंचायत में होंगे कड़े निर्णय, तैयार होगी रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भारतीय** किसान यूनियन हरियाणा (मान) के प्रदेशाध्यक्ष गुणी प्रकाश और उसके साथियों द्वारा सिखों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर सिख महापंचायत एक अगस्त को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में होगी। इस महापंचायत में दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान मनजिंदर सिंह सिरसा विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

मनजिंदर सिंह सिरसा की अगुवाई में सिख संगत द्वारा कड़े निर्णय लेते हुए इस मामले में आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। यह निर्णय लेने से पहले सिख परिवार हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग से मिला। अजराना ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने पूरे मामले से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया है। एसपी ने 28 जुलाई तक आरोपी


गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में जानकारी देते कवलजीत सिंह अजराना व अन्य।

पर केस दर्ज कर उसे गिरफतार करने का आश्वासन दिया है। कवलजीत सिंह अजराना ने स्पष्ट किया कि भाकियू (मान) के प्रदेशाध्यक्ष गुणीप्रकाश से इस मामले में बातचीत करने के लिए कोई भी कमेटी नहीं बनाई गई। इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है, इसलिए या तो गुणीप्रकाश गुरुद्वारा साहिब में आकर सिख संगत से माफी मांगें, अन्यथा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शाहाबाद के राजेश मंडान बने जजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद त्यौड़ी गांव के राजेश मंडान त्यौड़ी को जजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति का जजपा कार्यकर्ताओं व विधायक रामकरण काला ने स्वागत किया है।

इसके लिए कार्यकर्ताओं ने जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चोटाला, प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह और युवा प्रदेशाध्यक्ष रविन्द्र सांगवान का आभार व्यक्त किया है। विधायक रामकरण काला ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष को पार्टी की नीतियों का प्रचार करने और संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ता राजनीति के साथ-साथ जनसेवा के कार्यों में भी भूमिका अदा करें। विधायक रामकरण ने कहा कि कोविड के कारण विकास की गति धीमी थी उसे अब युद्धस्तर पर किया जाएगा।

# सिख समाज से किए वायदों को तुरंत पूरा करे मनोहर सरकार : सिख संगत

### भाकियू नेता गुणी प्रकाश व प्रवीण मथाना सिख समाज से तुरंत मांगें माफी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


बैठक के बाद जानकारी देते राष्ट्रीय सिख संगत हरियाणा के पदाधिकारी।

**राष्ट्रीय** सिख संगत हरियाणा की मीटिंग विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में जसबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें हरियाणा राज्य प्रधान हरजीत सिंह मोंगा, डॉक्टर नरिंदर सिंह विर्क, महामंत्री अधिवक्ता जसमीत सिंह बेदी, महामंत्री डॉक्टर कुलदीप सिंह, जिला प्रधान कैप्टन परमजीत सिंह, कोषाध्यक्ष इंदरजीत सिंह, करनैल सिंह, हरविंदर सिंह, मलकीत सिंह, अमरिंदर सिंह अरोड़ा व अन्य सदस्य आदि मौजूद रहे।

मीटिंग मे भारतीय किसान यूनियन (मान) के प्रदेश प्रधान गुणी प्रकाश व प्रवीन मथाना द्वारा सिख समाज की शान केश व पगड़ी के खिलाफ कुरुक्षेत्र में 22 जुलाई को बोले गए अपशब्दों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वातावरण खराब नहीं करना चाहिए। पर्सनल या पॉलिटिकल लड़ाई को समाज के बीच नहीं लाना चाहिए। गुणी प्रकाश व प्रवीन मथाना को सिख समाज से जल्द ही माफी मांगनी चाहिए। समाज में जहर घोलने वाले ऐसे लोगो को कभी भी माफ नहीं जा सकता। बैठक में अधिकांश सदस्यों ने भाजपा सरकार द्वारा हरियाणा में श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें प्रकाश पर्व पर करनाल सिरसा व यमुनानगर जिले में किये गए अनेक वायदों को याद करवाया।

### ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने कराई ऑनलाइन पेटिंग प्रतियोगिता


विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि डीईओ अरुण आश्री व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय यूथ विंग के अंतर्गत यूथ फॉर ग्लोबल पीस प्रोजेक्ट की जुलाई माह की थीम कौशल विकास के अंतर्गत युवाओं के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन आनलाइन किया गया।

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह कुरुक्षेत्र ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री बतौर मुख्यातिथि और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डा. नरेश कुमार बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मुख्यातिथि अरुण आश्री ने संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के प्रोजेक्ट युवाओं के लिए शुरू किए गए हैं। जिससे युवाओं को लाभ मिलता है। उनके अंदर की विशेषताएं उभर कर सामने आती है। उन्होंने ब्रह्माकुमारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर सादगी, स्वच्छता के लिए यह संस्था प्रसिद्ध है और सिर्फ यहां ही नहीं है। पूरे विश्व में एक सिपाही की तरह कार्य कर रही है। डा. नरेश कुमार ने बताया कि अगर हम कोई भी कार्य डर के कारण शुरू करते हैं तो कभी भी हम इस कार्य में सफलता नहीं मिलती है, तो हमें जो भी कार्य करना चाहिए पूरे आत्मविश्वास के साथ करना चाहिए, तभी हमें सफलता मिल सकती है। यूथ विंग के द्वारा उत्पन्न ग्लोबल पीस प्रोजेक्ट शुरू किया गया है यह युवाओं के लिए सार्थक साबित होगा। आज के समय में युवाओं को ऐसे प्रोजेक्ट की जरूरत भी है।

# सर्वजातीय सर्वखाप महिला महापंचायत की वर्चुअल बैठक में लिए कई निर्णय

### महिलाओं की ही नहीं, हर परेशान व्यक्ति की मदद करता संगठन: डा. दहिया

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र



**सर्वजातीय** सर्वखाप महिला महापंचायत बदलते जमाने के साथ बदल रही हैं। महिला महापंचायत ने भी सोशल मीडिया का उपयोग महत्वपूर्ण तरीके से करना शुरू कर दिया है। सर्वजातीय सर्वखाप महिला महापंचायत की मीटिंग जूम एप के जरिए की गई। जिसका मकसद था सभी महिलाओं को एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित करना।

इससे पहले हुई महिला महापंचायत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पंचायत कर के पंचायती राज में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत रिजर्वेशन की मांग की थी जिसमें हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि विदेशों में बैठी महिलाओं ने भी भाग लिया था। इस मांग को मानते हुए हरियाणा सरकार ने मंजूरी भी दी। इसे सर्वजातीय सर्वखाप महिला महापंचायत अपनी सबसे बड़ी जीत मानती हैं। यह बात सर्वखाप महिला महापंचायत की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष दहिया ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। डॉक्टर संतोष दहिया ने बताया कि वह पिछले लंबे समय से कोरोना संक्रमण के कारण काफी बीमार चल रही थीं। उनका हालचाल जानने के लिए ऑनलाइन मीटिंग की। बता दें कि यह संगठन लगातार देशभर में मजबूत हो रहा है। इससे पहले बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश आदि प्रदेशों की महिलाओं का गठन किया जा चुका है। हरियाणा में भी कई जिलों में यह संगठन बन चुका है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र की अध्यक्ष विजय भारती, करनाल की अध्यक्ष दलजीत कौर संधू, फरीदाबाद जिले की अध्यक्ष प्रभा सिंह, फरीदाबाद हलके के अध्यक्ष कुसुम चौधरी, थानेसर की अध्यक्ष कुसुम दलाल, उपाध्यक्ष सिंदर रानी, रादौर के अध्यक्ष पिंकी रानी, दिल्ली से लता चौधरी बलबीर कौर विनय सिंह कैथल से कमलेश रानी आदि सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई।

# पंचायत भवन में नि:शुल्क मिलेगा गंगाजल

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

### शिव भक्तों की श्रद्धा को देखते हुए प्रशासन ने किया प्रबंध

**शिव** भक्तों की श्रद्धा को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिला मुख्यालय पर स्थित पंचायत भवन के प्रांगण में गंगाजल का विशेष प्रबंध किया है। श्रद्धालु इस बार कोरोना महामारी के कारण हरिद्वार नहीं जा सकते थे, क्योंकि हरिद्वार पहुंचकर कांवड़ व गंगाजल लाने पर प्रतिबंध है।

उपायुक्त ने बताया कि श्रद्धालुओं की इस समस्या को देखते हुए हरिद्वार प्रशासन के साथ मिलकर जिला मुख्यालय पर ही गंगाजल का विशेष प्रबंध किया है। सभी श्रद्धालु छह अगस्त तक हर रोज सुबह नौ से सायं पांच के बीच में पंचायत भवन से गंगाजल ले सकते हैं। हर एक श्रद्धालु को 200 मिली लीटर गंगाजल दिया जाएगा। गंगाजल लेने से पहले श्रद्धालु अपनी एक साधारण प्रक्रिया में रजिस्ट्रेशन करवाएंगे। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर वह सिर्फ अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखवा कर अपना हस्ताक्षर करेंगे। यदि आवेदनकर्ता हस्ताक्षर करने में असमर्थ हैं तो अपने अंगूठे का निशान लगाएंगे।

200 मिली लिटर गंगाजल लेकर इस पवित्र गंगाजल से शिव जल अभिषेक करेंगे। गंगाजल वितरण में जिला बाल कल्याण परिषद्, करनाल व चाइल्ड लाइन 1098, बाल भवन, करनाल जिला प्रशासन का विशेष सहयोग कर रहे हैं। जिसमें लगभग सभी कर्मचारी गंगा-जल वितरण में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।




### सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण

**सिरसा।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 82वें स्थापना दिवस के मौके पर बटालियन कमांडेंट राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार आज मंगलवार सुबह ए/194 बटालियन दुत कार्य बल स्थित सिविल लाइन पुलिस के नए भवन में सहायक कमांडेंट नरसी सिंह लोधे द्वारा पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर ए/194 बटालियन दुत कार्य बल के सहा.कमा. महेंद्र कुमार यादव, निरीक्षक ब्रह्म प्रकाश, निरीक्षक मेहर सिंह व पुलिस के उप निरीक्षक जुगती राम भी मौजूद थे।

## आरजीसीआईआरसी के विशेषज्ञों ने सारकोमा की सही जांच पर दिया जोर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दुर्लभ** प्रकार के कैंसर सारकोमा के बारे में जागरूकता पर चर्चा करते हुए राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के विशेषज्ञों ने इसकी गलत जांच और इस कारण से इलाज पर पड़ने वाले गलत असर को बड़ी चुनौती बताया है।

सरकोमा हड्डी और सॉफ्ट टिश्यू में होने वाला कैंसर है। जुलाई को दुनियाभर में सारकोमा जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। आरजीसीआईआरसी के ऑर्थोपेडिक ओंकोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. हिमांशु रोहेला ने कहा, दुर्भाग्य से विभिन्न अंगों में सारकोमा ट्यूमर की जांच नहीं हो पाती है या अनुचित सर्जरी कर दी जाती है। ऐसे मामलों में कई तरह के नुकसान और अंग खोने का बड़ा खतरा होता है, जो छोटे बच्चों/वयस्कों के जीवन को प्रभावित करता है। आरजीसीआईआरसी सामान्य ऑर्थोपेडिक सर्जनों को सारकोमा का पता लगाने के सही तरीकों, इसकी जांच और उपलब्ध उपचार के विकल्पों के बारे में जागरूक कर रहा है। हालांकि वयस्कों में होने वाले सभी प्रकार के कैंसर में तीन और बच्चों में 10-15 मामलों में सारकोमा होता है, फिर भी इस बीमारी पर ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि इसमें जीवन बचाने के साथ-साथ संबंधित अंग की हिफाजत भी जरूरी होती है। डॉ. रोहेला ने कहा कि आरजीसीआईआरसी जैसे बडे सारकोमा केंद्र में बडी संख्या में मामले देर से सामने आते हैं, जिससे छोटे बच्चों में अंग खोने का खतरा बताया जाता है और इलाज का सही परिणाम नहीं मिलता है।

### कम उम्र से ही बेसिक लाइफस्टाइल में बदलाव के जरिए

## एथेरोस्क्लेरोसिस की स्वास्थ्य परेशानियां और मैनेजिंग वाईटल्स के महत्व के बारे में करें जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कोरोनरी** हृदय रोग, स्ट्रोक आदि जैसे एथेरोस्क्लोरोटिक रोगों की घटनाएं और प्रसार बढ़ा है। पुरुष और महिला दोनों इस स्थिति के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं और एथेरोस्क्लेरोसिस से होने वाली परेशानियों के कारण अस्पताल में भर्ती होने की दर अन्य जातीय समूह की तुलना में भारतीयों में लगभग दो से चार गुना ज्यादा है। समय पर जांच और स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है।

एथेरोस्क्लेरोसिस आर्टेरीज के सख्त होने का कारण बनता है। इस स्थिति में आर्टेरीज की वहिनियो में फैट, कोलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थ जमा हो जाते हैं। इससे कठोर संरचनाएं बनती हैं। जिन्हें प्लैकस कहते हैं। इस बारे में बात करते हुए, डॉ नरेश कुमार गोयल, सीनियर डायरेक्टर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी और इंचार्ज हार्ट फेलियर प्रोग्राम, बीएलके हॉस्पीटल, नई दिल्ली ने कहा एथेरोस्क्लेरोसिस एक शांत स्थिति है और लक्षण तब तक दिखाई नहीं देता जब तक आर्टेरीज गंभीर रूप से सिकुड़ या ब्लॉक नहीं हो जाता। यदि इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाए, तो यह दिल के दौरे या स्ट्रोक जैसी चिकित्सा आपात स्थिति का कारण बन सकता है। कुछ लोगों में, यह एनजाइना या सीने में दर्द/बेचैनी के रूप में दिखाई दे सकता है। यह तब होता है जब दिल की मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन युक्त खून नहीं मिलता है। बहुत से लोग दर्द को बदहजमी समझ लेते हैं। कुछ रिस्क फैक्टर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, मोटापा, शारीरिक गतिविधि की कमी, एक गतिहीन जीवन शैली और यहां तक की एथेरोस्क्लेरोसिस का पारिवारिक इतिहास शामिल हैं। इनमें से ज्यादतर फैक्टर को कम उम्र मे मैनेज किया जा सकता है।

अनावश्यक तनाव से बचना और जरूरी चीजों को कंट्रोल में रखने के लिए नियमित जांच करवाना भी जरूरी है। आगे जोड़ते हुए, डॉ नरेश कुमार गोयल ने कहा, आर्टेरीज के सख्त होने के बाद इसे रिवर्स करना संभव नहीं है। हालांकि, स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए जीवनशैली में बदलाव करना चाहिए।

# हरियाणा ने खेलों के क्षेत्र में किया अभूतपूर्व विकासः दत्तात्रेय

## सिडनी ओलंपिक विजेता कर्णम मल्लेश्वरी ने की राज्यपाल से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



भारोत्तोलन में सिडनी ओलंपिक-2000 की कांस्य पदक विजेता व दिल्ली खेल विश्वविद्यालय की कुलपति कर्णम मल्लेश्वरी ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने श्रीमती कर्णम मल्लेश्वरी से खेलों के बारे में विस्तृत बात की।

दत्तात्रेय ने कहा कि पिछले कई सालों से प्रदेश में खेलों का विकास हुआ है। खेलों की तरफ युवाओं का रूझान बढ़ा है। खेल के क्षेत्र में प्रदेश में और अधिक संभावनाएं है। राज्य सरकार द्वारा अनेक खेल प्रोत्साहित कार्यक्रम योजनाएं शुरू की गई। जिसकी बदौलत टोक्यो ओलंपिक-2020 में प्रदेश के सबसे अधिक 30 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी ओलम्पिक खेलों में अपना शत-प्रतिशत दें। निश्चित रूप से अच्छे परिणाम सामने आएंगे। देश के लिए अधिक से अधिक पदक जीतेंगे। उन्होंने कहा कि टोक्यो ओलंपिक-2020 में महिला खिलाड़ियों ने अच्छी शुरूआत की। साइखोम मीराबाई चानू ने भारोत्तोलन में रजत पदक जीता है। यह भारतवासी के लिए गर्व की बात है। मल्लेश्वरी ने भी कहा कि प्रदेश में पुरूष खिलाड़ियों के साथ खेलों में महिलाओं का अधिक रूझान हुआ है। इस बार भी टोक्यो ओलम्पिक-2020 में हरियाणा की 16 महिलाएं भाग ले रही हैं। यह प्रदेशवासियों के लिए खुशी की बात है।

### ग्वार की खरपतवारनाशी दवाओं के प्रयोग को कम करें किसान

**सिरसा।** ग्वार बारानी क्षेत्रों की एक महत्वपूर्ण फसल है, जिसे कम वर्षा अथवा बिना सिंचाई की जरूरत है। ग्वार फसल की दो मुख्य आवश्यकताएं हैं ''एक तो फसल में अधिक समय तक पानी न रूके, दूसरा इसकी जड़ों में हवा मिलनी चाहिए। प्राय' देखने में आया है कि जो किसान अधिक खरपतवारनाशी दवाओं का प्रयोग करते हैं वे नलाई-गुड़ाई नहीं करते, इससे फसलों की जड़ों में हवा की कमी हो जाती है, जिसके चलते फसल पूरी बढ़वार नहीं ले पाती।

# खरीफ फसल उत्पाद बिक्री के लिए मंडियों में परेशान न रहें किसान

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बैठक में दिए अधिकारियों को व्यवस्था के निर्देश

### तीन लाख 98 हजार किसानों ने कराया है अभी तक पंजीकरण

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल खरीद के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री बीती रात दिल्ली रवाना होने से पहले चंडीगढ़ में खरीफ सीजन 2021-22 की योजना के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उपस्थित रहे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि धान के सीजन को ध्यान में रखते हुए 198 मंडियों, मूंग के लिए 23, मक्का के लिए 19 और मूंगफली के लिए सात मंडियां हैं। खरीफ सीजन 2020-21 के दौरान 56.54 लाख मीट्रिक टन धान, 1099.65 मीट्रिक टन मूंग, 4016.55 मीट्रिक टन मक्का और 650.36 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद की गई है। खरीफ सीजन 2021-2022 से केंद्रीय पूल खरीद के लिए भारत सरकार के मानकों को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। खरीफ सीजन 2021-2022 से केंद्रीय पूल खरीद के लिए, राज्यों द्वारा कुछ मापदंडों का पालन किया जाना है और हरियाणा द्वारा लगभग सभी मापदंडों का अनुपालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि खरीफ सीजन 2021-22 के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल (एमएफएमबी) पर किसानों का पंजीकरण 10 जून से शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, खाता सत्यापन प्रक्रिया को पंजीकरण प्रक्रिया के साथ ही किया जा रहा है। पोर्टल पर आज तक तीन लाख 98 हजार 608 किसानों ने पंजीकरण कराया है।

खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) को 16000 नई जूट की बेलों की आपूर्ति का ऑर्डर दिया है। इसके अलावा जूट की बेलों की अतिरिक्त आपूर्ति के लिए राज्य खरीद एजेंसियों के लिए ओपन टेंडर के माध्यम से 50,000 बेल खरीदी जा रही हैं। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, मुख्यमंत्री की उप प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के महानिदेशक उपस्थित थे।

# एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड योजना से गरीबों को मिली बड़ी राहत : दल सिंह मल्लाह



पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

डीएनटी विकास बोर्ड हरियाणा के सलाहकार दल सिंह मल्लाह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड योजना लागू करके गरीब लोगों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री की इस राहत से अब किसी भी राशन डिपो से अपना आधार कार्ड दिखा कर राशन लेने की सुविधा मिल गई है।

उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को कोविड के कारण नवम्बर 2021 तक राशन मुफ्त दिया जा रहा है। गरीब परिवारों के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करके उनका लाभ उठाना चाहिए। वे मंगलवार को लाडवा रोड स्थित निवारसी कॉलोनी सोंटी में विमुक्त घुमंतू जातियों के परिवारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उनका गांव वालों ने स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि उपेक्षित व वंचित विमुक्त घुमंतू जातियों के युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने अनेक योजनाएं चलाई हैं। सरकार के सामने गरीब, टपरीवास विमुक्त की कोई भी जायज मांग जब वह लेकर जाते हैं तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाता है। उनके द्वारा भी प्रतिदिन टपरीवास, घुमंतू, अर्ध घुमंतू परिवारों में जाकर उनकी समस्याएं सुनी जाती हैं। उन्हें योजनाएं बताकर उनका लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी जाती है।

# काम नहीं तो वेतन नहीं, अनुशासनहीनता तो कतई स्वीकार्य नहीं : उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



सरल केन्द्र में बुजुर्ग से बातचीत करते डीसी सिवाच।

उपायुक्त ललित सिवाच ने काम में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों को कड़े शब्दों में कहा कि काम नहीं तो वेतन नहीं (नो वर्क-नो पे)। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि कोई कर्मचारी अपनी ड्यूटी ईमानदारी से नहीं करता तो उसकी सेवाएं तुरंत प्रभाव से समाप्त की जाएं। साथ ही उन्होंने अंत्योदय सरल केंद्र में ड्यूटी पर गैर-हाजिर मिले तीन कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त सिवाच ने मंगलवार की सुबह अंत्योदय सरल केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जनहित के उद्देश्य से केंद्र की तमाम गतिविधियों एवं सेवा-सुविधाओं की समीक्षा की। सरल केंद्र में प्रवेश करते ही उन्हें हैल्प डेस्क पर कुछ लोगों की भीड़ दिखाई दी, जिनकी सहायता के लिए हैल्प डेस्क पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। इस पर उपायुक्त ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने वहां खड़े लोगों से पूछा कि वे कितनी देर से इंतजार कर रहे हैं, जिस पर कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें यहां आधा घंटा हो गया है। कुछ देर बाद हैल्प डेस्क पर दो महिला कर्मचारी पहुंच गईं, जिन्हें उपायुक्त ने देरी से आने पर कड़ी फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने महिला कर्मियों को चेतावनी देते हुए एसडीएम को निर्देश दिए कि काम में कोताही बरतने वालों की सेवाएं तुरंत प्रभाव से समाप्त करें।

### सरकार किसानों के प्रति संवेदनहीन : कुलदीप

**करनाल।** कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष तथा प्रदेश के पूर्व प्रवक्ता कुलदीप शर्मा ने करनाल के विकास और स्मार्ट सिटी में हुए करोड़ों के खर्च और उसके सदुपयोग पर मुख्यमंत्री और करनाल के विधायक मनोहर लाल को खुली बहस की चुनौती दी है।

उन्होंने कहा कि यदि वह इससे दूर भागते हैं तो अपने प्रतिनिधि या सांसद संजय भाटिया को भेज दें। उन्होंने यह भी कहा कि यह नहीं कर सकते हैं तो श्वेतपत्र जारी कर दें। उन्होंने मुख्यमंत्री को अफसरों और सीएमओ में पदस्थ सीनियर ओएसडी के हाथों की कठपुतली बताया। उन्होंने कहा कि जो अफसर दिखाना चाहते हैं वही देखते और कहते हैं। लगता है कि मुख्य मंत्री में खुद का विवेक नहीं है। पूर्व प्रवक्ता कुलदीप शर्मा आज पत्रकारों के तीखे सवालों का जवाब दे रहे थे।

# गैर-कानूनी तरीके से बच्चा गोद लेने पर होगी कानूनी कार्रवाई: उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

उपायुक्त ललित सिवाच ने चेतावनी दी कि गैर-कानूनी तरीके से बच्चा गोद लेने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसलिए कोई भी व्यक्ति अवैध तरीके से बच्चा गोद न लें। गैर-कानूनी तरीके से बच्चा गोद लेने पर किशोर न्याय अधिनियम के तहत तीन वर्ष की सजा अथवा एक लाख रुपये जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। बच्चा गोद लेने के लिए सेंट्रल अडोप्शन रिसोर्स एजेंसी (कारा) में गोद लेने के लिए आवेदन करना अनिवार्य है।

उपायुक्त सिवाच ने चिंता जताई कि कोविड-19 महामारी के दौरान कुछ बच्चों ने अपने माता-पिता को खो दिया है। ऐसे मामले भी हैं। जिनमें बच्चों ने अपनी माता अथवा अपने पिता को खो दिया है। इस प्रकार एकल अभिभावकों से उनके बच्चे गोद लेने का प्रयास किया जाता है। कुछ गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) तथा व्यक्ति निजी तौर पर बच्चों को गोद लेने-देने के संदर्भ में सूचनाएं देते हैं, जो कि उचित नहीं है। कोई भी गैर सरकारी संगठन तथा व्यक्ति अपने स्तर पर बच्चा गोद नहीं दिला सकता।

उपायुक्त ने जानकारी दी कि बच्चा गोद लेने के लिए, पूर्ण कानूनी प्रक्रिया को अपनाना जरूरी है, जिसके लिए सेंट्रल अडोप्शन रिसोर्स एजेंसी (कारा) में अनिवार्य रूप से आवेदन करना होगा। साथ ही बच्चा गोद देने वालों को भी यह जानकारी होनी चाहिए कि वे कारा में आवेदन के बिना गोद देने की दिशा में कोई कदम न बढ़ाएं।

### कोविड-19 निशुल्क वैक्सीनेशन शिविर 28 जुलाई को

**सिरसा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 28 जुलाई को स्थानीय हुड्डा स्थित आरटीए पासिंग ग्राउंड में कोविड-19 निःशुल्क वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा।।

आरटीए हीरा सिंह ने बताया कोविड-19 निःशुल्क वैक्सीनेशन शिविर 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं छह बजे तक आयोजित किया जाएगा।। शिविर में वाहन पासिंग के लिए आने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ आमजन भी वैक्सीनेशन करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है। टीकाकरण के उपरांत भी आमजन बचाव नियमों की गंभीरता से पालना करें और मास्क अवश्य लगाएं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे वैक्सीनेशन शिविर में पहुंच कर कोरोना रोधी वैक्सीन की डोज अवश्य लगवाएं।

# मांगों को लेकर 6 अगस्त को सरकार के खिलाफ करेंगे रैली : विनोद शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच जेपीए जिला सोनीपत कार्यकारिणी की बैठक पब्लिक हेल्थ यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज एवं संचालन प्रदेश और ब्रांच सचिव विनोद शर्मा ने किया।

प्रदेश कार्यालय सचिव विनोद शर्मा ने कहा कि कल 26 जुलाई को राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाउस रोहतक में संपन्न हुई। मीटिंग में सत्यपाल वर्मा, आर के नागर, पुष्पा दलाल ने संयुक्त रूप से फैसला लिया की कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ 06 अगस्त को प्रदर्शन करेंगे। जिसमें सभी संगठनों के सभी विभागों के हजारों कर्मचारी पंचकूला रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए मांग पत्र सौंपा जाएगा। सरकार को चेतावनी देते हुए कहेंगे कि कर्मचारियों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान करें अन्यथा सरकार को दो महीने का समय दिया जाएगा। अगर कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं हुआ तो दोबारा अक्टूबर में फिर से अन्य संगठनों को साथ चण्डीगढ़ में 06 अगस्त से भी विशाल रैली दोबारा सरकार के खिलाफ रैली की जाएगी। जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने कहा कि दिन सोमवार दो अगस्त को जिला कमेटी सोनीपत ने सभी ब्रांचों के कर्मचारियों की मीटिंग बुलाई है, ताकि सोनीपत जिले से सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों को लेकर 06 अगस्त पंचकूला रैली को सफल बनाया जा सके।

# सेक्टर में लोहे के गेट लगाने से दुकानदारों को परेशानी

### दुकानदारों ने दुकानों का आवंटन रद्द करने के पत्र सौंपने शुरू किए

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।



भाजपा नेता राजीव जैन से मिलते सेक्टर-13 मार्केट के दुकानदार।

सेक्टर-13 स्थित मार्केट के सामने अवैध रूप से बनी ग्रीन बेल्ट के कारण दुकानदार अपनी दुकान नहीं खोल पा रहे हैं। बार-बार अधिकारियों के सामने गुहार लगाने के बावजूद सुनवाई न होने पर दुकानदारों ने अपनी दुकानों का आवंटन रद्द करने के लिए पत्र हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को सौंपने शुरू कर दिए हैं।

मंगलवार को दुकानदारों का प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया संपर्क प्रमुख एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन से मिले। उनसे मामले में हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करवाने की मांग की।

दुकान सरेंडर करने वाले बृजलाल चोपड़ा ने कहा कि मैंने बूथ नंबर पांच नीलामी के जरिए लिया था, परंतु मार्केट के चारों तरफ जंगल और सामने दीवार होने के कारण में दुकान शुरू नहीं कर पा रहा हूं। इसलिए दुकान सरेंडर करने का निर्णय लिया है। दुकानदारों का कहना था कि मार्केट में 56 बूथ एवं दुकानें हैं, परंतु मार्केट के बाहर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अवैध रूप से लोहे का गेट लगा दिया गया है।

# हरियाणा में सहकारी चीनी मिलों की बढ़ेगी क्षमता: बनवारी लाल

## गन्ना सीजन से पहले पूरा हो मिलों का मरम्मत कार्य

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।

### सहकारिता मंत्री ने चीनी मिल अधिकारियों की ली बैठक



हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल ने कहा कि राज्य की सहकारी चीनी मिलों की क्षमता को बढ़ाने का कार्य जारी है। कुछ सहकारी चीनी मिलों की क्षमता आने वाले पिराई सीजन तक बढ़ा दी जाएगी। कुछ चीनी मिलों की क्षमता इससे अगले पिराई सीजन तक बढ़ाई जाएगी ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

सहकारिता मंत्री मंगलवार को राज्य की सभी सहकारी चीनी मिलों के प्रबंध निदेशकों सहित आए हुए किसानों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत कर रहे थे। बैठक में सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल भी उपस्थित थे। बैठक में जींद, पलवल, महम, गोहाना, करनाल, पानीपत, सोनीपत और कैथल सहित अन्य मिलों के अधिकारियों व वहां पर उपस्थित किसानों से सहकारिता मंत्री व सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बातचीत की और उनकी समस्या व सुझावों को सुना तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

उन्होंने आज राज्य की सभी सहकारी चीनी मिलों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश देते हुए कहा कि आने वाले गन्ना पिराई सीजन में चीनी मिलों को पहले से ही रखरखाव व मरम्मत का कार्य करवा लें ताकि आने वाले सीजन में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हों और किसानों को भी किसी भी समस्या का सामना न करना पड़ें।

उन्होंने कहा कि पलवल की सहकारी चीनी मिल में वर्ष 2020 में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आई है और इसकी क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है और वह चाहते हैं कि पलवल की सहकारी चीनी मिल की क्षमता निर्धारित समय अवधि में बढ़ जाएं ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हों। सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज की बैठक में विभिन्न सुझाव आए हैं और इन सुझावों पर कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सहकारी चीनी मिलों में चल रहे क्षमता विस्तार कार्यक्रम की टाइमलाइन फिक्स करें।

## संक्षिप्त समाचार

### जल संरक्षण हो, सब का नारा : डॉ सतविन्द्र टाया



**कुरुक्षेत्र।** निकटवर्ती बरोट गांव में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की आंगनवाड़ी वर्कर्स, हेल्पर व गांव की अन्य महिलाओं ने भाग लिया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पुंडरी से ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ सतविन्द्र टाया ने सभी महिलाओं को जल संरक्षण की चल रही मुहिम में अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिस गति से पीने के पानी को व्यर्थ दोहन किया जा रहा है। आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम होंगे। आने वाली पीढ़ी को पीने के पानी से तरसना होगा, इसलिए समय रहते हुए हम सभी को सरकार व विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही जल संरक्षण सार्थक मुहिम में हिस्सा बनना होगा, ताकि भविष्य में होने वाले पानी की किल्लत से बचा जा सके। कार्यक्रम के अंत में टाया ने सभी महिलाओं को जल सरक्षण की शपथ दिलवाई। जल योद्धा के रूप में आगे आने का आह्वान किया है। इस मौके पर गांव बरोट से मीनाक्षी, आंगनवाड़ी वर्कर उषा, सुनीता, सुमन, वीना व देवेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कोरोना की तीसरी लहर में कोविड का टीका बनेगा संजीवनी



**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद के शिव मंदिर धर्मशाला में कोविड वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन शिव मंदिर सभा और समाज सेवी प्रभजीत सिंह की ओर से किया गया। इस शिविर की शुरूआत विधायक रामकरण काला व मंदिर सभा के प्रधान एडवोकेट जगमोहन मनचंदा ने की। कैंप में एसएमओ डा. कुलदीप के नेतृत्व में 621 लोगों को टीका लगाया गया। जिससे की जिले के सभी कोविड वैक्सीनेशन कैंपों का रिकार्ड टूट गया। विधायक रामकरण काला ने लोगों को वैक्सीनेशन करवाने के लिए प्रेरित किया। टीकाकरण के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि कोविड की महामारी से बचने के लिए कोविड-19 का टीका अनिवार्य है। इसलिए कोई भी व्यक्ति लापरवाही न करें और इंजेक्शन अवश्य लगवाए। रामकरण ने कहा कि कोरोना के चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए हर व्यक्ति को वैक्सीनेशन करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कोरोना की तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में कोविड का टीका संजीवनी का काम करेगा। कैंप के आयोजक प्रभजीत सिंह की ओर से विधायक, चिकित्सकों व सहयोगियों को स्मृति चिन्ह दिये गये। इस अवसर पर प्रधान जगमोहन मनचंदा, रमेश कश्यप, हरीश कवात्रा, वीरेन्द्र मनचंदा, सुरेन्द्रपाल लाली, हैप्पी आनंद, राजू आनंद, विजय शर्मा, रवि हंस, प्रवेश शर्मा सहित बड़ी सं या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### अन्नदाता किसानों ने किया आमरण अनशन शुरू

**भिवानी।** धरती का सीना चीरकर अनाज उगाकर देश भर का पेट भरने वाले किसान आज स्वयं के साथ हो रही ज्यादती के विरोध में आमरण अनशन पर हैं। सरकार व प्रशासन से उनके साथ न्याय किए जाने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन सत्ता के नशे में चूर सरकार व प्रशासन किसानों की मांगें मानने की बजाए, उनको लगातार प्रताड़ित कर रही है। हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा जबरदस्ती किसानों के खेतों में लगाए जाने वाले टॉवरों के विरोध में गांव निमड़ीवाली में पिछले 40 दिनों से धरने पर बैठे किसानों ने आमरण अनशन की शुरूआत कर दी हैं। जिसके तहत मंगलवार से भाकियू जिला अध्यक्ष राकेश आर्य आमरण अनशन पर बैठे। उन्होंने कहा कि जब कंपनी व प्रशासन के अधिकारी उनके खेत में लगाए गए टॉवरों का मुआवजा नहीं देंगे, तब तक किसान अपने संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे। साथ ही राकेश आर्य ने कहा कि किसान हित को लेकर जब सरकार और प्रशासन ही आंख मूंद ले तो किसान के पास आमरण अनशन ही एकमात्र रास्ता बचता है।

### प्रदेश में आने वाला समय इनेलो का : इनेलो

**सिरसा।** इनेलो के वरिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ताओं कृपा कसवां, अनिल कसवां, रामसिंह कसवां, जेके कसवां, योगेश सहारण व डॉ. जगदीश जाखड़ ने एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेशभर में इनेलो की कल्याणकारी नीतियों के कारण दिन प्रतिदिन इनेलो परिवार में इजाफा हो रहा है। मंगलवार को जारी बयान में इनेलो कार्यकर्ताओं ने कहा कि इनेलो के हरियाणा के समुचित विकास और प्रदेशवासियों के लिए बेहतर योजनाएं क्रियान्वित कर उनका जीवन बेहतर बनाने के पक्ष के कारण ही पूरे हरियाणा में इनेलो की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ा है और प्रतिदिन हजारों लोग नित्य इनेलो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी का जीता जागता प्रमाण बीते सोमवार को जिले के गांव फग्गेवाला मोटा में सैकड़ों परिवारों द्वारा आईएसओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन चौटाला के नेतृत्व में इनेलो में शामिल होना है। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के हरियाणाभर में दौरे किए जाने की योजना भर से ही प्रदेशवासियों में उत्साह का संचार है और लोगों में दिन ब दिन इनेलो में शामिल होने की होड़ मची हुई है। सभी इनेलो कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान गठबंधन सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेशवासियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ हरियाणा के गांव-गांव में सरकार के खिलाफ माहौल है।

# बर्खास्त पीटीआई की बहाली को लेकर चार को होगी मंशा साफ

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

### बहाली की मांग को लेकर पिछले 407 दिनों से धरनारत हैं बर्खास्त पीटीआई

### मुख्यमंत्री बहाली को लेकर कई बार दे चुके आश्वासन

**भिवानी।** अपनी बहाली की मांग को लेकर पिछले सवा वर्ष से धरने पर बैठे बर्खास्त पीटीआई का संघर्ष जारी है। इस दौरान प्रदेश के मुखिया उनकी बर्खास्तगी को लेकर कई बार आश्वासन भी दे चुके है, लेकिन फिर भी उनकी बहाली नहीं हुई। अब चार अगस्त को बर्खास्त पीटीआई मामले में होने वाली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की मंशा साफ हो जाएगी कि प्रदेश सरकार पीटीआई की बहाली चाहती है या नहीं।

यह बात लघु सचिवालय के बाहर पिछले 407 दिनों से धरने पर बैठे बर्खास्त पीटीआई को संबोधित करते हुए हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के जिला कोषाध्यक्ष अनिल तंवर ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले सवा वर्ष से बर्खास्त पीटीआई को आश्वासन पर आश्वासन दे रही प्रदेश सरकार द्वारा कुछ करने का समय आ चुका हैं। चार अगस्त को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार बर्खास्त पीटीआई की तरफ से पैरवी कर उनकी बहाली की राह आसान करें। सबका साथ-सबका विकास के नारे को सार्थक करें। उन्होंने कहा कि बर्खास्त पीटीआई की बहाली को लेकर पिछले सवा वर्ष से प्रदेश सरकार सिर्फ बहाने पर बहाने बना रही है, लेकिन आज तक उनकी मांगों को सुना नहीं। अब यदि सरकार बर्खास्त पीटीआई की बहाली चाहती है तो हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान उनकी पैरवी करें।

# लोकतंत्र में है मतभेद दूर करने, नागरिकों की सर्वोत्तम क्षमता निकालने की ताकत : राष्ट्रपति


## राष्ट्रपति ने कश्मीर विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

### कश्मीर खुशी-खुशी इस दृष्टिकोण को कर रहा है साकार

एजेंसी। श्रीनगर

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि लोकतंत्र में मतभेदों को दूर करने तथा नागरिकों की सर्वोत्तम क्षमता को सामने लाने की ताकत है। कश्मीर इस दृष्टिकोण को खुशी से साकार कर रहा है। यहां कश्मीर विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे राष्ट्रपति ने कहा, मेरा अटूट विश्वास है कि लोकतंत्र में मतभेदों को दूर करने, नागरिकों की सर्वोत्तम क्षमता को सामने लाने की ताकत है। कश्मीर खुशी-खुशी इस दृष्टिकोण को साकार कर रहा है।

जम्मू-कश्मीर के चार दिवसीय दौरे पर आए कोविंद ने कहा कि हिंसा कभी भी कश्मीरियत का हिस्सा नहीं थी, लेकिन यह रोजमर्रा की हकीकत बन गई। उन्होंने कहा,



यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की यह उत्कृष्ट परंपरा टूट गई और हिंसा, जो कि कभी कश्मीरियत का हिस्सा नहीं थी, वह रोजमर्रा की वास्तविकता बन गई। उन्होंने कहा, हिंसा कश्मीरी संस्कृति से कोसों दूर थी और इसे केवल विचलन करार दिया जा सकता है, जो कि अस्थाई है। बहुत हद तक एक वायरस की तरह जो कि शरीर पर हमला करता है। जिसे फिर मुक्त करने की जरूरत होती है। अब इस जमीन का खोया हुआ गौरव पुनः प्राप्त करने के लिए नई शुरुआत और दृढ़ प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर विभिन्न संस्कृतियों का मिलन बिंदु रहा है। कश्मीर की कवयित्रियों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, मध्य युग में, वह लाल देड़ थीं, जिन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक संस्कृतियों को साथ लाने का रास्ता दिखाया था। लल्लेश्वरी के कार्यों में आप देख सकते हैं कि कैसे कश्मीर सांप्रदायिक सद्भाव और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का रूप प्रदान करता है। कोविंद ने कहा कि कश्मीर आए लगभग सभी धर्मों के लोगों ने यहां की अनूठी संस्कृति कश्मीरियत को अपनाया और रूढ़िवाद त्यागकर अपने समुदाय के लोगों के बीच सहिष्णुता और आपसी मेलजोल को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा, मैं इस अवसर पर कश्मीर के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे इसकी समृद्ध विरासत से सीख लें। उनके पास यह जानने की पूरी वजह है कि कश्मीर भारत के बाकी हिस्सों के लिए हमेशा ही आशा का पुंज रहा है। यहां के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रभाव की छाप पूरे भारत पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ रेड्डीज का मुनाफा जून तिमाही में 36 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज ने मंगलवार को कहा कि 30 जून 2021 को समाप्त तिमाही के दौरान उसका संचई शुद्ध लाभ अधिक खर्च की वजह से 36 प्रतिशत गिरकर 380.4 करोड़ रुपये रह गया। दवा कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 594.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। डॉ रेड्डीज ने शेयर बाजार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही के दौरान कुल आय 5,053 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4,513.6 करोड़ रुपये के मुकाबले 12 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान कुल खर्च 4,513.8 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 3,620.8 करोड़ रुपये था।

### वीआईपी लोग बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे से बचें: पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि वीआईपी लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने से बचना चाहिए क्योंकि इससे राहत एवं बचाव अभियान प्रभावित होते हैं। बाढ़ राहत कार्यों में उनकी पार्टी के योगदान के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने कहा कि वह निजी अनुभव से बता सकते हैं कि बचाव अभियान से सीधा संबंध ना रखने वाले लोगों को प्रभावित इलाकों का दौरा करने से बचना चाहिए। पवार ने कहा कि वीआईपी दौरे से स्थानीय तंत्र और अधिकारियों पर अनावश्यक दबाव उत्पन्न होता है और बचाव कार्य से भी उनका ध्यान भटक जाता है। महाराष्ट्र के राज्यपाल बीएस कोश्यारी के मंगलवार को किए बाढ़ ग्रस्त इलाकों के दौरे पर तंज कसते हुए पवार ने कहा कि हो सकता है कि वह राज्य को केन्द्र सरकार से धन और अधिक मुआवजा दिलाने में मदद करें। पवार ने कहा कि राकांपा अगले दो-तीन दिन में बाढ़ प्रभावित इलाकों में चिकित्सीय दल और बचाव सामग्री भेजेगी। राज्य सरकार के अनुसार, महाराष्ट्र में बारिश संबंधी घटनाओं में 192 लोगों की मौत हो चुकी है। अभी तक 2,29,074 लोगों को बाढ़ एवं बारिश ग्रस्त इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

## भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा

# कांग्रेस और विपक्षी दलों के हालिये रवैये की खोलें पोल

## संसदीय कार्यमंत्री ने बैठक में दोनों सदनों में अब तक हुए कामकाज की जानकारी दी

### मोदी ने कहा, आजादी की 75वीं वर्षगांठ में जनता की सहभागिता सुनिश्चित करें

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद में लगातार हंगामा करने और कार्यवाही में व्यवधान डालने के लिए कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों से विपक्ष के इस हालिये रवैये की संसद और जनता के समक्ष पोल खोलने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह जानकारी सूत्रों ने दी है। ज्ञात हो कि विपक्षी दल पेगासस जासूसी विवाद और तीन कृषि कानूनों सहित अन्य मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा कर रहे हैं। इस वजह से मानसून सत्र का पहला सप्ताह पूरी तरह हंगामे की भेंट चढ़ गया। सोमवार को भी दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी रहा।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल जानबूझकर ऐसा व्यवहार कर रहे हैं ताकि सरकार गतिरोध दूर



करने के अपने प्रयासों में सफल ना हो। इस कड़ी में उन्होंने सरकार की ओर से गतिरोध दूर करने के लिए किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया।

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री द्वारा कोविड-19 की स्थिति पर चर्चा के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का कांग्रेस द्वारा बहिष्कार किए जाने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस खुद तो कर ही रही है, अन्य विपक्षी दलों को भी इसके लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने सांसदों से कहा, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के इस रवैए की जनता के समक्ष पोल खोलने की आवश्यकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने संसद के दोनों सदनों में अब तक हुए काम काज का ब्योरा दिया। साथ ही यह भी बताया कि सरकार कौन-कौन से विधेयक और अन्य विधाई कार्य प्रमुखता से पूरा कराना चाहती है, लेकिन विपक्षी दलों के हंगामे के कारण वह ऐसा नहीं कर सकी। सूत्रों ने बताया कि बैठक को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी संबोधित किया। उन्होंने सांसदों से केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जनता के बीच प्रचार प्रसार करने की अपील की। उन्होंने सांसदों से टीकाकरण केंद्रों का लगातार दौरा करने और लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह भी किया।

प्रधानमंत्री ने बैठक में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर मनाया जाने वाला अमृत महोत्सव का भी जिक्र किया। कहा कि केवल एक सरकारी कार्यक्रम बनकर नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के लिए, जन सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने पार्टी सांसदों से अपील की कि वह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो-दो कार्यकर्ताओं की टोली तैयार करें जो 75 गांवों का दौरा करे और वहां 75 दिन बिताए तथा जनता के बीच डिजिटल साक्षरता को लेकर जागरूकता अभियान चलाए।

बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आजादी का अमृत महोत्सव केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं है। यह जन आंदोलन के रूप में होना चाहिए...जन भागीदारी के साथ हमें आगे बढ़ना है। मेघवाल के मुताबिक प्रधानमंत्री ने सांसदों से उनके संसदीय क्षेत्रों में जोर-शोर से आजादी का अमृत महोत्सव मनाने को कहा और सुझाव दिया कि वे हर विधानसभा क्षेत्र में दो-दो कार्यकर्ताओं की टोली तैयार करें जो 75 गांवों का दौरा करें और वहां 75 दिन रुकें।

केंद्रीय मंत्री के अनुसार मोदी ने कहा, यह टोली जनता के बीच जाकर डिजिटल साक्षरता के बारे जागरूकता फैलाएं। सांसद इस कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व करें। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर सांसदों को उनके क्षेत्रों में स्थानीय खेलों की प्रतियोगिता कराने, स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने सहित कार्यक्रमों के आयोजन का सुझाव दिया।

# पेगासस पर चर्चा को सरकार के तैयार होने तक संसद में रहेगा गतिरोध : विपक्ष



एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** और कई अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर पेगासस जासूसी मामले को लेकर चर्चा से भागने का आरोप लगाया और कहा कि जब तक सरकार इस विषय पर चर्चा के लिए तैयार नहीं हो जाती, तब तक संसद में गतिरोध खत्म नहीं होगा। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कई विपक्षी दलों के नेताओं की मौजूदगी में संवाददाताओं से कहा कि सरकार को सभी दलों की बैठक बुलानी चाहिए। पेगासस जासूसी प्रकरण पर चर्चा के लिए तैयार होकर इस गतिरोध को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा, हमने पेगासस और किसानों का मुद्दा उठाया। सरकार चर्चा के लिए तैयार नहीं है। हम चाहते हैं कि उच्चतम न्यायालय की निगरानी में पेगासस मामले की जांच हो और जो कुछ हो, वो सामने आए। खड़गे ने सवाल किया, फ्रांस, हंगरी, जर्मनी और कई अन्य देशों में इस मामले में जांच चल रही है, लेकिन समझ नहीं आता कि हमारी सरकार जांच के लिए क्यों तैयार नहीं हो रही है? क्या यह सरकार खुद जासूसी कर रही है या फिर कोई और है? उन्होंने आरोप लगाया, मोदी जी किसी मुद्दे का लोकतांत्रिक ढंग से समाधान करने को तैयार नहीं है। यह तानाशाही है। खड़गे ने कहा, सरकार सब पार्टियों को बुलाए और मिलकर बात करे। हम मिलकर लड़ने वाले हैं।

### राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा जारी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध मंगलवार को भी जारी रहा और अलग अलग मुद्दों पर विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोपहर दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही आरंभ हुई उपसभापति हरिवंश ने नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता विधेयक पर चर्चा जारी रखने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सदस्य जुगलसिंह माथुरजी लोखंडवाला का नाम पुकारा और उनसे अपनी बात पूरी करने को कहा। लोखंडवाला ने सोमवार को इस विधेयक पर चर्चा में अपनी बात रखनी आरंभ की थी लेकिन हंगामे के कारण वह अपनी बात पूरी नहीं कर पाए थे।

# छत्तीसगढ़ में विधायक और मंत्री के बीच हुआ कथित विवाद

### सदन से बाहर गए स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव

एजेंसी। रायपुर

**छत्तीसगढ़** सरकार के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह के बीच कथित विवाद को लेकर विधानसभा में लगातार दूसरे दिन भी हंगामा हुआ। वहीं गृहमंत्री के बयान के बाद मंत्री सिंहदेव सदन से बाहर चले गए।

सिंहदेव ने कहा है कि वह सदन की कार्यवाही में तब तक शामिल नहीं होंगे, जब तक राज्य सरकार विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों पर स्पष्ट जवाब नहीं दे देती। राज्य के उत्तर क्षेत्र के रामानुजगंज विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक बृहस्पति सिंह ने रविवार को आरोप लगाया था कि स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के इशारे पर सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर में उनके काफिले के एक वाहन पर कथित तौर पर हमला किया गया। विधायक ने यह भी आरोप लगाया था कि मंत्री से उनकी जान को खतरा है।

विधायक के इस आरोप के बाद राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को इस मुद्दे पर जमकर हंगामा किया और मामले की सदन की कमेटी से जांच कराने की मांग की। मामले को राज्य के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस महीने की 24 तारीख को विधायक सिंह के काफिले के साथ हुई घटना के संबंध में सदन में बयान दिया।

गृहमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के नेता धरमलाल कौशिक और भाजपा के अन्य विधायकों ने कहा कि गृह मंत्री के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री पर कांग्रेस विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों का जिक्र नहीं है। दोनों नेताओं को इस मामले पर सदन में बयान देने के लिए कहा जाना चाहिए। तभी विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत ने कहा कि उन्हें विधायक या स्वास्थ्य मंत्री की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। वह किस आधार पर उन्हें इस मुद्दे पर बोलने के लिए कह सकते हैं।

# भाजपा में नेतृत्व के लिए नेताओं की कमी नहीं: मौर्य

एजेंसी। मथुरा

**उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में नेतृत्व के लिए नेताओं की कमी नहीं है। मौर्य सोमवार को परिवार सहित वृंदावन पहुंचे जहां उन्होंने ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में पूजा की।

बाद में संवाददाताओं ने उनसे अगले साल राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में नेतृत्व को लेकर जब सवाल पूछा तो उन्होंने कहा भाजपा में नेतृत्व के लिए नेताओं की कमी नहीं है।



उन्होंने दावा किया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पिछले चुनावों की तुलना में अधिक सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों से विरोधी पार्टियों में बौखलाहट मची हुई है। वे इससे अधिक कुछ नहीं कर पाएंगी और जनता अपने विश्वास के सहारे पुनः भाजपा की सरकार बनाएगी। मौर्य ने कहा कि 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 325 सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार हमें इससे अधिक सीटें चाहिए। उनके साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष मधु शर्मा, महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, विधायक पूरन प्रकाश और कारिंदा सिंह, पूर्व विधायक रविकांत गर्ग तथा महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी आदि भी थे।

### अमेरिकी विदेश मंत्री भारत पहुंचे, भारतीय नेताओं से करेंगे वार्ता


**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दो दिवसीय भारत यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे। इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा अफगानिस्तान में तेजी से बदल रही सुरक्षा स्थिति पर विमर्श और क्वाड तंत्र के तहत हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को विस्तारित करने जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे। बुधवार को ब्लिंकन विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ गहन चर्चा करेंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मिलेंगे।

# बंधुआ मजदूरी को ले जाए जा रहे चार बच्चे छुड़ाए, तीन गिरफ्तार

एजेंसी। सोनभद्र

**सोनभद** जिले के रार्बट्सगंज में पुलिस ने बंधुआ मजदूरी कराने के लिए मेरठ ले जाए जा रहे चार बच्चों को छुड़ा लिया और मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम जब पुलिस ने हिंदुआरी स्थित ढाबे के पास सफेद रंग की बिना नम्बर प्लेट की गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें कुछ बच्चे बैठे थे। कुछ लोग बाहर खड़े थे। पूछने पर बच्चों ने बाहर खड़े लोगों में से एक को संरक्षक बताया। पूछताछ



के बाद पता चला कि वाहन में सवार चारों बच्चे नाबालिग हैं। उन्हें बंधुआ मजदूरी के लिए मेरठ ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सच सामने आने के बाद पुलिस ने बाहर खड़े नवीन कुमार, सोविंदर और जगदीश जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। मुक्त कराए गए बच्चों को बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे उन बच्चों से बंधुआ मजदूरी कराने के लिए उन्हें मेरठ ले जा रहे थे। ऐसे बच्चों से काम कराने के बदले उन्हें प्रति बच्चा 5000 रुपये दिए जाते हैं।

# कांग्रेस विधायकों से रायशुमारी के लिए आज जयपुर आएंगे माकन

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मंत्रिमंडल में फेरबदल की सुगबुगाहट के बीच कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के राजस्थान प्रभारी एक बार फिर राजस्थान आ रहे हैं। वे दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को यहां पहुंचेंगे।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुसार, माकन यहां कांग्रेस एवं कांग्रेस समर्थित विधायकों से चर्चा करेंगे। डोटासरा ने मंगलवार को ट्वीट किया, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान कांग्रेस प्रभारी अजय माकन बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर राजस्थान आ रहे हैं। इस दौरान वे सभी कांग्रेस एवं कांग्रेस समर्थित विधायकों से चर्चा करेंगे।


उल्लेखनीय है कि राजस्थान में अशोक गहलोत मंत्रिमंडल में फेरबदल तथा हजारों की संख्या में राजनीतिक नियुक्तियों की सुगबुगाहट के बीच माकन तथा पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गत शनिवार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ लंबी चर्चा की थी।

# कल्याण सिंह की स्थिति नाजुक, योगी ने ली जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में संक्रमण की वजह से भर्ती उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की हालत अभी भी नाजुक है। उनको जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है और वह लगातार डायलिसिस पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एसजीपीजीआई पहुंच कर कल्याण सिंह के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

एसजीपीजीआई द्वारा मंगलवार को



जारी बुलेटिन में बताया गया उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की हालत अभी



भी नाजुक बनी हुई है और उनको जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। उनका डायलिसिस चल रहा है। सिंह क्रिटिकल केयर मेडिसिन, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी एवं कार्डियोलॉजी विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में हैं। संस्थान के निदेशक प्रो आरके धीमान उनके स्वास्थ्य से जुड़े सभी पहलुओं पर गहरी नजर रखे हुए हैं।

अस्पताल के अनुसार योगी आदित्यनाथ ने आज एसजीपीजीआई का दौरा किया और कल्याण सिंह के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली। 89 वर्षीय कल्याण सिंह को गत चार जुलाई को संक्रमण और हल्की बेहोशी की वजह से एसजीपीजीआई के आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

# अमेरिका की पूर्व सांसद बॉक्सर के साथ हुई मारपीट और लूटपाट

एजेंसी। ओकलैंड

**अमेरिका** की पूर्व सांसद बारबरा बॉक्सर के साथ कैलिफोर्निया के ओकलैंड में मारपीट के बाद लूट की गई। बॉक्सर के बेटे ने यह जानकारी दी।

बॉक्सर के ट्विटर अकाउंट से किए गए ट्वीट के अनुसार, हमलावर ने उन्हें पीछे की तरफ धक्का दिया,उनका मोबाइल फोन छीना। पहले से वहां मौजूद एक कार में बैठ कर फरार हो गया। उन्हें घटना में खास चोट नहीं आई है। इससे वह राहत महसूस कर रहा हैं।

मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में ओकलैंड पुलिस विभाग ने घटना की पुष्टि की,लेकिन पीड़िता की पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध एक वाहन में बैठ कर फरार हो गया। बॉक्सर (80) ने संसद में 1993 से 2017 तक कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व किया था।

# स्वतंत्र जांच के लिए वरिष्ठ पत्रकारों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की

पेगासस स्पाइवेयर

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रतिष्ठित** पत्रकारों एनराम और शशि कुमार ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करके अनुरोध किया है कि इजराइली स्पाइवेयर पेगासस का इस्तेमाल करके सरकारी एजेंसियों द्वारा प्रतिष्ठित नागरिकों, नेताओं और पत्रकारों की कथित जासूसी किए जाने संबंधी खबरों की शीर्ष अदालत के किसी मौजूदा या सेवानिवृत्त न्यायाधीश से स्वतंत्र जांच कराई जाए।

इस याचिका पर आगामी कुछ दिन में सुनवाई हो सकती है। याचिका में इस बात की जांच करने का अनुरोध किया गया है कि क्या पेगासस स्पाइवेयर के जरिए फोन को अवैध तरीके से हैक करके एजेंसियों और संगठनों ने भारत में स्वतंत्र भाषण और असहमति की अभिव्यक्त करने को रोकने का प्रयास किया गया।

याचिका में केंद्र को यह बताने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि क्या सरकार या उसकी किसी एजेंसी ने पेगासस स्पाइवेयर के लिए लाइसेंस प्राप्त किया है और क्या उन्होंने इसका इस्तेमाल प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निगरानी करने के लिए किया है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि दुनिया भर के कई



प्रमुख मीडिया संस्थानों की जांच में पत्रकारों, वकीलों, सरकारी मंत्रियों, विपक्षी नेताओं, संवैधानिक पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत 142 से अधिक भारतीयों को पेगासस सॉफ्टवेयर के जरिए निगरानी के संभावित लक्ष्यों के रूप में पहचाना गया है।

याचिका में दावा किया गया है कि सिक्योरिटी लैब ऑफ एमनेस्टी इंटरनेशनल ने निगरानी के लिए लक्ष्य बनाए गए व्यक्तियों के कई मोबाइल फोन के फॉरेंसिक विश्लेषण के बाद पेगासस के जरिए सुरक्षा उल्लंघन किए जाने की पुष्टि की है। याचिका में कहा गया है, सैन्य श्रेणी के स्पाइवेयर का उपयोग करके लक्षित निगरानी निजता के उस अधिकार का अस्वीकार्य उल्लंघन है जिसे उच्चतम न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेदों 14 (कानून के समक्ष समानता), 19 (भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और 21 (जीवन की सुरक्षा एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता) के तहत मौलिक अधिकार माना है।

इसमें कहा गया है कि पत्रकारों, चिकित्सकों, वकीलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सरकार के मंत्रियों और विपक्षी नेताओं के फोन को हैक करना संविधान के अनुच्छेद 19 (एक) (ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन से गंभीर समझौता है। याचिका में दावा किया गया है कि पेगासस स्पाइवेयर के जरिए फोन हैक करना आईटी कानून की धारा 66 (कंप्यूटर से संबंधित अपराध), 66बी (बेईमानी से चुराए गए कंप्यूटर संसाधन या संचार उपकरण प्राप्त करने के लिए सजा), 66ई (निजता के उल्लंघन के लिए सजा) और 66एफ (साइबर आतंकवाद के लिए सजा) के तहत एक दंडनीय अपराध है।

इसमें कहा गया है, यह हमला प्रथम दृष्टया साइबर-आतंकवाद का मामला है, जिसके राजनीति और सुरक्षा पर विशेष रूप से यह देखते हुए गंभीर परिणाम होंगे कि सरकारी मंत्रियों, वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियों और संवैधानिक पदाधिकारियों के उपकरणों को निशाना बनाया गया है, जिनमें संवेदनशील जानकारी हो सकती है। इससे पहले, एमएल शर्मा नाम के एक वकील ने इसी मामले में एक याचिका दायर कर न्यायालय की निगरानी में जासूसी मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की थी।

### ढुलाई भाड़े की वजह से कोलकाता से निर्यात बुरी तरह प्रभावित

**कोलकाता।** कंटेनरों की कमी तथा भाड़ा में बढ़ने से कोलकाता से निर्यात प्रभावित हो रहा है। निर्यातकों ने मंगलवार को कहा कि इससे उन्हें भारी वित्तीय और कारोबारी नुकसान होने का अंदेशा है। उन्होंने कहा कि जहाज तथा कंटेनरों की कमी राष्ट्रव्यापी है लेकिन कोलकाता की स्थिति ज्यादा बुरी है। निर्यातकों के संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के चेयरमैन-पूर्व सुशील पटवारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, कंटेनरों की उपलब्धता मांग की तुलना में आधे से भी कम है, जिससे निर्यात में बाधा आ रही है। हम निर्यात की समयसीमा को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। कंटेनरों की उपलब्धता तथा ढुलाई दरों

# पीएम मोदी अगस्त में करेंगे एयरपोर्ट का शिलान्यास

## विधायक धीरेंद्र सिंह, पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने किया मुआयना

- यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौके पर रहेंगे मौजूद




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शिलान्यास की तिथियां लगभग तय हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने 22-25 अगस्त के बीच किसी भी दिन जेवर एयरपोर्ट का भूमि पूजन करेंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। अब तक ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि अगस्त के दूसरे-तीसरे हफ्ते में प्रधानमंत्री जेवर एयरपोर्ट के भूमि पूजन कार्यक्रम में आएंगे। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन ने प्रधानमंत्री कार्यालय से पत्राचार की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जेवर से विधायक धीरेंद्र सिंह नोएडा के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने नोएडा एयरपोर्ट के भूमि पूजन स्थल का मुआयना किया। शासन ने गौतमबुद्ध नगर प्रशासन को सारी तैयारियां मुकम्मल करने का आदेश दिया है। दरअसल पहले बीते मई में ही जेवर एयरपोर्ट का शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम होना था। लेकिन कोरोना वायरस की वजह से इसे टालना पड़ा।

अब कोविड की दूसरी लहर का असर कम हो गया है। सामान्य जनजीवन और कामकाज शुरू हो गया है। कार्यक्रम रनहेरा गांव के पास रखा जा सकता है।

जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि जल्दी ही मेरठ के मंडलायुक्त सुरेंद्र सिंह और लखनऊसे मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी इस जगह का दौरा करेंगे। इसके बाद एयरपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी आई है।

जमीन से संबंधित कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है। अब प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 22-25 अगस्त तक भूमि पूजन कार्यक्रम में आ सकते हैं।

गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन भी तैयारियों को मुकम्मल करने में जुट गया है। मालूम हो कि पिछले हफ्ते राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) के बीच जेवर में प्रस्तावित एयरपोर्ट के पहले चरण के लिए 1334 हेक्टेयर जमीन का लीज एग्रीमेंट संपन्न हुआ।

## नाइट कर्फ्यू में ढिलाई पर थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**गाजियाबाद।** पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित पाठक सोमवार की देर रात शहर भ्रमण पर निकले तो जाने के थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ड्यूटी पर मुस्तैद नहीं मिले।

थाना प्रभारी द्वारा रात्रिकालीन कर्फ्यू का ठीक से पालन नही कराया जा रहा था। इसके बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कृष्ण गोपाल शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक ने मधुबन बापूधाम थाना प्रभारी अमित खारी को भी हटा कर क्राइम ब्रांच भेज दिया और थाने की कमान देव पाल सिंह को छोड़ दी। साथ ही उन्होंने ने जिले के तमाम थाना प्रभारियों व उच्च पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि काम में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने काम में कोताही भरता पाया गया तो कार्रवाई निश्चित है।

# बांग्लादेश से एनसीआर में मानव तस्करी करने में पांच गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश एटीएस ने एक अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर रोहिंग्या व बांग्लादेश से महिलाओं और बच्चों को लाकर भारत में असामाजिक तत्वों को बेच देता था।

यह गिरोह इन लोगों को नौकरी दिलाने उनकी शादी कराने का प्रलोभन देता था। एटीएस ने इस गिरोह के सरगना समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें 2 लड़कियां भी शामिल हैं। इनका एक साथी फरार हो गया। एटीएस की टीम ने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर ब्रह्मपुत्र मेल ट्रैन से उतार कर इन लोगों से कई घंटे तक पूछताछ की उसके बाद इन्हें लखनऊ ले जाया गया।

यूपी के अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार के निर्देश पर दिल्ली-नोएडा और गाजियाबाद में 36 घंटे तक एक विशेष अभियान मानव तस्कर गिरोह की तलाश में चलाया गया।

गिरफ्तार लोगों में बांग्लादेश निवासी नूर मोहम्मद उर्फ नूर इस्लाम,रोहिंग्या निवासी रहमतुल्लाह तथा शबीबुल्लाह है। नूरुल इस्लाम हाल में त्रिपुरा में रहता है जबकि यह दोनों कश्मीर में रहते हैं। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि इनके साथ दो लड़कियां भी पकड़ी गई हैं जिनकी उम्र 16 व 18 साल है। उन्होंने बताया कि 36 घंटे तक चले इस अभियान में जब इन लोग 5 लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि यह कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर रोहिंग्या में बांग्लादेश से महिलाओं और बच्चों को शादी या नौकरी दिलाने के नाम पर ले आते हैं और यहां असामाजिक तत्व को बेचकर मोटी रकम कमाते हैं। उन्होंने बताया कि नूरुल इस्लाम इस गिरोह का सरगना है। उन्होंने बताया कि यह लोग दिल्ली-एनसीआर नोएडा और गाजियाबाद में सबसे ज्यादा सक्रिय रहे हैं इनके कब्जे से यूएनएससीआर कार्ड की प्रतिलिपि, 5 बांग्लादेशी टका और 24480 रुपये भारतीय मुद्रा बरामद हुई है। यह एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह है जो लंबे समय से सक्रिय था। उन्होंने दावा किया कि इस गिरोह की गिरफ्तारी के बाद निश्चित तौर पर मानव तस्करी पर अंकुश लगेगा। लड़कियों को आशा ज्योति केंद्र भेज दिया गया है।

## हिस्ट्रीशीटर और शातिर गौ. तस्कर हुआ गिरफ्तार

**नोएडा।** कोतवाली नॉलेज पार्क पुलिस ने बुलंदशहर के हिस्ट्रीशीटर व शातिर गौ.तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार बदमाश के अन्य साथियों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक नॉलेज पार्क पुलिस ने बुलंदशहर के अगौता थाने के हिस्ट्रीशीटर व शातिर गौ.तस्कर इवली को गिरफ्तार किया है। यह गौ.तस्कर नॉलेज पार्क थाने में दर्ज गोवध निवारण अधिनियम के मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस ने बदमाश को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। कोतवाली नॉलेज पार्क प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश इवली बुलंदशहर के अगौता का रहने वाला है। गौ.तस्कर के खिलाफ बुलंदशहर और गौतमबुध नगर में गोवध निवारण अधिनियम के 10 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस बदमाश के गैंग में शामिल अन्य गौ.तस्करों की तलाश कर रही है।

डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर लंबित मामला

## चीफ सेक्रेटरी ने डीएम से कहा... प्रोजेक्ट में कोई देरी नहीं होने दें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

देश के दोनों औद्योगिक रेलवे गलियारे उत्तर प्रदेश से होकर गुजर रहे हैं। पूर्वी कोलकाता से अमृतसर तक और पश्चिमी दादरी से मुंबई तक माल ढुलाई कॉरिडोर से जुडे मामलों पर उच्चस्तरीय बैठक हुई।

मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। राज्य सरकार के अफसरों के अलावा 9 जिलों के डीएम बैठक में शामिल हुए। चीफ सेक्रेटरी ने कहा दोनों फ्रेट कॉरिडोर से जुड़े प्रकरणों के निस्तारण में प्रक्रियात्मक विलम्ब न हो।

भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों को निर्धारित समय के अनुसार पूरा किया जाए ताकि निर्माण कार्य समय पर पूरे किये जा सकें। प्रोजेक्ट के पूरा होने में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो। जमीन से जुड़े जो प्रकरण न्यायालयों में विचाराधीन हैं और उनके कारण विलम्ब हो रहा है, ऐसे मामलों की प्रभावी पैरवी करके शीघ्र निस्तारित करवाएं। इस बैठक का संचालन करते हुए लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने बताया कि कॉरीडोर के लिए 56 आरओबी बनाये जाने हैं। जिनमें से 17 का निर्माण पूरा हो गया है और 39 पर कार्य चल रहा है। भूमि अधिग्रहण के 19 मुद्दे हैं, जिनके समाधान पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग के आलावा राहत आयुक्त, गौतमबुद्ध नगर, प्रयागराज, चन्दौली, मीरजापुर, कानपुर देहात, सहारनपुर, मेरठ, इटावा और औरेय्या के जिलाधिकारी शामिल हुए। यहां उल्लेखनीय है कि इस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर का 1058 किलोमीटर हिस्सा उत्तर प्रदेश से गुजर रहा है।

# संक्षिप्त समाचार



### चैलेंजर्स ग्रुप ने पहुंचाया जरूरतमंदों को राशन

**नोएडा।** इस भीषण महामारी कोविड 19 के कारण कई लोगों की नौकरी चली गयी, तो कई लोगों ने अपनों को खो दिया है घर मे अब कोई आय का स्त्रोत नहीं इसी दुर्दशा को देखते हुए चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा सेक्टर-22 में बसर कर रहे कुछ ऐसे ही परिवारों को राशन वितरित कर सहायता पहुँचायी गयी। चैलेंजर्स ग्रुप संस्थापक प्रिंस शर्मा ने बताया कि इस राशन किट में लगभग 23 किलो सामग्री सम्मलित है। वाईएफएस से सागर गोस्वामी ने कहा कि कोविड मरीजों के आँकडें भले ही कम हो गए हों किन्तु अभी महामारी पूरी तरीके से नष्ट नहीं हुई है। इस मौके पर रोशनी कुमारी रंजीत वर्मा अंकित आदि सदस्य मौजूद रहे।

### जयपुरिया इंस्टीट्यूट में वेबिनार संपन्न

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के तत्वावधान में व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के बुनियादी मूल्यों की समझ पर केंद्रित प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का वेबिनार आयोजन किया गया। इस मौके पर जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, के निदेशक प्रोफेसर (डॉ) देवेंद्र नारंग ने कहा कि मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम कार्यक्रम शुरू करने की खुशी है। यह व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के मूल सिद्धांतों के बारे में विमर्श करता है। कार्यक्रम का लक्ष्य व्यक्ति विशेष के साथ-साथ प्रबंधन के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत; और निर्णय कौशल में निखार और बुनियादी क्षमताएं बढ़ाने के इच्छुक लोगों के समूहों की सेवा करना है।

### आयुष्मान पखवाड़ाः बाइक रैली निकाली

**हापुड़।** जनपद के जन सेवा केंद्र (सीएससी) संचालकों ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) हापुड़ से आयुष्मान पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया। जागरूकता रैली को आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डा. दिनेश खत्री, योजना के जिला प्रबंधक डा. मारुफ चौधरी व जनसेवा केन्द्र जनपदीय प्रबंधक जितेन्द्र यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों से मुफ्त उपचार प्राप्त करने के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की गई। बता दें कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित सीएससी (ई गवर्नेंस) द्वारा सात दिवसीय आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन आयुष्मान भारत योजना से संबंधित जागरूकता के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया तथा सभी विकास खंडों पर आयुष्मान भारत का कार्ड बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया गया।

### पंखे से लटकता मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर.49 क्षेत्र के सेक्टर 74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में एक महिला का शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस को प्राथमिक जांच में घरेलू कलह के चलते महिला के आत्महत्या करने की जानकारी मिली है। पुलिस ने मृतका के पति और उसके कुछ रिश्तेदारों को हिरासत में लिया है। जानकारी के मुताबिक खुशबू सक्सेना 31 वर्ष परिवार के साथ सेक्टर 74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी के सीएम 3 टावर के 501 नंबर फ्लैट में रहती थी। उनके पति विभोर सक्सेना एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। खुशबू रियल एस्टेट कंपनी में काम करती थी। सोमवार रात घर में खुशबू काफी देर तक जब कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजनों को शक हुआ। इसके बाद कमरे का दरवाजा खोला गया तो महिला का शव फंदे से लटका मिला।

# घुटनों तक भरा पानी, सोशल मीडिया पर निकाली भड़ास

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा शहर का हाल बेहाल है। मामूली सी बारिश के कारण पूरे शहर में घुटनों तक पानी भर गया है। जगह.जगह की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

शहर के लोग भडके हुए हैं। असल में शहर में ऐसी बदहाली देखने को नहीं मिली है।

ट्वीटर और व्हाट्सएप ग्रुप्स पर तस्वीरें आने के बाद प्राधिकरण के कर्मचारी दौड़ रहे हैं। शहर में मंगलवार को मामूली बारिश हुई है। जिसके बाद कई आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों में जल जमाव हो गया है। शहर के सेक्टर इकोटेक-3 सेक्टर बीटा-2 कुलेसरा और हल्दौनी में बुरा हाल है। सेक्टर इकोटेक-3 में सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय के आसपास सड़क पर करीब आधा किलोमीटर तक पानी भरा है। सुबह के वक्त सूरजपुर से कुलेसरा तक ट्रैफिक जाम लग गया। पुलिस कर्मियों को बारिश के बीच भीगते हुए यातायात संभालना पडा।

सीवर के मेन हॉल खुले होने के कारण हादसों का खतरा था। शहर के

### टूटी पड़ी हैं सड़कें

लोग सोशल मीडिया पर शहर की बदहाली के बारे में लिख रहे हैं। कैलाश अस्पताल के सामने एल्फा कमर्शियल बेल्ट बीटा टू और कई जगहों पर सडकों के गड्ढे पोस्ट किए हैं। मुख्य सड़क की नाली को साफ करके मिट्टी और कचरा सड़क पर छोड़ दिया गया। जिसकी वजह से सडक पर कीचड़ हो गई। यह सारी तस्वीरें आने के बाद प्राधिकरण का अमला दौड़ा।

सेवी हरेंद्र भाटी ने कहा शहर में सफाई का बुरा हाल है। गंदगी सेक्टरों में पसरी पड़ी है।

## रिटायर्ड मैनेजर के खाते से ठगों ने निकाले 5.5 लाख

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के गौर सिटी-2 में रहने वाले इंश्योरेंस कंपनी के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक के खाते से साइबर ठगों द्वारा 5.5 लाख रुपये निकाले जाने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सुधीर कुमार शर्मा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से शाखा प्रबंधक के पद से करीब 6 साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। उनका बैंक अकाउंट इंडसइंड बैंक में है। कॉल करने वाले ने खुद को इंडसइंड बैंक का शाखा प्रबंधक बताते हुए खाते को वेरीफाई कराने के ओटीपी को बताने के लिए कहा। एक घंटे बाद उनके खाते से करीब 5 लाख 59 हजार निकाल लिए गए।

## धोखाधड़ी कर खरीदे गए मोबाइल गफ्फार मार्केट में खपाए जा रहे

- अमेजॉन के फर्जी खाते बनाकर अब तक 2 करोड़ से अधिक ठगे, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट के फर्जी खाते बनाकर ठगी करने वाले दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं और बैंक खातों में जमा करीब 26 लाख फ्रीज कर दिए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। ये फोन गफ्फार मार्केट में सस्ते दामों पर खपाये जा रहे थे। नोएडा साइबर थाने के प्रभारी विनोद पांड्य ने बताया कि आरोपियों को हरियाणा के जिला हिसार के उकसाना स्थित घर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान अनिल उर्फ आलोक और सचिन के रूप में हुई है।

पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वे वर्चुअल नंबर के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर अमेजन कंपनी के फर्जी नामों से अकाउंट बनाते थे। फिर विभिन्न इलेक्ट्रोनिक प्रोडक्ट के कॉड लेकर उनका प्रीपेड ऑडर करते थे।

उसके बाद दिए गए फर्जी पतों से उन ऑडर को प्राप्त कर उन्हें कम कीमतों पर दिल्ली की गफ्फार मार्केट, करोलबाग व दिल्ली, एनसीआर की अन्य दुकानों में बेच देते थे। आरोपियों का एक अन्य साथी अनिल नैन अमेजान डिलीवरी एजेंट के साथ मिलकर फर्जी तरीके से पिक-अप डन दिखा दिया जाता था। इसके बाद आरोपी सारा पैसा अपने खातों में वापस ले लिया करते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी वर्चुअल नंबर द्वारा 100 फर्जी अमेजान खाते बनाते थे।

# नोएडा हर आपदा से निपटने को तैयारः सीईओ

- कोरोना काल में बेहतर काम करने पर 11 नर्सों को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने कहा कि गौतमबुद्धनगर जिला किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने को तैयार है। यहां संसाधनों की कोई कमी नहीं है। कोरोना महामारी में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

नरेंद्र भूषण मंगलवार को शारदा अस्पताल प्रबंधन द्वारा कोरोना काल में सराहनीय काम करने पर नर्सों को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीईओ ने कोरोना काल में बेहतर काम करने पर 11 नर्सों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि कोविड में जब परिवार के लोग साथ नहीं थे उस समय हमारे डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ ने मरीजों की सेवा की है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी बधाई के पात्र हैं। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड में तैनात अफसर अली अरविंद नपित बिंटू दीन दयाल कुशवाहा हर्षित कुल्लू कली देवी कविता महेश कुमार पूजा मेहरा सुरभि आदि कर्मचारियों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

शारदा ग्रुप के चेयरमैन पीके गुप्ता ने बताया कि जल्द ही जिले का पहला कॉरपोरेट अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें तमाम आधुनिक सुविधाओं के अलावा कैंसर का बेहतर इलाज हो सकेगा। यहां पर टाटा मेमोरियल रिचर्स की तरह विशेषज्ञ डॉक्टर और कर्मचारी के अलावा उपकरण लगाए जाएंगे।

### तीसरी लहर के लिए तैयार रहेः डॉ. सुनील शर्मा

सीएमओ डॉ सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि तीसरी लहर को लेकर कई तरह की बातें कही जा रहे हैं, लेकिन हम लोगों को तैयार रहना होगा। टीकाकरण मास्क और कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस अवसर पर डॉ एमसी मिश्रा डॉ आशुतोष निरंजन मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ मनीषा जिंदल आदि डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफमौजूद रहे।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

आप भावनात्मक रूप से परेशान हो सकते हैं। परिवार में झगड़े बढ़ सकते हैं, सहयोगियों के साथ विवाद संभव है। विनम्रता एवं धैर्यशीलता के साथ वरिष्ठों से व्यवहार करना चाहिए। संपत्ति संबंधित मामलों में सावधानी से निपटने की आवश्यकता है और एक ठोस कदम उठाना चाहिए। माता की सेहत चिंता का कारण बन सकती है। वाहन चलाते समय सतर्क रहने की आवश्यकता है। दिन सामान्य रहेगा।

**भाग्यांकः** 9
**विशेषः** साबुत हरी मूंग का दान करें।

### वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। काम समय से पूरे होंगे। मेहनत का फल भी अवश्य मिलेगा। दिन खुशनुमा रहेगा। नए कॉन्टैक्ट से फायदा होगा। लोगों को आपकी उदारता पसंद आएगी। ऑफिस में सहकर्मी मदद के लिए तैयार खड़े रहेंगे। छात्रों को जल्द ही बड़ी सफलता हासिल होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। किसी खास विषय पर मित्रों से बातचीत करेंगे। सभी काम बनेंगे।

**भाग्यांकः** 8
**विशेषः** ब्राहमण को वस्त्र दान करें।

### मिथुन

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

धन लाभ हो सकता है। ऐसे काम से फायदा होगा जो लंबे समय तक चलेगा। रोचक विचार और योजनाएं आज बन सकती हैं। अविवाहित लोगों का विवाह भी तय हो सकता है। बुद्धि से अपने काम पूरे करवा सकते हैं। आज खुद को साबित करके दिखा देंगे। दोस्तों और परिवार से सहयोग मिलने के योग हैं। आप खुश हो जाएंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छा कहा जा सकता है।

**भाग्यांकः** 6
**विशेषः** गणपति अथर्व शीर्ष का पाठ करें।

### कर्क

(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। घरेलू मसले दिमाग पर छाए रहेंगे और काम करने की क्षमता को भी खराब कर देंगे। धन की स्थिति कमजोर दिखाई देगी, मजबूत बनाने का प्रयास करें। घर के कामों में व्यस्त रहेंगे। इस वजह से बाहर जाना मुश्किल होगा। धन खर्च की मात्रा बढ़ेगी। लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद साबित होगा। हवन, पूजा-पाठ आदि का आयोजन घर मे होगा। दिन शानदार रहेगा।

**भाग्यांकः** 1
**विशेषः** गोमाता को जौ खिलाएं।

### सिंह

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

आज का दिन अति शुभ परिणामदायक हो सकता है। लंबित असाइनमेंट को पूरा करने में सक्षम होंगे। सामाजिक कार्य या राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कुछ विशेष उपलब्धि संभव है। उद्यमियों के लिए समय शुभ है। नए संघों का गठन भी किया जा सकता है, जो लाभकारी होंगे। अच्छी तरह से सोचा गया निर्णय अच्छा लाभ देगा। पारिवारिक संबंध और बातचीत अच्छी रहेगी और शादी या जन्मोत्सव मनाया जा सकता है।

**भाग्यांकः** 8
**विशेषः** केले लगे हुए केले के वृक्ष की पूजा करें।

### कन्या

(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

ऑफिस में काम को पूरा करने में पूरी तरह से आप सक्षम होंगे। लॉ की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स के लिए दिन बहुत बढ़िया रहेगा। सीनियर वकील के साथ इंटरर्नशिप करने का मौका भी मिलेगा। कॅरियर में नए आयाम स्थापित करेंगे। आप जिससे भी मदद की उम्मीद करेंगे, उससे आपको समय पर मदद मिल जाएगी। सभी काम में सफलता हासिल होगा। कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है।

**भाग्यांकः** 7
**विशेषः** कुत्ते को रोटी खिलाएं।

### तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

सोचे हुए काम शुरू करें। फायदा हो सकता है। अच्छा महसूस करेंगे। सामूहिक और सामाजिक काम के लिए दिन अच्छा है। परिवार के ज्यादातर काम निपटाने पड़ सकते हैं। दोस्तों के साथ समय बिताएंगे। किसी तरह के निवेश की योजना भी बना सकते हैं। धन लाभ हो सकता है। उधार दिया गया पैसा मिल सकता है। ऑफिस और बिजनेस में लिए गए फैसले बड़ा फायदा देने वाले होंगे।

**भाग्यांकः** 9
**विशेषः** हरे रंग का रुमाल जेब में रखें।

### वृश्चिक

तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

परिवार के प्रति समर्पित भाव रहेगा। दफ्तर में बिल्कुल संतुलित व्यवहार करें। इनकम बढ़ने के भी चांस ज्यादा है। लव लाइफ अच्छी रहेगी। प्रेम में इमोशन प्रभावी रहेगा। मानसिकता को बदलने की बेहत जरूरत है। उन्नति में बाधा आएगी। लव लाइफ में किसी और की बातों को स्थान मत दें। मन काम में लगेगा। ससुराल पक्ष से उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए समय मध्यम कहा जा सकता है।

**भाग्यांकः** 2
**विशेषः** भगवान गणेश जी को लाल पुष्प की माला चढ़ाएं।

### धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

व्यय की अधिकता रहेगी, आमदनी सीमित रहेगी। मानसिक तनावों को हावी न होने दें। विपरीत परिस्थितियों को भी पक्ष में करने की अद्भुत क्षमता का प्रयोग करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जल्दबाजी में काम न करें। कहीं से अप्रत्याशित बुलावा आए तो वहां सोच-समझ कर जाएं, हो सकता है कि वहां कोई आपको हानि पहुंचाने का प्रयास करें या अनावश्यक किसी परेशानी में पड़ जाएं। अधिक कमाने के चक्कर में किसी के बहकावे में न आएं।

**भाग्यांकः** 8
**विशेषः** गणेश जी के 12 नामों का पाठ करें।

### मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

आज दिन सामान्य रहेगा। नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा। बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कम रूचि ले सकते हैं। बिजनेस में विरोधियों से बचकर रहना चाहिए। ऑफिस में सीनियर काम से खुश होकर आपको गिफ्ट कर सकते हैं। खुद को फिट रखने के लिए योग करना चाहिए। सभी परेशानियाँ दूर होंगी। अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है।

**भाग्यांकः** 8
**विशेषः** छोटे बच्चों को पेन गिफ्ट करें।

### कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। दिनभर पैसों के बारे में ही सोचते रहेंगे। भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से भी धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। नया काम करने की सोच रहे हैं तो सामने कुछ और काम आ सकते हैं। रोजमर्रा के कामकाज ज्यादा ही रहेंगे। थोड़े समय में सब ठीक हो जाएगा। धैर्य रखें। ऑफिस में प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आगे बढ़ने के लिए कुछ नया सीखना होगा। सेहत संबंधी मामलों में चिंता कम हो जाएगी।

**भाग्यांकः** 6
**विशेषः** गजेंद्र मोक्ष का पाठ करें।

### मीन

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत है जहां दिल की बजाय दिमाग का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। कॅरियर में बेहतर प्रस्ताव मिलेंगे। शिक्षा, बिजनेस, नौकरी या महत्वपूर्ण कागजात से जुड़ी यात्रा हो सकती है। यात्रा के दौरान ही कई नई बातें आपको पता चल सकती है। कोई छुपा विरोधी गलत साबित करने की पुरजोर कोशिश करेगा। रोजमर्रा के काम में ही बिजी रहेंगे। यह कोई बुरी चीज नहीं है। आपका अनुभव ही आपकी ताकत है।

**भाग्यांकः** 3
**विशेषः** गणेश मंदिर में देसी घी का दीया जलाएं।

# कोविड लॉकडाउन के बाद कंधे की परेशानी से जूझ रही थी मीराबाई

अपराजित उपाध्याय। नई दिल्ली

कड़े अभ्यास, परिवार से दूर रहने और पांच साल तक भोजन को लेकर सख्त नियमों का पालन करने का ही परिणाम था कि मीराबाई चानू आखिर में ओलंपिक पदक विजेता बन गई, लेकिन बीच में एक दौर ऐसा भी था जब उन्हें अपना सपना टूटता हुआ लगा। टोक्यो ओलंपिक खेलों के एक साल के लिए स्थगित होने और पिछले साल कोविड-19 के कारण लगाए गए लॉकडाउन के अभ्यास नहीं कर पाने से चानू के कंधे में दर्द होने लगा था जिसको लेकर यह भारोत्तोलक काफी परेशान थी। टोक्यो खेलों में महिलाओं के 49 किग्रा में रजत पदक जीतने वाली चानू का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत किया।

उन्होंने एजेंसी से कहा, लॉकडाउन के बाद जब मैंने अभ्यास शुरू किया तो मुझे अपनी पीठ काफी सख्त लगी और मुझे दाएं कंधे को लेकर कुछ परेशानी थी। यह चोट नहीं थी लेकिन जब मैं भारी वजन उठाती तो यह काफी सख्त लगता। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मैंने लॉकडाउन के दौरान अभ्यास बंद कर दिया था। पिछले साल कोविड-19 महामारी रोकने के लिए जब देशव्यापी लॉकडाउन घोषित किया गया तब चानू पटियाला में राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में थी। वह अपने कमरे तक ही सीमित रही और उन्होंने महीनों बाद अभ्यास शुरू किया था। इस दौरान उनके कंधे को लेकर परेशानी होने लगी। इससे भारोत्तोलन की दो स्पर्धाओं में से एक स्नैच में उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा। इस परेशानी के उपचार के लिए वह पिछले साल अमेरिका गई थी। पूर्व भारोत्तोलक और अनुकूलन कोच डॉ. आरोन होर्सचिग के साथ काम करने का उन्हें तुरंत ही फायदा मिला और वह अप्रैल में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने में सफल रही। क्लीन एवं जर्क में उन्होंने रिकार्ड 119 किग्रा भार उठाया था।

चानू ने कहा, यही वजह थी कि हमने अमेरिका जाने की योजना बनाई। इससे मुझे काफी मदद मिली और मैं एशियाई चैंपियनशिप में विश्व रिकार्ड बनाने में सफल रही। टोक्यो खेलों में उन्होंने महिलाओं के 49 किग्रा में 204 किग्रा (87 किग्रा और 115 किग्रा) भार उठाकर रजत पदक जीता। उन्होंने कहा, अमेरिकी फिजियोथेरेपिस्ट ने मेरे साथ काम किया। मेरे मांसपेशियों में असंतुलन था। जब भी मैं भारी वजन उठाती तो दर्द होता था। उन्होंने कुछ कसरतें करवाई। इससे मुझे काफी लाभ मिला। घर से पांच साल तक बाहर रहने के बाद चानू अब इंफाल में अपने घर जाएगी लेकिन वह लंबे अवकाश पर नहीं रहेंगी। उन्होंने कहा, मैं घर जा रही हूं। वहां कुछ समय बिताऊंगी। पिछले पांच वर्षों से मैं बमुश्किल 10 दिन ही घर पर रही। मैं 10 अगस्त को अभ्यास पर लौट आऊंगी, क्योंकि अक्टूबर में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप है, जो राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता है।

## घर पहुंचने पर मां से मिलकर भावुक हुई चानू



इंफाल। ओलंपिक भारोत्तोलन में रजत पदक जीतने वाली मीराबाई चानू मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह द्वारा सम्मानित किए जाने से पहले यहां हवाई अड्डे पर मंगलवार को अपनी मां से मिलने के बाद भावनाओं पर काबू नहीं रख सकीं और उनकी आंखें नम हो गई। सोमवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हुए स्वागत समारोह की तरह ही यहां बीर टिकेंद्रजीत अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मीराबाई की झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के साथ मीडियाकर्मी भी मौजूद थे। उनके हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही अफरातफरी मच गई। रियो (2016) ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मीराबाई को पिछले पांच वर्षों में बहुत बार घर आने का मौका नहीं मिला था।

ओलंपिक भारोत्तोलन में 49 किग्रा भार वर्ग में शनिवार को रजत पदक जीतने वाली मीराबाई यहां पहुंचने पर अपनी मां सेखोम ऑंगबी तोम्बी लीमा और पिता सेखोम कृति मेइतेई से गले मिली जिसके बाद उनकी आंखें नम हो गई। इस बीच सुरक्षाकर्मियों ने उनके आसपास एक घेरा बनाया था। चानू ने खेलों के दौरान ओलंपिक प्रतीक चिह्न जैसी सोने की बालियां (कान का आभूषण) पहनी थी जो काफी लोकप्रिय हुआ। यह बालियां उनकी मां ने पांच साल पहले रियो खेलों से पहले अपने आभूषण बेच कर बनवाई थी। उनका मानना था कि यह मीराबाई के लिए भाग्यशाली साबित होगा। यह 26 साल की खिलाड़ी यहां से लगभग 25 किलोमीटर दूर नोंगपोक काकचिंग गांव में रहती है। मीराबाई हवाई अड्डे से मणिपुर राज्य सरकार के सम्मान समारोह में शामिल होने पहुंची, जिसकी मेजबानी मुख्यमंत्री ने की थी।

# निशानेबाजी में सितारे फिर बेनूर
# हॉकी, बैडमिंटन और मुक्केबाजी में मिली जीत

एजेंसी। टोक्यो

भारत के लिए निशानेबाजी में सबसे बड़ी पदक उम्मीद मनु भाकर और सौरभ चौधरी की जोड़ी के नाकाम रहने से पदक का इंतजार मंगलवार को भी जारी रहा, लेकिन पुरुष हॉकी टीम ने पिछले मैच में करारी हार से उबरकर स्पेन को शिकस्त दी, जबकि महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) टोक्यो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली देश की पहली मुक्केबाज बनी। बैडमिंटन में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी दुर्भाग्यशाली रही और पुरुष युगल के तीसरे मैच में दूसरी जीत दर्ज करने के बावजूद नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गई। टेबल टेनिस के पुरुष एकल के तीसरे दौर में अनुभवी शरत कमल ने गत विश्व और ओलंपिक चैंपियन चीन के मा लोंग के खिलाफ शिकस्त के बावजूद अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया।

भारत के लिए दिन का पहला नतीजा असफ़ा रेंज से आया। सौरभ चौधरी और मनु भाकर की जोड़ी को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन क्वालीफिकेशन के पहले चरण में शीर्ष पर रहने के बाद दूसरे चरण में यह जोड़ी लय में नहीं दिखी और आखिर में उन्हें 380 के कुल स्कोर के साथ सातवें स्थान से संतोष करना पड़ा। इस भारतीय जोड़ी ने पहले चरण में 582 अंक बनाए थे। सौरभ और मनु ने शुरू में कुछ उम्मीदें जगाई थी, लेकिन सौरभ को मनु से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला, जिससे टीम की पदक की उम्मीदें समाप्त हो गई। सौरभ ने दूसरे चरण में 194 (96 और 98) अंक बनाए, लेकिन मनु 186 (92 और 94) अंक ही बना सकी। इस तरह से यह भारतीय जोड़ी 380 के कुल स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अभिषेक वर्मा और यशस्विनी सिंह देसवाल की एक अन्य भारतीय जोड़ी इस स्पर्धा के पहले चरण में 564 अंक के साथ 17वें स्थान पर रहने के कारण शुरू में ही बाहर हो गई। चोटी की आठ टीमें ही दूसरे चरण के क्वालिफिकेशन में प्रवेश करती हैं। भारत की दो जोड़ियों ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी हिस्सा लिया था, लेकिन वे क्वालिफिकेशन के पहले चरण से भी आगे नहीं बढ़ पाई। इलावेनिल वालारिवान और दिव्यांश सिंह पंवार की जोड़ी 626.5 अंक बनाकर 12वें तथा अंजुम मोदगिल और दीपक कुमार की जोड़ी 623.8 अंक बनाकर 29 जोड़ियों के बीच 18वें स्थान पर रही। ओलंपिक में पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धाओं को शामिल किया गया है।

निशानेबाजी रेंज की निराशा को पुरुष हॉकी टीम ने कुछ हद तक दूर किया जिसने ड्रैगफ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह के दो गोल की बदौलत पूल ए के अपने तीसरे मैच में स्पेन को 3-0 से हराया। दुनिया की नौवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ भारत की ओर से रूपिंदर (15वें और 51वें मिनट) ने दो जबकि सिमरनजीत सिंह (14वें मिनट) ने एक गोल दागा। दुनिया की चौथे नंबर की टीम भारत ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर विजई शुरुआत की थी, लेकिन पिछले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में उसे 1-7 की करारी हार का सामना करना पड़ा था।



## रूपिंदर के दो गोल से भारत ने स्पेन को हराया

टोक्यो। ड्रैगफ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में करारी शिकस्त से उबरकर जोरदार वापसी करते हुए टोक्यो ओलंपिक की पुरुष हॉकी स्पर्धा के पूल ए में मंगलवार को यहां अपने तीसरे मैच में स्पेन को 3-0 से हराया। दुनिया की नौवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ भारत की ओर से रूपिंदर (15वें और 51वें मिनट) ने दो जबकि सिमरनजीत सिंह (14वें मिनट) ने एक गोल दागा। दुनिया की चौथे नंबर की टीम भारत ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर विजई शुरुआत की थी, लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में उसे 1-7 की करारी हार का सामना करना पड़ा था। स्पेन की टीम अब तक टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने में नाकाम रही है। टीम ने अपने पहले मैच में अर्जेंटीना से 1-1 से ड्रॉ खेला था जब दूसरे मैच में उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारत अपने अगले मैच में गुरुवार को गत ओलंपिक चैंपियन अर्जेंटीना से भिड़ेगा। किसी भी टीम के लिए मनोबल तोड़ने वाली हार से एक दिन के भीतर उबरना बेहद मुश्किल होता है लेकिन स्पेन के खिलाफ मंगलवार को भारतीय टीम अधिक संगठित दिखी।

## लवलीना मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में



मुक्केबाजी रिंग में उतरने वाली लवलीना मंगलवार को एकमात्र भारतीय मुक्केबाज रहीं और उन्होंने प्रशंसकों को निराश नहीं किया। पहली बार ओलंपिक में हिस्सा ले रही लवलीना प्री क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की अनुभवी नेदिन एपेट्ज को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर भारत की नौ सदस्यीय टीम से अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनी। बैडमिंटन पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी ने मुसाशिनो फॉरेस्ट स्पोर्ट्स प्लाजा में ग्रुप ए के अपने तीसरे मैच में बेन लेन और सीन वेंडी की ब्रिटेन की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 44 मिनट चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हराकर ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की। चीनी ताइपे की यैंग ली और ची लिन वैंग की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने हालांकि मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी को 21-18, 15-21, 21-17 से हरा दिया, जिससे सात्विक और चिराग टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

भारत, इंडोनेशिया और चीनी ताइपे तीनों जोड़ियों ने दो-दो जीत दर्ज की थी, लेकिन चीनी ताइपे और इंडोनेशिया की जोड़ियां ग्रुप चरण में गेम जीतने और हारने के बीच बेहतर अंतर के कारण शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए नॉकआउट में पहुंचने में सफल रही। इंडोनेशिया की जोड़ी का गेम अंतर प्लस तीन, चीनी ताइपे का प्लस दो और भारत का प्लस एक रहा। टेबल टेनिस पुरुष एकल में अपने अनुभव, कौशल और जज्बे का अच्छा नमूना पेश करने के बावजूद शरत कमल चीन के मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन मा लोंग से 1-4 से हार गए। उनकी हार के साथ टोक्यो ओलंपिक खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। अपना चौथा ओलंपिक खेल रहे 39 वर्षीय शरत ने तीसरे दौर के इस मैच में अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वी को पहले तीन गेम में कड़ी चुनौती दी, लेकिन आखिर में उन्हें 46 मिनट तक चले मैच में 7-11, 11-8, 11-13, 4-11, 4-11 से हार का सामना करना पड़ा। शरत और मनिका बत्रा दोनों पहले भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीसरे दौर में प्रवेश किया।



## नाओमी ओसाका ओलंपिक से बाहर

जापान की सुपरस्टार नाओमी ओसाका ओलंपिक की टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल में मंगलवार को यहां सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गई। ओसाका को फ्रेंच ओपन की पूर्व फाइनलिस्ट चेक गणराज्य की मार्केटा वांड्रोसोवा ने तीसरे दौर के मैच में 6-1, 6-4 से हराया। जापान में जन्मी लेकिन अमेरिका में पली बढ़ी दूसरी रैंकिंग की ओसाका अपने ग्राउंडस्ट्रोक पर संघर्ष करती नजर आई। इस बीच यूनान के स्टेफनोस सिटसिपास ने पुरुष एकल के अंतिम 16 में जगह बनाकर अपने नाना के नक्शेकदम पर चलने की अपनी कवायद बरकरार रखी। उनके नाना ने ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।

## ओलंपिक: भारत का छठे दिन का कार्यक्रम

टोक्यो। टोक्यो ओलंपिक के छठे दिन बुधवार को भारत का कार्यक्रम इस प्रकार है। (भारतीय समयानुसार)

- **हॉकी:** भारत बनाम ब्रिटेन, महिला पूल ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से
- **बैडमिंटन:** पीवी सिंधु, महिला एकल ग्रुप चरण, भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 30 मिनट से
  बी साई प्रणीत, पुरुष एकल ग्रुप चरण, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 30 मिनट से
- **तीरंदाजी (व्यक्तिगत स्पर्धा):** तरुणदीप राय, पुरुष अंतिम 32 वर्ग, भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 31 मिनट से
  प्रवीण जाधव, पुरुष अंतिम 32 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से
  दीपिका कुमारी, महिला अंतिम 32 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 14 मिनट से
- **रोइंग:** अर्जुन लाल जट और अरविंद सिंह, पुरुष डबल स्कल्स सेमीफाइनल ए/बी 2, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजे से
- **सेलिंग:** केसी गणपति और वरुण ठक्कर, पुरुष स्किफ 49ईआर, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 35 मिनट से
- **मुक्केबाजी:** पूजा रानी, महिला 75 किग्रा वर्ग, अंतिम 16 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 33 मिनट से

## संक्षिप्त समाचार

### ओलंपिक, पैरालंपिक विजेताओं को पुरस्कार देगी एलपीयू

नई दिल्ली। जालंधर की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने टोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक में पदक जीतने वाले अपने छात्रों को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। एलपीयू ने एक बयान में कहा, यूनिवर्सिटी स्वर्ण पदक विजेता को 50 लाख, रजत पदक जीतने वाले को 25 और कांस्य पदक विजेता को 10 लाख रुपये देगी। इसने कहा, टोक्यो में खेल रहे करीब दस प्रतिशत भारतीय ओलंपियन एलपीयू से हैं। पहलवान बजरंग पूनिया, भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, रिले धावक अमोज जैकब, पैरा हाई जंपर (ऊंची कूद) निषाद कुमार और पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह समेत सात खिलाड़ी एलपीयू से हैं। टोक्यो पैरालंपिक 24 अगस्त से पांच सितंबर के बीच होंगे।

### स्कूल छात्रा जेकोबी ने अमेरिकी को तैराकी में स्वर्ण दिलाया

टोक्यो। अमेरिका की स्कूली छात्रा लीडिया जेकोबी ने टीम की अपनी साथी और गत ओलंपिक चैंपियन लिली किंग को पछाड़कर टोक्यो ओलंपिक की महिला 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सत्रह साल की जेकोबी अमेरिका की ओलंपिक तैराकी टीम में जगह बनाने वाली अलास्का की पहली तैराक हैं। जेकोबी ने एक मिनट 4.95 सेकेंड के समय के साथ खिताब अपने नाम किया। दक्षिण अफ्रीका की तातजाना स्कोनेमेकर ने एक मिनट 5.22 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता जबकि लिली ने एक मिनट 5.54 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीतकर अमेरिका को स्पर्धा का दूसरा पदक दिलाया।

### ओलंपिक चैंपियन बिलेस चोट के कारण टीम फाइनल से बाहर

टोक्यो। ओलंपिक चैंपियन जिम्नास्ट सिमोन बिलेस वॉल्ट के दौरान चोट लगने से टोक्यो ओलंपिक टीम फाइनल्स से बाहर हो गए। अमेरिका की 24 वर्ष की स्टार जिम्नास्ट को इस खेल की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में गिना जाता है। वह वॉल्ट के दौरान कूदने के बाद एक ट्रेनर से टकरा गई। इसके बाद टीम डॉक्टर के साथ प्रतिस्पर्धा स्थल से चली गई। कुछ मिनट बाद वह आई तो दाहिने पैर पर पट्टी बंधी थी। उन्होंने अपनी टीम के साथ खिलाड़ियों को गले लगाया और जैकेट तथा स्वेटपैंट पहनी। अमेरिकी टीम को उनके बिना ही बाकी प्रतिस्पर्धा खेलनी होगी जिससे लगातार तीसरा ओलंपिक खिताब जीतने की उनकी उम्मीदों को करारा झटका लगा।

### मोरक्को के मुक्केबाज ने प्रतिद्वंद्वी का कान काटने की कोशिश की

टोक्यो। मोरक्को के एक हैवीवेट मुक्केबाज (91 किग्रा) ने टोक्यो ओलंपिक में अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के प्रतिद्वंद्वी के कान को काटने की कोशिश की। यूनुस बल्ला ने तीसरे दौर के मुकाबले में माइक टायसन की तरह रिंग डेविड न्याका के कान के पास काटने की कोशिश की। यूनुस को जजों के सर्वसम्मत निर्णय से हार का सामना करना पड़ा और न्याका क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। यूनुस ने हालांकि माउथ गार्ड (दांतों को चोट से बचाने वाला कवच) पहना था, जिस कारण न्याका के कान के पास उनके दांतों का निशान नहीं बना। न्याका ने कहा, वह पूरी तरह से काटने में सफल नहीं हुआ। मेरी किस्मत अच्छी थी कि उसने माउथगार्ड पहना था और वह उतना गंभीर नहीं था। मुझे लगता है वह मेरी गाल पर काटना चाहता था। रेफरी हालांकि इस घटना को नहीं देख सकें जिससे यूनुस को बाउट के दौरान दंडित नहीं किया गया था। यह टेलीविजन कैमरे की पकड़ में आ गया। टायसन ने 1997 में इवांडर होलीफील्ड के कान को दो बार काटा था। इस घटना ने काफी सुर्खियां बटोरी थी।

# एनआरएआई प्रमुख ने टोक्यो में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद दिए पूर्ण बदलाव के संकेत

एजेंसी। टोक्यो

ओलंपिक निशानेबाजी में एक बार फिर शीर्ष खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने कोचिंग सदस्यों को पूरी तरह से बदलने का वादा किया है। रियो ओलंपिक (2016) की तरह टोक्यो में भी भारतीय निशानेबाजों का प्रदर्शन अब तक निराशाजनक रहा है। भारत के रिकार्ड 15 निशानेबाजों ने इन खेलों का टिकट कटाया था, लेकिन भारतीय दल अब गलत कारणों से सुर्खियों में है, जिसमें टीम में गुटबाजी की खबरें भी सामने आ रही हैं।



इस बीच एनआरएआई के प्रमुख रनिंदर सिंह ने कोचिंग और सहायक कर्मचारियों में बड़ा बदलाव करने का वादा किया। एनआरएआई के प्रमुख सिंह ने कहा, निश्चित रूप से प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं है और मैंने कोचिंग और सहयोगी सदस्यों में बदलाव की बात कही है। उन्होंने यह बातें राइफल और पिस्टल निशानेबाजों द्वारा मिश्रित टीम स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन चरणों को पार करने में विफल रहने के बाद कही। इस बात पर भी सवाल उठ रहे हैं कि निशानेबाज आईएसएसएफ विश्वकप के अपने शानदार प्रदर्शन को ओलंपिक में दोहराने में नाकाम क्यों रह रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारे निशानेबाजों को इन बड़े मौकों के लिए तैयार करने में कुछ कमी है, क्योंकि स्पष्ट रूप उनमें प्रतिभा है और हमने इसे यहां भी देखा है। उन्होंने कहा हम महासंघ और अन्य संबंधित हितधारकों ने खेलों के लिए निशानेबाजों को तैयार करने में मदद करने के लिए हर संभव प्रयास किया। इसमें ओलंपिक चैंपियन अभिनव बिंद्रा के नेतृत्व वाले पैनल की सिफारिशों को लागू करना शामिल है।

## ओलंपिक भारतीय टेनिस टीम का अभियान समाप्त

टोक्यो। भारतीय टेनिस टीम का टोक्यो ओलंपिक में अभियान मंगलवार को औपचारिक रूप से खत्म हो गया, जब सानिया मिर्जा और सुमित नागल 153 की खराब संयुक्त रैंकिंग के कारण मिश्रित युगल स्पर्धा में जगह नहीं बना पाए। प्रविष्टियों को मंगलवार सुबह अंतिम रूप दिया गया और इसके लिए कट 50 से 60 (संयुक्त रैंकिंग) के बीच रहने की उम्मीद थी। भारतीय जोड़ी के पास ऐसे में स्पर्धा में जगह बनाने का कोई मौका नहीं था। मिश्रित युगल में सिर्फ 16 जोड़ियां खेलती हैं और सिर्फ दो मैच जीतने के बाद टीम को पदक दौर में जगह मिल जाती है। नागल को पुरुष एकल में दानिल मेदवेदेव के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

# मेरे लिए धैर्य रखकर अपनी बारी का इंतजार करना जरूरी

एजेंसी। डरहम




प्रतिभाशाली बल्लेबाज लोकेश राहुल का मानना है कि उन्होंने कभी भी असफलताओं को खुद पर हावी नहीं होने दिया, बल्कि वह उनसे और मजबूत होकर उभरे और अब धैर्यपूर्वक भारत के लिए फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका मिलने का इंतजार कर रहे हैं। राहुल ने अपना आखिरी टेस्ट 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था।

राहुल ने कहा, उन्होंने इस समय का इस्तेमाल अपने खेल पर ध्यान देने के लिए किया है। अभ्यास मैच में यहां शतकीय पारी खेलने वाले राहुल ने बीसीसीआई डॉट टीवी से कहा, जब मुझे टीम से बाहर किया गया तो मैं कोचों के पास वापस गया और उन से चर्चा करके बहुत सारे वीडियो देखें। मेरे प्रदर्शन में जहां कमी थी, मैंने उसे ठीक करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने कहा कि असफलताएं आपको मजबूत बनाती हैं। इससे आपको ध्यान देने का मौका मिलता है। यह मेरे लिए अलग नहीं है, इसलिए मैं वास्तव में मौकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं और शांत तथा अनुशासित रहने की कोशिश कर रहा हूं।

# पंड्या कोरोना पॉजिटिव, भारत श्रीलंका टी-20 मैच स्थगित

एजेंसी। कोलंबो



हरफनमौला क्रुणाल पंड्या के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद भारत और श्रीलंका के बीच मंगलवार को होने वाला दूसरा टी-20 क्रिकेट मैच स्थगित कर दिया गया। क्रुणाल सोमवार को पॉजिटिव पाए गए जिन्हें पृथकवास पर रखा गया है। पूरी टीम की आरटी पीसीआर रिपोर्ट का इंतजार है। बीसीसीआई के एक आला अधिकारी ने कहा, क्रुणाल पॉजिटिव पाया गया है और मंगलवार का टी-20 मैच स्थगित कर दिया गया है।

भारत के बाकी खिलाड़ियों की आरटी पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट का इंतजार है। उन्होंने कहा, रिपोर्ट शाम को छह बजे तक आएगी और अगर सभी नेगेटिव पाए जाते हैं, तो बुधवार को मैच होगा। मैच यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम पर होना है। भारत ने पहला टी-20 38 रन से जीता था। यह समझ से परे है कि पिछले एक महीने से कड़े बायो बबल में रह रहे क्रुणाल पॉजिटिव कैसे हो गए। इससे पृथ्वी साव और सूर्यकुमार यादव की रवानगी पर भी असर पड़ सकता है जिन्हें इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए रवाना होना है। तीसरा और आखिरी टी-20 मैच गुरुवार को खेला जाएगा।

# भारतीय महिला हॉकी टीम को ब्रिटेन के खिलाफ मौके बनाने और भुनाने होंगे

एजेंसी। टोक्यो

अब तक निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम को यदि टोक्यो ओलंपिक के अगले मैच में बुधवार को यहां मौजूदा चैंपियन ब्रिटेन को हराना है तो उसे मौके बनाने होंगे और उन्हें अच्छी तरह से भुनाना होगा। विश्व में नंबर एक नीदरलैंड से 1-5 की करारी हार झेलने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पूल ए के अपने अगले मैच में तीसरे नंबर के जर्मनी के खिलाफ अपने खेल में कुछ सुधार किया, लेकिन फिर भी उन्हें 0-2 से हार झेलनी पड़ी।

भारत ने जर्मनी के खिलाफ गोल करने के मौके बनाए, लेकिन अग्रिम पंक्ति में पैनापन नहीं दिखा। एक अवसर पर वंदना कटारिया का शॉट गोलपोस्ट से भी टकराया था। टीम को सबसे अधिक नुकसान पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल नहीं कर पाने से हुआ था। जर्मनी के खिलाफ प्रदर्शन से रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम की थोड़ी उम्मीदें बंधी होंगी क्योंकि उसने आखिर तक अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दी। पहले दोनों मैच गंवाने से भारतीय महिला छह टीमों के पूल एक में सबसे निचले स्थान पर है।



## क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती है भारतीय टीम

विश्व में 11वें नंबर का भारत अब भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकता है लेकिन इसके लिए उसे सातवें नंबर के आयरलैंड और 16वें नंबर के दक्षिण अफ्रीका को हराना होगा। भारतीय टीम यदि अपनी क्षमता से खेलती है और मौकों को भुनाती है, तो वह विश्व में पांचवें नंबर के ग्रेट ब्रिटेन को भी हरा सकती है जिसका प्रदर्शन अभी तक मौजूदा चैंपियन जैसा नहीं रहा। उसने दो मैचों में एक जीता है तो एक में उसे हार मिली। ब्रिटेन की टीम जर्मनी से 1-2 से हार गई थी लेकिन उसने दक्षिण अफ्रीका को 4-1 से पराजित किया था।

नीदरलैंड शीर्ष पर है। उसके बाद जर्मनी, ब्रिटेन, आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका का नंबर आता है। आयरलैंड ने दो मैचों में एक जीत दर्ज की है। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने दोनों मैच गंवाए हैं, लेकिन अफ्रीकी टीम गोल अंतर में आगे है। अभी प्रत्येक टीम के तीन तीन मैच बचे हैं। प्रत्येक पूल से चार टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। भारतीय कोच सोर्ड मारिन ने भी माना कि टीम में सुधार हुआ है, लेकिन उन्होंने कहा कि यदि टीम को क्वार्टर फाइनल में जगह बनानी है तो इसे जारी रखना होगा। उन्होंने कहा, हमने सोमवार को (जर्मनी के खिलाफ) अपने पिछले मैच की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया। प्रत्येक मैच से खेल में सुधार हुआ और हम इसी पर ध्यान दे रहे हैं। मारिन ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम पेनल्टी स्ट्रोक चूक गए, लेकिन मुझे खुशी है कि हमने गोल करने के कई मौके बनाए, जो कि सकारात्मक संकेत है। हमने जर्मनी को दबाव में रखा।



# कब तक मिलेगी सामूहिक प्रतिरक्षा

## तीन कारणों से यह है एक मुश्किल सवाल

जूली लीस्क, सिडनी विवि के प्रोफेसर, और जेम्स वुड, पब्लिक हेल्थ एकेडमिक, यूएनएसडब्ल्यू

**सामूहिक प्रतिरक्षा तब होती है जब किसी आबादी में रोग के चल रहे संचरण के मार्ग को अवरुद्ध करने के लिए प्रतिरक्षा काफी अधिक होती है। टीकाकरण हममें से प्रत्येक को बीमारी से प्रत्यक्ष सुरक्षा प्रदान करता है, सामूहिक प्रतिरक्षा होने पर बीमारी का संचरण बाधित हो जाता है और इससे उन लोगों को भी लाभ होता है, जिन्होंने वैक्सीन नहीं लिया है।**

कोविड-19 को नियंत्रित करने की कोशिशों के बीच, बहुत से लोग यह जानने के इच्छुक हैं कि सामूहिक प्रतिरक्षा तक पहुंचने के लिए जनसंख्या के किस अनुपात में टीकाकरण की आवश्यकता होगी। यह एक वाजिब सवाल है। लोग पूछ रहे हैं क्योंकि वे जानना चाहते हैं कि वह लॉकडाउन का अंत कब देखेंगे। जब वे विदेशों में अपने प्रियजनों के साथ फिर से मिल सकेंगे। जब उनके व्यवसाय अधिक सुरक्षित होंगे। जब सुर्खियों में कोविड-19 का बोलबाला नहीं रहेगा। अभी विशेषज्ञ इस कोशिश में हैं कि उस संख्या और सुरक्षा के दायरे का अनुमान लगाया जाए, जो विभिन्न परिदृश्यों को देखते हुए टीकाकरण कवरेज के विभिन्न स्तर हमें देंगे। हम इस सप्ताह की शुरुआत में डोहर्टी संस्थान से इस कोशिश के परिणाम देखने की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि हर्ड इम्युनिटी या सामूहिक प्रतिरक्षा के लिए कोई एक जादुई संख्या बताना मुश्किल है।

### एक बार फिर समझते हैं कि झुंड प्रतिरक्षा क्या है?

यह समझने के लिए कि विशेषज्ञ अक्सर कोविड-19 के खिलाफ सामूहिक प्रतिरक्षा तक पहुंचने के लिए आवश्यक एकल टीकाकरण के आंकड़े को इंगित करने से क्यों बचते हैं, आइए पहले अवधारणा को फिर से देखें।

सामूहिक प्रतिरक्षा तब होती है जब किसी आबादी में रोग के चल रहे संचरण के मार्ग को अवरुद्ध करने के लिए प्रतिरक्षा काफी अधिक होती है। टीकाकरण हममें से प्रत्येक को बीमारी से प्रत्यक्ष सुरक्षा प्रदान करता है, सामूहिक प्रतिरक्षा होने पर बीमारी का संचरण बाधित हो जाता है और इससे उन लोगों को भी लाभ होता है, जिन्होंने वैक्सीन नहीं लिया है। हर्ड इम्युनिटी (झुंड प्रतिरक्षा) के लिए अलग-अलग बीमारियों की अलग-अलग सीमा होती है। उदाहरण के लिए, खसरे में हर्ड इम्युनिटी हासिल करने के लिए 92 फीसद-94 फीसद प्रतिरोध जरूरी है। कोविड-19 के अनुमान अलग-अलग हैं, कुछ ने इसे 85 फीसद या इससे अधिक रखा है। हालांकि, कई लोग एक संख्या बताने से हिचकिचाते हैं। यहां इसके तीन कारण बताए गए हैं।

### टीकों और खुद बीमारी में बदलाव

01

जब सार्स-कोव-2 (वायरस जो कोविड-19 का कारण बनता है) की संक्रामकता इतनी परिवर्तनशील बनी रहती है, तो सामूहिक प्रतिरक्षा के लिए एक संख्या का अनुमान लगाना मुश्किल है। हम आरओ, या बीमारी के बढ़ने की रफ्तार- एक मामले से संक्रमित लोगों की औसत संख्या जहां कोई नियंत्रण उपाय नहीं हैं, को देखकर किसी बीमारी की संक्रामकता को समझते हैं। सार्स-कोव-2 के पैतृक उपभेदों में 2-3 का आरओ होता है, लेकिन डेल्टा का संक्रमण इससे दोगुना ज्यादा है, आरओ 4-6 के आसपास।

टीके का प्रकार, दी गई खुराक (एक या दोनों), और टीके विभिन्न प्रकारों को कितनी अच्छी तरह से कवर करते हैं, सभी कारक हैं। ब्रिटेन के अनुमानों से पता चलता है कि फाइजर वैक्सीन की दो खुराक अल्फा संस्करण के साथ लक्षण वाली बीमारी के खिलाफ 85 फीसद और 95 फीसद के बीच प्रभावी हैं, जबकि एस्ट्राजेनेका की दो खुराक 70 फीसद से 85 फीसद प्रभावी हैं। कुल मिलाकर वैक्सीन प्रभावशीलता डेल्टा संस्करण के साथ लगभग दस प्रतिशत तक गिरती प्रतीत होती है। वैक्सीन की प्रभावशीलता जितनी कम होगी, कोविड को नियंत्रित करने के लिए हमें जितनी कवरेज की जरूरत है उसका स्तर उतना ही अधिक होगा।

### हम अभी तक पूरी आबादी को कवर नहीं कर सकते हैं

02

फाइजर वैक्सीन को अब ऑस्ट्रेलिया में 12-15 साल के बच्चों के लिए अस्थाई रूप से मंजूरी दे दी गई है। यदि इस आयु वर्ग के लिए नियमित रूप से इसकी सिफारिश की जाती है, तब भी उन्हें टीका लगाने में समय लगेगा। एक बार ऐसा होने पर भी, छोटे बच्चों के बीच हमारी जनसंख्या सुरक्षा में अंतर बना रहेगा। बच्चों को वयस्क टीकाकरण से कुछ हद तक लाभ होना चाहिए। इंग्लैंड में, जहां कुल 48.5 फीसद लोगों को दो खुराक के साथ पूरी वैक्सीन मिल चुकी है, शुरू में दस साल से कम उम्र के बच्चों के लिए संक्रमण में गिरावट आई थी। यह आंशिक रूप से वयस्कों द्वारा दी जाने वाली अप्रत्यक्ष सुरक्षा के कारण है।

### जनसंख्या प्रतिरक्षा समय और स्थान के हिसाब से अलग-अलग होगी

03

ऐसी सही सीमा शायद ही कभी मिल पाएगी, जिसके बाद सब कुछ अच्छे के लिए बदल जाता है। व्यक्तियों में वैक्सीन सुरक्षा समय के साथ कम होने की आशंका है। इसके और नए रूपों के आने के साथ, हमें निश्चित रूप से कोविड-19 के खिलाफ जनसंख्या प्रतिरक्षा को बनाए रखने के लिए बूस्टर की आवश्यकता होगी। इन्फ्लूएंजा टीकाकरण के साथ, हम शायद ही कभी सामूहिक प्रतिरक्षा के बारे में बात करते हैं, क्योंकि सुरक्षा की अवधि इतनी कम है। अगले फ्लू सीजन तक, मौजूदा सीजन के टीके से प्रतिरक्षा नवीनतम वायरल स्ट्रेन के विरुद्ध बहुत कम प्रभावी होगी। मोटे तौर पर, सुरक्षा सभी इलाकों और जनसांख्यिकी में भिन्न हो सकती है। यहां तक कि ऐसे देश में जहां खसरे के खिलाफ टीकाकरण कवरेज जरूरी सामूहिक प्रतिरक्षा सीमा तक पहुंच गया है, आप कम कवरेज वाले इलाकों में बच्चों में बीमारी के छोटे प्रकोप देख सकते हैं, या जहां किशोरों और वयस्कों के एक समूह का बच्चों के रूप में पर्याप्त टीकाकरण नहीं किया गया था। झुंड प्रतिरक्षा प्राप्त करने की क्षमता जनसंख्या घनत्व से भी प्रभावित होती है और आबादी में कितने लोग विभिन्न प्रकार के लोगों के साथ मिलते हैं, जिसे मिश्रण की विषमता कहा जाता है।



**जीवन धीरे-धीरे बदल जाएगा क्योंकि अधिक लोगों को टीका लगाया जाएगा:** इन कारकों को देखते हुए, यह समझ में आता है कि विशेषज्ञ अक्सर सामूहिक प्रतिरक्षा के लिए एक ही आंकड़ा देने से क्यों बचते हैं। डेल्टा की संक्रामकता के साथ, हमें बहुत अधिक टीकाकरण दरों की आवश्यकता होगी। फिर, जीवन अलग दिखाई देगा, खासकर जब यह विश्व स्तर पर होता है। ऑस्ट्रेलिया अपनी सीमा प्रतिबंधों में ढील देने में सक्षम होगा। हम संभावित रूप से उन लोगों के लिए पृथकवास के संशोधित रूप देखेंगे, जैसे कि होम क्वारंटाइन, जिन्हें पूरी तरह से टीका लगाया गया है। कोविड का प्रकोप होगा, लेकिन वे कम जोखिम वाले होंगे, कम लोगों को गंभीर बीमारी की आशंका होगी। शहर या राज्य-व्यापी प्रकोपों के स्थान पर स्थानीय प्रकोप होंगे। हमें अभी भी तेजी से संपर्क ट्रेसिंग और अलगाव जैसे अच्छे सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की आवश्यकता होगी। रैपिड परीक्षणों का अधिक बार उपयोग किया जा सकता है। नए उपचार मिल सकते हैं। हर समय, हमें वैश्विक वैक्सीन कवरेज के बारे में उतना ही चिंतित रहने की आवश्यकता है जितना कि हम राष्ट्रीय कवरेज के बारे में हैं। क्योंकि सभी लोगों को, कोविड-19 से सुरक्षित होने का अधिकार है। और जैसा कि हमने वैश्विक नेताओं से सुना है, हम में से कोई भी तब तक सुरक्षित नहीं होगा जब तक कि सभी सुरक्षित न हों।

# सार्कोमा कैंसर घबराएं नहीं करवाएं इलाज

आज हम इतने अधिक बिजी हैं कि खुद का ध्यान ही नहीं रख पाते हैं। ऐसे में अनजाने में अनेक बीमारियों की गिरफ्त में आते हैं। फिर चाहे बात हो उसमें कैंसर जैसी घातक बीमारी की हो। बता दें कि दुनिया भर में वर्ष 2020 में 10 मिलियन के करीब लोगों की मृत्यु का कारण विभिन्न तरह के कैंसर हैं। क्योंकि हम खुद का ध्यान नहीं रखने के कारण शुरुआती लक्षणों को इग्नोर जो कर देते हैं और जब स्थिति हमारे हाथ से निकल जाती है तब तक जान पर आ बनती है। आपको बता दें कि सार्कोमा कैंसर भले ही आम नहीं है, लेकिन ये तेजी से बढ़ने वाला कैंसर है। इसलिए समय रहते इसके लक्षणों को पहचान कर इलाज करवाने की जरूरत होती है।

> **सोफ्ट टिश्यू सार्कोमा एक प्रकार का कैंसर है, जो शरीर के चारों और मौजूद टिश्यू में हो जाता है। इसमें मांसपेशियों, वसा, रक्त वाहिकाओं, तंत्रिकाओं के साथ-साथ जोइंट्स भी शामिल होते हैं।**



### क्या है सार्कोमा कैंसर

सोफ्ट टिश्यू सार्कोमा एक प्रकार का कैंसर है, जो शरीर के चारों और मौजूद टिश्यू में हो जाता है। इसमें मांसपेशियों, वसा, रक्त वाहिकाओं, तंत्रिकाओं के साथसाथ जोइंट्स भी शामिल होते हैं। वयस्कों की तुलना में इस बीमारी की चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे व उसके बाद युवा आते हैं। और ये कैंसर तब और अधिक घातक हो जाता है, जब ये अंगों में फैलना शुरू हो जाता है। इसलिए इसके लक्षण नजर आते ही तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए, वरना ये जानलेवा भी साबित हो सकता है।

### कब होता है

वैसे तो इसके किसी खास कारण के बारे में नहीं पता है, लेकिन ये आमतौर पर तब होता है, जब कोशिकाएं डीएनए के भीतर विकसित होने लगती हैं।

### कैसे पहचाने

- हड्डियों में दर्द होना, खासकर के रात के समय, जिसके कारण सोने में दिक्कत महसूस होना।
- सूजन के साथ बड़े आकार की गांठ बनने लगती है, जो तेजी से बढ़ती जाती है।
- चलते समय सामान्य से गिरने या जख्म के कारण हड्डी का टूटना।
- पेशाब के साथ कई बार ब्लड का आना।
- पेट में बहुत तेज दर्द होना।
- उल्टी जैसी फीलिंग होना।
- हड्डियों में दर्द होना।

अगर आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं, ताकि जरूरी जांच से बीमारी के बारे में पता लगाकर समय पर इलाज शुरू किया जा सके।

**हड्डियों के कैंसर के प्रकार**

- ओस्टोओसाकोमा
- इविंगज सार्कोमा
- कोंड्रोसार्कोमा
- एडमोंटीनोमा

**हड्डियों के कैंसर के निदान के लिए कौन से टेस्ट्स-**

- एक्सरे (प्लेन रेडियोग्राफ )
- ब्लड टेस्ट्स
- एमआरआई या सिटी स्कैन
- बायोसपी
- होल बॉडी स्कैन.

### कौन-कौन से उपचार उपलब्ध हैं

सबसे पहले कैंसर की स्टेज व कैंसर के टाइप को देखकर डॉक्टरों की टीम इलाज शुरू करती है। इसके उपचार के लिए कीमोथेरेपी, सर्जरी या रेडियोथेरेपी का सहारा लिया जाता है। बता दें कि 10 प्रतिशत से अधिक हड्डियों के कैंसर के मामले में लिम्ब सालवेज सर्जरी से उपचार किया जाता है। इससे अवयव यानि अंग बच सके। वहीं बाकि उपायों से भी उस गांठ को निकाला जाता है। ताकि व्यक्ति फिर से सामान्य जीवन जी सके।



**सर्जरी या ट्रीटमेंट के दौरान, इन बातों का रखें खयाल**

नियमित जांच के साथ हर 3-6 महीने के अंतराल में स्कैन।

अपनी डाइट का खास खयाल रखना।

डॉक्टर द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना।

कोई भी लक्षण दिखाई देने पर डाक्टर से संपर्क करना।

दवाओं को सही समय पर लेना।

शरीर पर भार पड़ने वाली किसी भी एक्टिविटी से थोड़े समय तक दूरी बना कर रखना।

ट्रीटमेंट के दौरान या सर्जरी के बाद बिना पूछे किसी भी दवा का सेवन नहीं करना।



**विटामिन-डी की कमी मैटाबोलिक सिंड्रोम, हृदय रोगों और प्रजनन क्षमता से जुड़ी हुई है। भारत में धूप की कोई कमी नहीं होती, फिर भी लगभग 65 से 70 प्रतिशत भारतीय लोगों में विटामिन डी की कमी है।**

# विटामिन-डी की कमी से हो सकती है भूलने की बीमारी


**विटामिन-डी** हमारे शरीर के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यह हमारे शरीर की लगभग सभी कोशिकाओं को प्रभावित करने का काम करता है। यह कैल्शियम के अवशोषण, दिल, मस्तिष्क, प्रतिरक्षा तंत्र और हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए बेहद ही आवश्यक है। इतना ही नहीं एक अध्ययनों में साबित हो चुका है कि विटामिन-डी से हृदय रोग, स्कलेरोसिस और यहां तक कि गठिया जैसे रोगों के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ विटामिन-डी की कमी से डिमेंशिया या मनोभ्रंश होने का जोखिम 122 प्रतिशत अधिक बढ़ सकता है। अध्ययन के अनुसार, विटामिन-डी की कमी मैटाबोलिक सिंड्रोम, हृदय रोगों और प्रजनन क्षमता से जुड़ी हुई है। भारत में धूप की कोई कमी नहीं होती, फिर भी लगभग 65 से 70 प्रतिशत भारतीय लोगों में विटामिन-डी की कमी पाई गई।

विटामिन-डी की कमी के कई कारण हैं। कई बार सामाजिक कारणों से व्यक्ति धूप में कम निकलता है। भारत में प्रचुर मात्रा में धूप उपलब्ध रहती है, फिर भी बहुत से लोग अनजान हैं कि उन्हें विटामिन-डी की कमी हो सकती है। वर्तमान में विटामिन-डी का मंत्र यह है कि एक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम 40 दिन 40 मिनट रोज सूर्य की रोशनी में रहना चाहिए। इसका सही लाभ तब मिलता है जब शरीर का कम से कम 40 प्रतिशत हिस्सा सूर्य की रोशनी के संपर्क में आए।

### विटामिन-डी के स्त्रोत

विटामिन-डी 2 एर्गोकैल्सीफेराल हमें खाद्य पदार्थों से मिलता है, जबकि विटामिन-डी 3 कोलेकैल्सीफेराल सूर्य की रोशनी पड़ने पर हमारे शरीर में उत्पन्न होता है। दोनों विटामिन हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डी 2 भोजन से प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन डी 3 का उत्पादन सूर्य के प्रकाश में ही होता है।

**मशरूम:** मशरूम विटामिन डी 3 के साथ-साथ विटामिन बी के भी शानदार स्त्रोत हैं। इनमें कम कैलोरी होती है।




**सूरजमुखी के बीज:** इनमें न केवल विटामिन-डी 3, बल्कि मोनोअनसैचुरेटेड वसा और प्रोटीन भी भरपूर होता है।

**काड लिवर आयल :** यह तेल सेहत के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। इससे जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद मिलती है और इसे कैप्सूल या तेल के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।